@Qpatrika | @qaumipatrika hindi | instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

रविवार, 23 नवम्बर 2025

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 19 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

# दिल्ली में 25 नवंबर को स्कूल-कॉलेज-दफ्तर सब बंद: सरकारी छुट्टी क्यों? CM रेखा गुप्ता ने बताई वजह

**एजेंसी नई दिल्ली।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने 25 नवंबर 2025 को श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का ऐलान किया. दिल्ली सरकार का कहना है कि यह दिन केवल श्रद्धांजलि का नहीं बल्कि उनके अद्वितीय साहस, मानवता, धार्मिक स्वतंत्रता और सरब धर्म स्वतंत्रता के संदेश को याद करने का अवसर है. आदेश जारी होते ही दिल्ली के सभी स्कूल-कॉलेज, सरकारी दफ्तर और कई संस्थानों में छुट्टी लागू हो गई है.

**क्या बोलीं सीएम रेखा गुप्ता?**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पर लिखा, 'दिल्ली सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी दिवस के पावन अवसर पर 25 नवंबर 2025 को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का निर्णय लिया है. गुरु साहिब के साहस, करुणा और धार्मिक स्वतंत्रता के संदेश हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे.'

**दिल्ली की राजनीति में सिखों की बड़ी भूमिका**

दिल्ली में सिख आबादी लगभग 3.4त्न है. दिल्?ली की राजनीति में सिखों का प्रभावन काफी व्?यापक और सकारात्?मक है. पश्चिम दिल्ली, तिलक नगर, राजौरी गार्डन, हरिनगर, जनकपुरी और दिल्ली कैंट जैसे इलाकों में सिख समाज बड़ी संख्या



में रहता है. यहां सिख मतदाताओं की मजबूत मौजूदगी चुनावी हिसाबङ्क्षकिताब बदल सकती है. यही वजह है कि चाहे लोकसभा चुनाव हों या विधानसभा, सभी पार्टियां सिख समुदाय को साधने की कोशिश करती हैं. धार्मिक आयोजनों, अवकाश घोषणाओं और सिख प्रतीकों पर फैसले भी उसी राजनीतिक संवेदनशीलता को दर्शाते हैं.

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने 25 नवंबर 2025 को श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया. आदेश के साथ ही दिल्ली के सभी स्कूल, कॉलेज और सरकारी दफ्तरों में छुट्टी लागू हो गई. सीएम ने कहा कि यह दिन गुरु साहिब के साहस, करुणा और धार्मिक स्वतंत्रता के संदेश को नमन करने का अवसर है.

## बहादुरी, समर्पण और राष्ट्रप्रेम को हमेशा याद रखा जाएगा: वायुसेना

नई दिल्ली। एक दिन पहले दुबई एयर शो में भारतीय वायुसेना के तेजस विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले विंग कमांडर नामांश स्याल को श्रद्धांजलि अर्पित की है। भारतीय वायुसेना ने एक्स पर एक पोस्ट में





लिखा- विंग कमांडर नामांश स्याल के निधन से वह बेहद व्यथित है। दुबई एयर शो में तेजस लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से उनकी जान चली गई। वह एक बेहतरीन लड़ाकू पायलट थे, जिनकी पहचान अनुशासन, साहस और कर्तव्यनिष्ठा के लिए होती थी। वायुसेना के अनुसार, विंग कमांडर स्याल ने हमेशा पूरी निष्ठा और उत्कृष्ट कौशल के साथ देश की सेवा की। उनके व्यवहार में गरिमा थी और उनके साथ काम करने वाले उन्हें बेहद सम्मान की नजर से देखते थे। दुबई में हुए उनके अंतिम सम्मान समारोह में यूएई के अधिकारी, भारतीय दूतावास के प्रतिनिधि, उनके साथी पायलट, मित्र और कई अन्य लोग मौजूद रहे। हर चेहरे पर शोक था, लेकिन गर्व भी, क्योंकि उन्होंने अपना जीवन देश की सेवा में लगाया। भारतीय वायुसेना ने कहा कि इस कठिन समय में वह उनके परिवार के साथ खड़ी है। वायुसेना ने वादा किया है कि विंग कमांडर स्याल की बहादुरी, समर्पण और राष्ट्र के प्रति प्रेम को हमेशा याद रखा जाएगा।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने किया भारतीय कला महोत्सव 2025 का उद्घाटन

कौमी पत्रिका
**सिम्मी कौर बब्बर**

हैदराबाद। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को हैदराबाद में भारतीय कला महोत्सव के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने भरोसा जताया कि इस कार्यक्रम से पश्चिमी भारत की सांस्कृतिक विरासत की समझ को बढ़ावा देगा। राष्ट्रपति निलयम में हुए इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि कि भारतीय कला महोत्सव के पहले संस्करण में बीते साल प्रतिभागियों को उत्तर भारत के राज्यों की सांस्कृतिक विरासत को जानने का मौका मिला था। उन्होंने कहा कि जो इस नौ दिनों के कार्यक्रम में शामिल होंगे, वे सभी हस्तकला, संगीत, नृत्य, साहित्य के साथ गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, गोवा, दमन और दीव, दादरा और नगर हवेली के भोजन से रूबरू होंगे।हस्तशिल्प कलाकारों से बातचीत करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि उनके उत्पाद एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक आने वाले कौशल का सबसे बढ़िया उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है, जब लोग यहां आएंगे और अलग-अलग राज्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को देखेंगे तो उन्हें अनुभव होगा कि भारत की कला और परंपरा कितने महान हैं।उन्होंने कहा कि देशवासी, खासकर युवा अपनी सभ्यता और परंपराओं को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार इसके लिए कई कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन के साथ शिमला, हैदराबाद और देहरादून के राष्ट्रपति निवास लोगों के लिए खुले हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं कि ज्यादा से ज्यादा लोग इन जगहों पर जाएं और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और इतिहास से परिचित हों। उन्होंने कहा, मैं राष्ट्रपति भवन को जनता का भवन मानती हूं। यह राष्ट्र का भवन है। इसी सोच के साथ राष्ट्रपति भवन को आम नागरिकों से जोड़ने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति भवन में इस वर्ष मार्च में दक्षिणी राज्यों पर केंद्रित %विविधता का अमृत



महोत्सव% का दूसरा संस्करण आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन देश के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले देशवासियों को एक-दूसरे को समझने में सक्षम बनाएंगे।

JOIN THE INDIAN AIR FORCE

DISHA INDIAN AIR FORCE

For Technical Branch aspirants: Aeronautical Engineering (Mechanical) & (Electronics)

*An aspirant can join the Aeronautical Engineering branch of the Indian Air Force through any one of the following:*

JOIN THE TECHNICAL BRANCH OF THE IAF

AIR FORCE COMMON ADMISSION TEST (AFCAT) 01/2026

Nationality: Indian
Gender: Men and Women
Marital Status: Unmarried

Age Limit:
20 to 26 years as on date of commencement of training.

EDUCATIONAL QUALIFICATIONS

AERONAUTICAL ENGINEER (ELECTRONICS) {AE(L)}

Candidates with a minimum of 50% marks each in Physics and Mathematics at 10+2 level, MSc Electronics with a minimum of 50% marks with BSc in Physics with a minimum of 60% OR a minimum of four years degree graduation/integrated post-graduation qualification in Engineering/ Technology from recognized University OR cleared Sections A and B examination of Associate Membership of Institution of Engineers (India) or Aeronautical Society of India or Graduate membership examination of the Institution of Electronics and Telecommunication Engineers by actual studies with a minimum of 60% marks or equivalent in the following disciplines: Advanced Computer Application, Artificial Intelligence (AI) and Data Science, Artificial Intelligence and Machine Learning, Computer and Communication Engineering, Computer Science and Applied Mathematics, Computer Engineering, Computer Engineering (Software Engineering), Computer Engineering and Application, Computer Science and Design, Computer Networking, Computer Science and Engineering, Cyber Physical Systems, Computer Science, Computer Science and Engineering (Internet of Things and Cyber Security Including Block Chain Technology), Computer Science and Technology, Robotics and AI, Computer Science and Engineering (Internet of Things), Computer Science and Information Technology, Computer Science and Engg. (AI & Machine Learning), Computer Science and Engineering (Cyber Security), Computer Science and Systems Engineering, Computer Science and Engineering (Networks), Computer Science and Engineering (Data Science), Computer Science and Engineering (AI), Computer Technology, Electrical and Computer Engineering, Electronics and Computer Science, Electronics and Computer Engineering, Mathematics and Computing, Software Engineering, Information and Communication Technology, Information Engineering, Information Science and Engineering, Information Science and Technology, Information Technology, Information Technology and Engineering, Electrical and Electronics (Power System), Electrical and Electronics Engineering, Electrical Power Engineering, Electrical and Instrumentation Engineering, Electrical, Electronics and Power Engineering, Electrical and Mechanical Engineering, Electrical and Power Engineering, Electrical Engineering, Electrical Engineering (Electronics and Power), Electrical Engineering Industrial Control, Electrical Instrumentation and Control Engineering, Electrical, Electronics and Power, Electronics and Electrical Engineering, Electronics and Power Engineering, Electronic Engineering, Electronic Science and Engineering, Electronics, Electronics and Control Systems, Electronics Engineering (VLSI Design and Technology), Electronics Design Technology, Electronics Instrument and Control, Electronics Engineering, Electronics System Engineering, Electronics Technology, Optics and Optoelectronics, Power Electronics, Power Electronics Engineering, Radio Physics and Electronics, Advanced Communication and Information System, Advanced Electronics and Communication Engineering, Applied Electronics and Communications, Electronics and Communication (Communication System Engineering), Communication Engineering, Electronics and Communication Technology, Electronics and Communication Engineering, Electronics and Communication Engineering (Industry Integrated), Electronics and Tele-Communication Engineering, Electronics and Telecommunications Engineering, Electronics and Telecommunication, Electronics and Telecommunication Engineering, Electronics and Communication Engineering (Microwaves), Electronics Communication and Instrumentation Engineering, Electronics and Telematics Engineering, Telecommunication Engineering, Applied Electronics and Instrumentation Engineering, Automation and Robotics, Automation Engineering, Electronic Instrumentation and Control Engineering, Electronics and Instrumentation Engineering, Electronics Instrumentation and Control Engineering, Power Electronics and Instrumentation Engineering, Instrument Technology, Instrumentation, Instrumentation and Control Engineering, Instrumentation and Electronics, Instrumentation Engineering, Instrumentation Technology, Robotics and Automation.

AERONAUTICAL ENGINEER (MECHANICAL) {AE(M)}

Candidates with a minimum of 50% marks each in Physics and Mathematics at 10+2 level and a minimum of four years degree graduation/integrated Post-graduation qualification in Engineering/Technology from a recognised University or cleared sections A and B examination of Associate Membership of Institution of Engineers (India) or Aeronautical Society of India by actual studies from a recognised University with a minimum of 60% marks or equivalent in disciplines including: Aero Space Engineering, Airline Management, Aeronautical Engineering, Mechanical Engineering (Industry Integrated), Mechanical Engineering (Automobile), Mechanical Engineering (Welding Technology), Mechanical and Mechatronics Engineering, Mechanical Engineering (Manufacturing Engineering), Mechanical Engineering, Mechanical Engineering Design, Mechanical Engineering (Repair and Maintenance), Power Engineering, Industrial and Production Engineering, Machine Engineering, Manufacturing Engineering, Manufacturing Engineering and Automation, Manufacturing Engineering and Technology, Manufacturing Process and Automation Engineering, Industrial Production Engineering, Manufacturing Science and Engineering, Manufacturing Technology, Mechanical Engineering (Production), Precision Manufacturing, Production and Industrial Engineering, Production Engineering, Automobile Engineering, Automotive Technology, Mechanical Engineering Automobile, Industrial Engineering, Mechanical and Automation Engineering, Mechanical and Mechatronics Engineering (Additive Manufacturing), Mechanical and Smart Manufacturing, Mechatronics, Mechatronics Engineering, Material Science and Technology, Metallurgical and Materials Engineering, Metallurgy and Material Technology, Advanced Mechatronics and Industrial, Automation.

Online test only for AFCAT entry for Ground Duty (Technical) and other branches
Registration dates ***changed from 10 Nov-09 Dec 2025 to 17 Nov-14 Dec 2025***
Aadhaar card is mandatory for online registration
For updates, follow us on

For more details refer to the Employment News dated 08 Nov 2025
To learn more about other branches and for detailed notifications and registration, please visit our official websites: careerairforce.gov.in and afcat.edcil.co.in.

'DISHA' Cell, Air Headquarters, Vayu Bhawan, Motilal Nehru Marg, New Delhi - 110106 Tel: 011-23013690 | Toll-free No.: 1800-11-2448 | E-mail: careeriniaf@gmail.com

cbc 10801/13/0022/2526

## ड्रग पार्टी मामले में अभिनेत्री श्रद्धा कपूर के भाई को एएनसी का समन्स

मुंबई (एजेंसी)। सोशल मीडिया इन्फलुएंसर ओरी के बाद अब बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर के भाई सिद्धांत कपूर को मुंबई पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स सेल (एएनसी) ने ड्रग पार्टी केस में समन्स भेजा है। सिद्धांत कपूर को इस केस में 25 नवंबर को पेश होने के लिए कहा गया है। ओरी, जो पहले समन्स भेजे जाने के बावजूद पेश नहीं हुए थे, उन्हें अब 26 नवंबर की नई तारीख दी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, दाऊद इब्राहिम के गैंग का एक खास सदस्य और भगोड़े ड्रग किंगपिन सलीम डोला का करीबी मोहम्मद सलीम मोहम्मद सुहैल शेख ने मुंबई और दुबई में रेव पार्टियां ऑर्गनाइज़ की थीं। मुंबई क्राइम ब्रांच की एंटी-नारकोटिक्स सेल के मुताबिक, इन पार्टियों में कथित तौर पर दाऊद इब्राहिम की मरहूम बहन हसीना पारकर का बेटा अलीशा, अभिनेत्री नोरा फतेही, श्रद्धा कपूर और उनके भाई सिद्धांत कपूर शामिल हुए थे। इन पार्टियों में शामिल होने वाले दूसरे लोगों में कुछ बड़े और खास लोग भी शामिल थे। मुंबई कोर्ट में पुलिस की तरफ से फाइल की गई रिमांड एप्लीकेशन में कहा गया है कि फिल्ममेकर अब्बास-मस्तान, रैपर लोका, ओरी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार) के नेता जीशान सिद्दीकी भी इन पार्टियों में कथित तौर पर मौजूद थे। मुंबई पुलिस की एएनसी इस हाई-प्रोफाइल पार्टी केस की जांच कर रही है।

## राहुल गांधी मामले की सुनवाई अब 18 दिसंबर को

वाराणसी (एजेंसी)। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से जुड़े एक मामले की सुनवाई वाराणसी कोर्ट में शुक्रवार को होनी थी, लेकिन उनके कोर्ट में उपस्थित नहीं होने के चलते तारीख आगे बढ़ा दी गई। अब इस मामले की सुनवाई 18 दिसंबर को होगी। इस मामले की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए यजुर्वेद विक्रम सिंह ने कहा, कि मामले की अगली सुनवाई (18 दिसंबर) पर राहुल गांधी या उनके वकील कोर्ट में पेश हों, ताकि सुनवाई हो सके। यहां बताते चलें कि राहुल गांधी द्वारा अमेरिका के न्यूयॉर्क में ब्राउन यूनिवर्सिटी में भगवान राम को कथित तौर पर काल्पनिक कहने के आरोप पर याचिका दायर की गई थी। इसे लेकर 12 मई को वकील हरिशंकर पांडेय ने पुनरीक्षण याचिका दाखिल की थी, जिसमें उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी ने 21 अप्रैल को अमेरिका के बोस्टन स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स के साथ हुए एक सेशन में विवादित बयान दिए। बताया जा रहा है कि इस मामले में कोर्ट में पहले याचिकाकर्ता की मेंटेनिबिलिटी यानी मानसिकता पर बहस होगी, इसके बाद ही तय हो पाएगा कि राहुल गांधी के खिलाफ मामला चलाया जाए या नहीं।

## तुर्की और चीन में बने हाई-टेक वेपन्स का बड़ा जखीरा दिल्ली पुलिस ने पकड़ा

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी करने वाले एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ कर दिया है। पुलिस ने गिरोह से जुड़े चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए आए अत्याधुनिक हथियारों की सप्लाई कुख्यात गैंगस्टरों तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे। इन हथियारों की खेप पंजाब के रास्ते भारत लाई गई थी और इन हथियारों को लॉरेंश बिश्नोई, बमबीहा, गोगी और हिमांशु भाऊ गैंग तक सप्लाई होना था। बरामद हथियारों में तुर्की और चीन में बने हाई-टेक वेपन्स शामिल हैं। क्राइम ब्रांच को इनपुट मिला था कि कुछ तस्कर दिल्ली में हथियारों की बड़ी सप्लाई करने पहुंचने वाले हैं। इसके बाद रोहिणी इलाके में जाल बिछाकर इन आरोपियों को पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में आधुनिक हथियार बरामद किए हैं और पूरे नेटवर्क की जांच जारी है। गिरफ्तार किए गए आरोपी पंजाब और यूपी निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि हथियारों की यह बड़ी खेप दिल्ली के रोहिणी इलाके से बरामद की गई। कुछ तस्कर राजधानी में हथियारों की सप्लाई करने वाले हैं। इसके बाद टीम ने मौके पर ट्रैप लगाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## उप-मुख्यमंत्री सचिव के नाम का दुरुपयोग, एमएलसी को भेजा धमकी भरा पत्र

पटना (एजेंसी)। पटना में राजनीतिक हलकों में हड़कंप मच गया है। उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निजी सचिव रणवीर बरियार के नाम का दुरुपयोग कर एक धमकी भरा और अभद्र टिप्पणी वाला पत्र एमएलसी नीरज कुमार को भेजा गया। पत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा गया था, जिससे मामला और गंभीर बन गया। पत्र की जानकारी मिलने पर निजी सचिव ने सचिवालय थाना में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने पत्र के स्रोत और सामग्री की जांच शुरू कर दी है। जांच में पता चला कि यह पत्र कर्नाटक के मैसूर से भेजा गया था। इसमें निजी सचिव का नाम और पदनाम इस्तेमाल किया गया, जिसका उद्देश्य राजनीतिक भ्रम और डर फैलाना था। पुलिस का मानना है कि यह कार्य किसी विरोधी तत्व या दुर्भावनाशील व्यक्ति का हो सकता है। यह सिर्फ अभद्र टिप्पणी नहीं, बल्कि उच्च पदस्थ अधिकारी के नाम पर जनप्रतिनिधि को धमकाने का गंभीर प्रयास माना जा रहा है। इस घटना ने राजधानी पटना में प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में चिंता बढ़ा दी है।

## दिल्ली पुलिस ने अपने साइ-हाक ऑपरेशन में बड़ी संख्या में स्कैमर्स को पकड़ा

नई दिल्ली (एजेंसी)। म्यूल अकाउंट के जरिए दिल्ली से ऑपरेट हो रहे साइबर सिंडिकेट में दिल्ली पुलिस ने अपने साइ-हाक ऑपरेशन में बड़ी संख्या में स्कैमर्स को पकड़ा है। दिल्ली पुलिस इस बारे में बड़ा खुलासा करने वाली है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आई4सी की मदद से दो दिन तक चले ऑपरेशन में सभी जिलों में स्थित साइबर थानों को शामिल किया गया था। यह ऑपरेशन खत्म हुआ है। सूत्रों ने बताया कि इस पूरे ऑपरेशन में दिल्ली व बाकी दूसरे इलाकों से 700 से अधिक साइबर क्रिमिनल पकड़े हैं। इन सभी से पूछताछ जारी थी। वहीं, पुलिस साइ-हाक ऑपरेशन की फाइनल फिगर जुटाने में लगी थी। सूत्रों ने बताया कि यह संख्या 1000 तक पहुंच सकती है। ऑपरेशन के पहले ही दिन ही 12 घंटों के भीतर 350 से अधिक संदिग्ध को हिरासत में लिया जा चुका था। साइबर क्राइम से जुड़ी शिकायतों पर तुरंत एफआईआर भी दर्ज की जा रही है। डिस्ट्रिक्ट स्तर पर सभी डीसीपी ऑपरेशन को लीड कर रहे हैं। करीब 180 थाने, 15 जिलों के सभी साइबर थाने, क्राइम ब्रांच की साइबर टीम और स्पेशल सेल की आईएफएसओ यूनिट टीमें इस अभियान का हिस्सा बनी है।

# केंद्रीय मंत्री शेखावत ने एसआईआर प्रक्रिया पर विपक्ष को घेरा, कांग्रेस पर साधा निशाना



**जोधपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस के सवालों पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग संवैधानिक अधिकारों के तहत निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए यह कार्य कर रहा है। जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में शेखावत ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची का समय-समय पर पुनरीक्षण चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के अंतर्गत आयोग यह प्रक्रिया पूरी कर रहा है। देश में कई बार मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण हो चुका है, जो चुनावों की शुचिता बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह पार्टी हमेशा से राजनीतिक स्वार्थ में लिप्त रही है। उन्होंने महाराष्ट्र चुनाव के बाद कांग्रेस नेताओं द्वारा मतदाता सूचियों में गड़बड़ी के आरोपों का जिक्र किया। शेखावत ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, कांग्रेस और उसके मुखिया कभी हाइड्रोजन बम तो कभी एटम बम जैसे दावे करते रहे। अब एसआईआर प्रक्रिया शुरू होते ही वे इस पर राजनीति कर रहे हैं। लेकिन बिहार चुनाव में जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि बांटने, तोड़ने और दुर्व्यवहार की राजनीति अब नहीं चलेगी। देश सिर्फ विकास और विकसित भारत की दिशा में प्रेरित राजनीति को स्वीकार करेगा। उन्होंने आगे कहा कि कई राज्यों में अभी चुनाव बाकी हैं और बंगाल जैसे राज्यों में जनता फिर से अपना फैसला सुनाएगी। एसआईआर प्रक्रिया पर उठे सवालों का जवाब देते हुए शेखावत ने बताया कि यह चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में लागू की जाएगी। फिलहाल 12 राज्यों में यह प्रक्रिया चल रही है और इनके पूरा होने के बाद अन्य राज्यों में शुरू होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि एसआईआर से मतदाता सूचियों की सटीकता बढ़ेगी, जो लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है।

कांग्रेस की आलोचना में शेखावत ने पार्टी के इतिहास को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने अपने अस्तित्व से लेकर अब तक हर कदम राजनीति और सत्ता से प्रेरित रखा। यहां तक कि वंदे मातरम जैसे राष्ट्रीय गीत को भी सत्ता और कुर्सी के लिए बांटने का पाप किया। इसी सोच ने देश के विभाजन की नींव रखी। कांग्रेस ने जीवन भर बांटने और तोड़ने की राजनीति की। राजनीतिक स्वार्थ को सर्वोपरि रखते हुए सभी निर्णय लिए। अब भी वे कुछ अलग सोच सकती हैं, इसकी संभावना नहीं लगती। केंद्रीय मंत्री ने विपक्ष को चेतावनी देते हुए कहा कि जनता अब ऐसी विभाजनकारी राजनीति को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने विकास की राजनीति पर जोर दिया और कहा कि मोदी सरकार का फोकस देश को एकजुट रखते हुए आगे बढ़ाना है। एसआईआर जैसी प्रक्रियाएं इसी दिशा में उठाए गए कदम हैं, जो चुनावी प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाएंगी। शेखावत की यह टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब विपक्ष एसआईआर को लेकर सवाल उठा रहा है, लेकिन मंत्री ने इसे राजनीतिक दांव-पेच करार दिया। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता सच्चाई समझती है और विकास के पथ पर साथ देगी।

## गोवा जिला पंचायत चुनाव : आप सभी सीटों पर लड़ेगी चुनाव

AAP Aam Aadmi Party

**पणजी (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी ने गोवा जिला पंचायत चुनावों के लिए 22 उम्मीदवारों की घोषणा की है और सभी 50 सीटों पर पूरी ताकत से चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। यह कदम दिखाता है कि आप गोवा के गांवों, कस्बों और स्थानीय निकायों को सक्रिय और मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। आप ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी संगठनात्मक पकड़ को बढ़ाया है और चुनाव जीतने की क्षमता वाली ठोस संरचना में बदल दिया है। घोषित सूची आप की साफ-सुथरी राजनीति, पारदर्शिता और जनसेवा की पहचान को दिखाती है। इसमें युवाओं, महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और अलग-अलग समुदायों के प्रतिनिधियों का संतुलित और समावेशी मिश्रण है। गोवा की जनता पानी, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य और पारदर्शी प्रशासन की मांग को लेकर आप की तरफ देख रही है, और यह घोषणा उसी भरोसे की पुष्टि करती है। खबर के अनुसार, गोवा में बीजेपी सरकार के प्रति जनता की नाराज़गी बढ़ती दिख रही है। विकास के दावे केवल सोशल मीडिया तक सीमित हैं, जबकि पंचायतों की शक्तियों को लगातार कमजोर किया गया है। ग्रामीण इलाकों में महंगाई, रोजगार की कमी और भ्रष्टाचार के मुद्दे लगातार उठ रहे हैं, जबकि सरकार की प्राथमिकता केवल राजनीतिक प्रचार में नज़र आती है। आप ने साफ कर दिया है कि वह केवल चुनाव लड़ने नहीं, बल्कि गोवा की राजनीति को एक नया रास्ता दिखाने आई है, जिसमें जनता, पंचायतें और स्थानीय नेतृत्व केंद्र में हों, न कि सत्ता का एकाधिकार।

## मणिपुर में कुछ समूह जानबूझकर अवैध प्रवासियों की मूल समस्या से ध्यान भटकाने में लगे : पूर्व सीएम सिंह



**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने दावा किया कि कुछ शक्तिशाली समूह जानबूझकर राज्य में अवैध प्रवासियों की मूल समस्या से ध्यान भटकाने की कोशिश में जुटे हैं। पूर्व सीएम सिंह ने कहा कि राष्ट्र-विरोधी और राज्य-विरोधी तत्वों को घुसपैठियों से जुड़े असल मुद्दे से ध्यान भटकाने की अनुमति नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने पोस्ट में कहा, जब मैंने राजग सरकार के दौरान पड़ोसी देश से आए अवैध प्रवासियों और शरणार्थियों की पहचान शुरू की, तब पड़ोसी राज्यों के नेताओं ने इसकी कड़ी आलोचना की। सिंह ने कहा, ''आज नगालैंड और मिजोरम सहित हर पड़ोसी राज्य ने आखिरकार स्थिति की गंभीरता को समझकर सख्त कार्रवाई कर रहा है।''

उनका बयान हाल ही में मीडिया में आई उन खबरों के बाद आया है जिनमें कहा गया था कि मिजोरम सरकार ने राज्य के 11 जिलों में शरण लिए हुए म्यांमार के 31,214 शरणार्थियों का 58.15 प्रतिशत बायमैट्रिक नामांकन पूरा किया है।

पूर्व सीएम सिंह ने कहा कि मिजोरम अवैध प्रवासियों की पहचान करने में प्रभावशाली गति से आगे बढ़ रहा है, लेकिन इसकी सबसे पहले जिम्मेदारी लेने वाला राज्य मणिपुर जातीय हिंसा के नाम पर ज्वलंत मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है।

उन्होंने दावा किया कि प्राथमिकता में यह बदलाव कोई संयोग नहीं है। उन्होंने कहा, ''कुछ शक्तिशाली समूह जानबूझकर अवैध प्रवासियों की मूल समस्या से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि राज्य और केंद्र सरकार गौण मुद्दों में उलझकर मणिपुर के सामने मौजूद मुख्य खतरे को भूल जाएं।''

## तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026: सीट शेयरिंग के लिए कांग्रेस ने बनाई कमेटी, डीएमके के साथ ही लड़ेगी चुनाव

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने अपने सहयोगी दल द्रमुक (डीएमके) के साथ सीट शेयरिंग पर औपचारिक बातचीत शुरू करने की तैयारी कर ली है। इसी कड़ी में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देश पर एक पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है, जो गठबंधन की रूपरेखा और सीटों के बंटवारे पर डीएमके से बातचीत का नेतृत्व करेगी।

कांग्रेस की ओर से तमिलनाडु-पुडुचेरी के इंचार्ज गिरीश चोडनकर को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके साथ ही टीएनसीसी अध्यक्ष के. सेल्वापेरुंथगई,



कांग्रेस विधायक दल के नेता एस. राजेश

कुमार और दो अन्य वरिष्ठ नेताओं को भी कमेटी में शामिल किया गया है। टीएनसीसी ने शनिवार को इसका आधिकारिक ऐलान किया।

### विजय की पार्टी से गठबंधन की अटकलों पर फिलहाल लगा विराम

पिछले कुछ हफ्तों में राजनीतिक गलियारों में चर्चा थी कि कांग्रेस 2026 के चुनाव में एक्टर विजय की नई पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के साथ गठबंधन कर सकती है। हालांकि कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने इन अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने साफ कहा कि कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव मौजूदा डीएमके-कांग्रेस गठबंधन के तहत ही लड़ेगी। कमेटी का गठन इंडिया ब्लॉक की एकता को मजबूत करने के प्रयास के तौर पर भी देखा जा रहा है।

### गठबंधन की पिछली सफलताएँ

तमिलनाडु की कुल 234 विधानसभा सीटों में से कांग्रेस और डीएमके ने साल 2021 में मिलकर चुनाव लड़ा था। कांग्रेस ने 25 सीटों पर मुकाबला किया और 18 सीटों पर जीत दर्ज की थी। जबकि डीएमके ने 159 सीटें जीतीं और 10 साल बाद सत्ता में वापसी की। इसी जीत के बाद एमके स्टालिन पहली बार मुख्यमंत्री बने।

## बच्चा चोरी और ह्यूमन ट्रैफिकंग मामले में 7 लोग दोषी करार, 24 को सुनाई जा सकती है सजा

वाराणसी(एजेंसी)। वाराणसी जिला एवं सत्र न्यायालय की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने बच्चा चोरी और ह्यूमन ट्रैफिकिंग मामले में 7 लोगों को दोषी करार दिया है। इसी मामले के 8 आरोपियों को संदेह का लाभ मिला और उन्हें दोषमुक्त करार दिया गया। दोषियों को 24 नवंबर को सजा सुनाई जा सकती है। गौरतलब है कि बच्चा चोरी और ह्यूमन ट्रैफिकिंग के मामले में पुलिस ने 16 लोगों के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। इस गिरोह के 10 सदस्यों को झारखंड, राजस्थान और यूपी के बनारस से गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे व निशानदेही पर अगवा कर बेचे गए तीन बच्चों को बरामद किया गया था। पुलिस ने तब बच्चे को अगवा करने में इस्तेमाल कार को भी बरामद कर सीज किया था। इन आरोपियों में गिरोह का मास्टर माइंड समेत तीन महिलाएं भी शामिल रही हैं। इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में हुई, जहां गवाहों, साक्ष्यों और पुलिस चार्जशीट के आधार पर 7 लोगों को दोषी करार दिया गया है। अब सभी दोषियों को 24 नवंबर को सजा सुनाई जा सकती है। इस मामले में पुलिस सूत्रों का कहना था, कि बच्चों की चोरी कर राजस्थान, झारखंड और बिहार आदि राज्यों में मौजूद दलालों को सौंप दिया जाता था। फिर दलाल इन बच्चों को दो से पांच लाख तक में निःसंतान दंपती या अन्य जरुरतमंद को बेच देते थे।

## अयोध्या राम मंदिर में ध्वजारोहण समारोह: अतिथियों के सत्कार की पूरी व्यवस्था

### -पहले दिन पूजन विधिवत संपन्न, देवताओं का किया आह्वान



**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर में होने वाले ऐतिहासिक ध्वजारोहण समारोह को सफल बनाने के लिए तैयारी है। अतिथियों के सत्कार से लेकर धार्मिक अनुष्ठानों तक, हर व्यवस्था को सूक्ष्मता से संचालित किया जा रहा है। आमंत्रित आगंतुकों के लिए सात स्थानों पर आठ भोजनालय बनाए हैं, जहां लाखों पानी की बोतलों समेत सभी तरह की सेवाओं की व्यवस्था है। इन भोजनालयों में जलपान के बाद अतिथियों को कार्यक्रम स्थल भेजा।

केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह ÷पंकज÷ ने बताया कि सीता रसोई के अलावा देशभर में अन्न सेवा करने वाले भक्त संगठन भी भोजनालयों में मदद कर रहे हैं। यह सभी भोजनालय आगंतुकों को निर्बाध, गरिमामय व सहज सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। ध्वजारोहण कार्यक्रम के पहले दिन पूजन की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के बाद से ध्वजारोहण कार्यक्रम के प्रथम चरण के रूप में वैदिक पूजन-अर्चन की शुरुआत हुई। विभिन्न आचार्यों ने पूर्ण वैदिक विधि से देवताओं का आवाहन किया और कई महत्वपूर्ण अनुष्ठान संपन्न कराए। पूजन क्रम में गणपति पूजन, पंचांग पूजन, षोडष मातृका पूजन, मंडप प्रवेश पूजन, योगिनी पूजन, क्षेत्रपाल पूजन, वास्तु पूजन, नवग्रह पूजन एवं रामभक्त मंडल सहित सभी पूज्य मंडलों का आवाहन पूजन सम्पन्न हुआ। इसके बाद अरणि मंथन से अग्निकुंड में अग्नि स्थापना की गई। यजमान डॉ. अनिल मिश्र ने अपनी अर्द्धांगिनी के साथ पूजन किया। मुख्य आचार्य चंद्रभान शर्मा, उपाचार्य रविंद्र पैठणे, यज्ञ ब्रह्मा पंकज शर्मा सहित अन्य आचार्यों ने कार्यक्रम संपन्न कराया। पूजन व्यवस्था प्रमुख आचार्य इंद्रदेव मिश्र व आचार्य पंकज कौशिक के निर्देशन में सभी अनुष्ठान सफलतापूर्वक पूर्ण हुए। अतिथियों की आरामदायक व्यवस्था और वैदिक विधानों की निरंतरता इस ऐतिहासिक ध्वजारोहण कार्यक्रम को विशिष्ट और गरिमामय बना रही है।

## ट्रंप और ममदानी के मुलाकात पर शशि थरूर ने कांग्रेस को आईना दिखाया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और न्यूयॉर्क शहर के मेयर ज़ोहरान मामदानी के बीच हुई मुलाकात पर अपनी राय दी है। न्यूयॉर्क मेयर चुनाव से पहले ट्रंप और मामदानी दोनों ने एक-दूसरे पर खूब निशाना साधा था, लेकिन वाइट हाउस में शुक्रवार को हुई उनकी मुलाकात सौहार्दपूर्ण रही। मुलाकात के एक वीडियो क्लिप पर प्रतिक्रिया देकर कांग्रेस नेता थरूर ने कहा कि लोकतंत्र को इसतरह काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह भारत में इस तरह का माहौल देखना पसंद करुंगा।

कांग्रेस नेता थरूर ने लिखा, चुनावों में अपने दृष्टिकोण के लिए जोश के साथ लड़ें। बिना किसी अलंकारिक रोक के विरोध किया। लेकिन एक बार जब चुनाव खत्म हुआ और जनता अपना फैसला सुना चुकी हो, तब उस राष्ट्र के सामान्य हित में एक-दूसरे के साथ सहयोग करना सीखें। जनता की सेवा करने के लिए आप दोनों प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि वह भारत में भी इसतरह की कोशिश के लिए प्रयास कर रहे हैं।

ट्रंप ने कहा कि मुलाकात बहुत ही उत्पादक रही और उम्मीद जाहिर की कि न्यूयॉर्क को एक महान मेयर मिलेगा। ट्रंप ने ममदानी की प्रशंसा कर कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि डेमोक्रेट नेता अच्छा काम करेगा और कुछ रूढ़िवादी लोगों को आश्चर्यचकित करेगा। जब एक रिपोर्टर ने ममदानी से पूछा कि क्या इसकी पुष्टि करेगा, कि ट्रंप फासीवादी हैं, तब अमेरिकी राष्ट्रपति ने मजाकिया लहजे में कहा कि मेयर हां में जवाब दे सकते हैं। ट्रंप ने कहा, यह ठीक है। आप कह सकते हैं। यह समझाने से आसान है। मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

बता दें कि थरूर की कुछ टिप्पणियों ने अतीत में कांग्रेस पार्टी के भीतर हलचल मचा दी थी। थरूर ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रामनाथ गोयनका व्याख्यान आर्थिक दृष्टिकोण और सांस्कृतिक आह्वान दोनों के रूप में कार्य करता है। उन्होंने कहा कि बुखार और खांसी से जूझने के बावजूद उन्हें भाषण के दौरान दर्शकों में शामिल होकर खुशी हुई। उनके इस बयान पर कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने उन्हें पाखंडी कहा, जबकि सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि उन्हें पीएम के भाषण में प्रशंसा के योग्य कुछ भी नहीं मिला।

# यूपी में डिजिटल नक्शे तैयार करने के लिए अगले साल से ड्रोन सर्वेक्षण

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तरप्रदेश राज्य के नगरीय निकाय क्षेत्रों की भूमि के सटीक व डिजिटल नक्शे तैयार करने के लिए अगले साल से ड्रोन सर्वेक्षण का कार्य शुरू होगा। पायलेट प्रोजेक्ट (प्रायोगिक परियोजना) के तौर पर अनूप शहर में चल रहे सर्वेक्षण के पूरा होने के बाद अन्य नगरीय निकायों के लिए सर्वेक्षण की कार्ययोजना तैयार होगी। सर्वेक्षण के बाद संबंधित नगरीय निकाय क्षेत्रों में स्थित औद्योगिक क्षेत्र, बाजार, रिहायशी क्षेत्र, सड़क, रेल ट्रैक, तालाब, नदी व हरित क्षेत्र की सटीक जानकारी मिलेगी। इसके आधार पर राजस्व रिकार्ड के डिजिटल नक्शे तैयार किए जाएंगे।

केंद्रीय भूमि संसाधन विभाग के डिजिटल इंडिया भूमि रिकार्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआइएलआरएमपी) के तहत यूपी के ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वेक्षण पूरा करने के बाद शहरी क्षेत्रों में सर्वेक्षण होना है। डीआइएलआरएमपी के तहत केंद्र सरकार हर प्रकार की भूमि का रिकार्ड तैयार करा रही है। इस रिकार्ड के तैयार होने के बाद सभी रिहायशी कालोनियों के भी नक्शे तैयार किए जाएंगे। अभी तक टैक्स प्रणाली के मद्देनजर शहरी क्षेत्रों के नक्शे तैयार किए गए हैं।

ड्रोन सर्वेक्षण के बाद सभी शहरों का नक्शा तैयार किया जाएगा, इससे भूमि के मालिकाना अधिकार को लेकर स्पष्टता आएगी। साथ ही भूमि की खरीद व बिक्री में धोखाधड़ी पर रोक लगेगी। एकीकृत भूमि सूचना प्रबंधन प्रणाली विकसित करने के लिए किए सभी शहरों व कालोनियों के नक्शों की जियो-रेफरेंसिंग (वास्तविक दुनिया के भौगोलिक निर्देशांकों को डिजिटल मानचित्र या छवि के साथ जोड़ने की प्रक्रिया) पूरी की जाएगी।

राजस्व विभाग ने पहले चरण के सर्वेक्षण के लिए टांडा, नवाबगंज, चित्रकूट धाम, गोरखपुर, हरदोई, झांसी, चुनार, पूरनपुर व तिलहर के नगरीय निकायों का चयन किया गया है।

पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर 18 फरवरी से अनूप शहर में सर्वेक्षण किया जा रहा है। इस सर्वेक्षण के समाप्त होने के बाद अन्य नगरीय निकाय क्षेत्रों के सर्वेक्षण की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। चूंकि अनूप शहर की आबादी करीब 46 हजार है और 10 हजार मकान हैं इसलिए पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर इसका चयन किया गया है।



# 22 सेकेंड में प्रिंसिपल ने बीएसए पर बरसाई बेल्ट, फोन उठाया तो उसे तोड़कर फेंक दिया

लखनऊ। बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह को एक प्रधानाध्यापक ने मंगलवार को कार्यालय के अंदर बेल्ट से पीट दिया। आरोपी ने 22 सेकेंड में 3 बेल्ट बरसाईं। जब बीएसए ने पुलिस को कॉल करने के लिए फोन उठाया तो छीनकर उसे भी तोड़ दिया। सरकारी अभिलेख फाड़ दिए। बीचबचाव कर रहे लिपिक प्रेम शंकर मौर्या से भी हाथापाई की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपी शिक्षक को हिरासत में ले लिया है। दोपहर करीब चार बजे महमूदाबाद विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय नदवा के प्रधानाध्यापक बृजेंद्र कुमार वर्मा बीएसए कार्यालय पहुंचे। बीएसए ने एक मामले में उन्हें सुनवाई के लिए बुलाया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया प्रधानाध्यापक की लापरवाही पर बीएसए ने उन्हें डाटा। इस पर वह आग बबूला हो गए। बीएसए को अपशब्द कहे। उसके बाद कमर से बेल्ट निकालकर चार से पांच बार प्रहार किया। बेल्ट का लोहे का कुंडा उनके सिर पर भी लगा। बीएसए ने फोन उठाने की कोशिश की उसे छीनकर तोड़ दिया। बीएसए की मेज पर रखे सरकारी अभिलेख भी फाड़ दिए। सुनवाई के दौरान कार्यालय में मौजूद लिपिक प्रेम शंकर ने बीचबराव करने की कोशिश की तो प्रधानाध्यापक ने उनके साथ भी हाथापाई की। कार्यालय के अंदर हो हल्ला सुनकर अन्य कर्मचारी दौड़ाकर अंदर आए और शिक्षक को पकड़ लिया। पुलिस ने शिक्षक को पकडकर कोतवाली लाई। बीएसए की तहरीर पर जान से मारने व सरकारी अभिलेख फाडने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना की जानकारी होने पर तमाम शिक्षक संगठन के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे। इंस्पेक्टर अनूप शुक्ला ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। वहीं, देर शाम बीएसए ने जिला अस्पताल में अपना मेडिकल करवाया। बीएसए ने बताया कि प्रधानाध्यापक ने अपने विद्यालय की एक सहायक अध्यापिका को लापरवाही बरतने का नोटिस दिया था। इस नोटिस को उसने राजनीतिक की कोशिश की तो प्रधानाध्यापक ने उनके साथ भी हाथापाई की। कार्यालय के अंदर हो हल्ला सुनकर अन्य कर्मचारी दौड़ाकर अंदर आए और शिक्षक को पकड़ लिया। पुलिस ने शिक्षक को पकडकर कोतवाली लाई। बीएसएग्रुपों में शेयर कर दिया। इस पर शिक्षिका ने शिकायत की थी। इस शिकायत का जवाब देने के लिए कार्यालय बुलाया था। इस दौरान यह घटना हुई। बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रधानाध्यापक को नोटिस का जवाब देने के लिए बुलाया था। दोबारा ऐसा कृत्य न करने की चेतावनी दी थी। इसी दौरान शिक्षक ने मारपीट की।

# विदेश में पटरियों पर दौड़ रहे भारतीय रेलवे के इंजन, बढ़ रहा है कई देशों का भारत पर भरोसा

**कौमी पत्रिका**

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे की मेक इन इंडिया मुहिम अब सिर्फ घरेलू पटरी तक सीमित नहीं रही। अंतरराष्ट्रीय रेलवे बाजार में भी भारत तेजी से लोकोमोटिव निर्यात का मजबूत हब बनकर उभर रहा है। भारतीय रेल इंजन आज एशिया व अफ्रीका के कई देशों की जीवनरेखा बने हुए हैं। कम लागत, बेहतर दक्षता और समय पर सप्लाई इंजन के निर्यात में भारत की बड़ी ताकत बन गई है। भारतीय रेलवे का डीजल लोकोमोटिव का पहला विदेशी ग्राहक बांग्लादेश था। भारत ने 1350 हॉर्सपावर का ब्रॉड गेज लोकोमोटिव बांग्लादेश को सौंपा था। अब श्रीलंका, मलयेशिया, वियतनाम, सूडान, अंगोला, मोजाम्बिक, सेनेगल और म्यांमार सहित अन्य देश भारतीय इंजनों पर भरोसा जता रहे हैं। इन देशों की रेलवे लाइन पर भारतीय इंजनों की ट्रेन दौड़ रही है। रेलवे ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में भी निर्यात किए गए इंजनों के वास्तविक मॉडल प्रदर्शित किए हैं। रेलवे ने 2600 व 3000 एचपी जैसी उच्च क्षमता वाले इंजनों का निर्यात किया है। सबसे पहले 2001 में 2300 एचपी का शक्तिशाली लोकोमोटिव मलयेशिया को सप्लाई किया गया था। यह इंजन विशेष रूप से मीटर गेज ट्रैकों पर माल ढुलाई के लिए डिजाइन किया गया था। इसी श्रेणी का एक अन्य इंजन सेनेगल को निर्यात किया गया जिसमें समान क्षमता और उच्च दक्षता का संयोजन था। रेलवे की ओर से निर्यात किए गए इंजनों को अलग-अलग देशों की जरूरतों के अनुसार तैयार किया गया है। 1350 एचपी 6 सिलिंडर वाला लोकोमोटिव 2003 में वियतनाम को निर्यात



किया गया। यह इंजन वहां की स्थानीय मालगाड़ियों के संचालन में काफी उपयोगी साबित हुआ। अधिकारियों के अनुसार, तकनीकी सुधार, कम लागत, बेहतर प्रदर्शन और समय पर आपूर्ति ने भारत को वैश्विक रेल इंजन बाजार में एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में स्थापित किया है। सबसे ज्यादा मॉडल अफ्रीकी देशों में निर्यात किए गए। सूडान ने 1350 एचपी और 2300 एचपी दोनों तरह के केप गेज इंजन खरीदे। अंगोला ने 1350 एचपी और 3000 एचपी केप गेज लोकोमोटिव खरीदे। इसके अलावा माली, सेनेगल और बेनिन ने भी केप गेज इंजनों को अपनी रेलवे की रीढ़ बनाया। इन देशों में रेलवे का अधिकांश माल ढुलाई कार्य अब भारतीय लोकोमोटिव ही करते हैं। भारत ने मीटर गेज, केप गेज और ब्रॉड गेज तीनों तरह के रेल ट्रैक के लिए आधुनिक डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव निर्यात किए हैं। भारतीय रेलवे का लक्ष्य आने वाले वर्षों में लोकोमोटिव और कोच निर्माण दोनों क्षेत्रों में निर्यात क्षमता का विस्तार करना है। मेक इन इंडिया के तहत चेन्नई और वाराणसी जैसे केंद्र आधुनिक इंजनों का निर्माण कर वैश्विक बाजार में देश की पहचान मजबूत कर रहे हैं।

## नशे में धुत चालक ने दौड़ाई कार

नई दिल्ली। दिल्ली के कालकाजी थाना इलाके में बीती देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में कालकाजी थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर सचिन गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। उनकी स्थिति फिलहाल नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, यूपी नंबर की एक कार तेज रफ्तार में आ रही थी जिसे एक युवक शराब के नशे में चला रहा था। वाहन ने अचानक नियंत्रण खो देकर सब इंस्पेक्टर सचिन की गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी।

# ड्रग्स का डर दिखाकर पूर्व बैंक अधिकारी को किया डिजिटल अरेस्ट, दिल्ली में 23 करोड़ की ठगी

**कौमी पत्रिका**

दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के हौजखास इलाके में साइबर ठगों ने पूर्व बैंक अधिकारी से 23 करोड़ रुपये ठग लिए। आरोपियों ने पहले पुलिस अधिकारी, बाद में प्रवर्तन निदेशालय व सीबीआई अधिकारी बनकर बुजुर्ग को मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त बताकर डरा दिया। बुजुर्ग की शिकायत पर इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) टीम ने साइबर ठगों के बैंक खातों में ठगी के 12.11 करोड़ रुपये फ्रीज करवा दिए। पुलिस के मुताबिक पीड़ित नरेश मल्होत्रा (73) परिवार के साथ हौजखास इलाके में रहते हैं। वह सरकारी बैंक से रिटायर हैं। पीड़ित ने बताया कि चार अगस्त को उनके पास एक शख्स का कॉल आया। कॉलर ने खुद को मुंबई पुलिस का अधिकारी बताकर कहा कि वह ड्रग्स की तस्करी में शामिल हैं। उनके नाम से विदेश भेजा गया पार्सल पकड़ा गया है, जिसमे ड्रग्स मिले हैं। आरोपियों ने पीड़ित को गिरफ्तारी का डर दिखाकर उनके फ्लैट में कैद कर लिया। बदमाशों का कहना था कि जब तक वह नहीं कहेंगे तक वह न तो बाहर जाएंगे और न किसी को कॉल करेंगे। इसके बाद आरोपियों ने डराकर पीड़ित के खाते से रकम ट्रांसफर करवानी शुरू कर दी। पीड़ित इतनी बुरी तरह डरे हुए थे कि वह ठगों के अनुसार बताए हुए बैंक खातों में रुपये ट्रांसफर करते रहे। आरोपियों ने पीड़ित के तीन बैंक खातों को खाली करवा दिया। यह सिलसिला चार सितंबर तक चला। डर के कारण पीड़ित ने किसी को भी कुछ नहीं बताया। बाद में ठगे जाने का अहसास होने पर शुक्रवार को उन्होंने एनसीआरपी के पोर्टल पर ऑन लाइन शिकायत की। बाद में आईएफएसओ ने मामला दर्ज कर आधी से ज्यादा रकम फ्रीज करवा दी है। अब पुलिस बाकी रकम भी बरामद करने का प्रयास कर रही है। द्वारका इलाके में बैंक खाते में गलत तरीके से करोड़ों रुपये की लेन-देन होने की बात कहकर एक बुजुर्ग दंपती से 6.22 लाख रुपये ठग लिए गए। खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर जालसाजों ने बुजुर्ग दंपती को वीडियो कॉल करके डराकर अपने खाते में रकम ट्रांसफर करा ली। बुजुर्ग दंपती की शिकायत पर साइबर सेल ने मामला दर्ज कर लिया है और तकनीकी जांच कर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। पीड़ित बुजुर्ग दंपती सीता देवी अपने पति राजपाल और परिवार के अन्य सदस्य के साथ महावीर एन्क्लेव इलाके में रहती हैं। 20 सितंबर को साइबर सेल में दर्ज प्राथमिकी में सीता देवी ने बताया कि एक अज्ञात नंबर से उनके पास वीडियो कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताते हुए उनके केनरा बैंक के खाते में दो होने की बात कहकर एक बुजुर्ग दंपती से 6.22 लाख रुपये ठग लिए गए। खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर जालसाजों ने बुजुर्ग दंपती को वीडियो कॉल करके डराकर अपने खाते में रकम ट्रांसफर करा ली। बुजुर्ग दंपती की शिकायत पर साइबर सेल ने मामलाकरोड़ रुपये आने की जानकारी देते हुए सवाल पूछा कि ये पैसे कहां से आए हैं।

## हत्या के मामले में वांछित बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिम जिला स्पेशल स्टाफ ने हत्या के मामले में वांछित बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। बदमाश की पहचान शालीमार बाग निवासी गुड्डू के रूप में हुई है। इसके कब्जे से पुलिस ने एक पिस्टल, खोखा और कारतूस बरामद किए हैं। बदमाश पर हत्या, हत्या का प्रयास, दुष्कर्म सहित कई मामले दर्ज हैं। जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि 25 अगस्त को शालीमार बाग के हैदरपुर कॉलोनी में हर्ष मिश्रा को चाकू मारने की जानकारी मिली थी। पीड़ित की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। सीसीटीवी कैमरे की जांच में हत्या में गुड्डू के शामिल होने का पता चला। उसके बाद पुलिस ने उस पर निगरानी बढ़ाई, साथ ही मुखबिरों को सक्रिय किया। 18 सितंबर को हवलदार सत्य नरेंद्र को सूचना मिली कि आरोपी गुड्डू इलाके में आने वाला है। इंस्पेक्टर सोमवीर सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। रात करीब एक बजे मुनक नहर के पास घेराबंदी कर दी। तभी एक संदिग्ध व्यक्ति सीए ब्लॉक झुग्गियों की ओर से एकता कैंप झुग्गियों की तरफ आते दिखा। मुखबिर ने उसकी पहचान गुड्डू के रूप में की। पुलिस टीम ने उसे आत्मसमर्पण करने को कहा लेकिन आरोपी भागने लगा। उसने पिस्टल से पुलिस टीम पर गोली चला दी। गोली हवलदार नरसी राम की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक गोली बदमाश के दाहिने पैर में लगी, जिससे वह गिर पड़ा।

## रोहिणी में एनकाउंटर, दो बदमाशों को लगी गोली; मुठभेड़ के बाद तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के रोहिणी जिले के बुध विहार थाने के पुलिसकर्मियों और बदमाशों के बीच मुठभेड़ की खबर है। बुध विहार एसएचओ करुणा सागर की टीम ने मुठभेड़ के बाद तीन हथियारबंद बदमाशों को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को गोली लगी, जिससे कुल तीन बदमाश गिरफ्तार हो गए। दो बदमाश भागने में कामयाब रहे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तार बदमाश गोगी गैंग से जुड़े हैं। मुठभेड़ में घायल दोनों बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली पुलिस और गोगी गैंग के सदस्यों के बीच गोलीबारी हुई। एनकाउंटर के बाद तीन बदमाश पकड़े गए हैं। पकड़े गए दो बदमाशों को गोली लगी है। घायलों के नाम इरफान और लालू हैं। तीसरे बदमाश का नाम नितेश है। गोगी गैंग के ये तीनों सदस्य कार में थे।

## डीयू ऑन-स्पॉट मॉप-अप राउंड के लिए आज से पंजीकरण शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (ष्ठ) ने यूजी एडमिशन 2025 के लिए ऑन-स्पॉट मॉप-अप राउंड की घोषणा कर दी है। यह राउंड कक्षा 12 के अंकों या समकक्ष आधार पर आयोजित किया जाएगा। पंजीकरण की प्रक्रिया आज 17 सितंबर से शुरू होकर 19 सितंबर की रात 11ः59 बजे समाप्त होगी। इस राउंड के तहत रिक्त स्नातक (त्र) सीटों को भौतिक रूप से भरा जाएगा। पहले पंजीकृत उम्मीदवार, जिन्हें किसी कार्यक्रम में प्रवेश नहीं मिला है, वे अपने डैशबोर्ड के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जो उम्मीदवार अभी तक ugadmission.uod.ac.in पोर्टल पर पंजीकृत नहीं हैं, उन्हें नया आवेदन जमा करना होगा और 1,000 रुपए अतिरिक्त शुल्क देना होगा। इस राउंड के प्रवेश और सीट आवंटन की प्रक्रिया 23 सितंबर, 2025 से फिजिकल मोड में शुरू होगी। उम्मीदवारों को योग्यता और सीट उपलब्धता के आधार पर आमंत्रित किया जाएगा। चुने गए छात्रों को ईमेल के माध्यम से रिपोर्टिंग तिथि, समय और स्थान के साथ आमंत्रण पत्र भेजा जाएगा। प्रवेश केवल आमंत्रण पत्र दिखाने पर ही मिलेगा। पहले से किसी कॉलेज में एडमिशन पाने वाले छात्र आवेदन के पात्र नहीं होंगे।

# ट्रैफिक पुलिस में तैनात कई टीआई का सर्कल बदला, लालकिला धमाके के बाद सुरक्षा बढ़ी

नई दिल्ली। राजधानी में ट्रैफिक प्रबंधन को सुव्यवस्थित करने और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बड़े पैमाने पर ट्रैफिक इंचार्ज (टीआई) के सर्कल बदले गए हैं। बताया जा रहा है कि करीब 50 टीआई का सर्कल बदला गया है। इतनी बड़ी संख्या में हुए तबादलों को लेकर पुलिस महकमे में खासी चर्चा है। यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है जब लाल किला के सामने हाल ही में हुए धमाके के बाद राजधानी में सुरक्षा अलर्ट बढ़ाया गया है। हालांकि, पुलिस मुख्यालय में तैनात वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि इन तबादलों का लालकिला धमाके से सीधा संबंध नहीं है। अधिकारियों का कहना है कि यह बदलाव पहले से लंबित था, जिसकी प्रक्रिया पूरी होने के बाद बीते सप्ताह अंत में इसकी सूची जारी की गई है। उन्होंने बताया, राजधानी में ट्रैफिक की बढ़ती चुनौतियों और विभिन्न क्षेत्रों में प्रबंधन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। लालकिला के सामने हुए जोरदार धमाके के बाद दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा चक्र और कड़ा कर दिया है। विभिन्न इलाकों में चेकिंग अभियान तेज कर दिए गए हैं। पुलिस की टीमें प्रमुख बाजारों, संवेदनशील स्थलों, बस अड्डों और मेट्रो स्टेशनों के आसपास गश्त बढ़ा रही हैं। वाहनों की सघन जांच की जा रही है, खासकर उन वाहनों की जो शहर की सीमाओं से प्रवेश कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि दूसरे राज्यों में पंजीकृत वाहनों की जांच पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पुलिस यह सुनिश्चित करना चाहती है कि कोई संदिग्ध वाहन या व्यक्ति राजधानी में प्रवेश न कर सके। हालिया धमाके के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने भी अन्य राज्यों की पुलिस को इनपुट साझा कर सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। धमाके से पहले अपनी से राजधानी के कई क्षेत्रों में घूमा था आतंकी धमाका करने वाला आतंकी अपनी कार से सुबह ही दिल्ली पहुंचा था। वह कार से कई इलाकों में घूमा था।


**PUBLIC NOTICE**

I, hitherto known as ROVIN SINGH SOLANKI S/O NANAK CHAND R/O PLOT NO. 114, G2, SECTOR-2A, VAISHALI, I.E. SAHIBABAD, GHAZIABAD, UTTAR PRADESH-201010 have changed my name and shall hereafter be known as ROVIN PRABAL PRATAP SINGH SOLANKI.

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की, निर्मला देवी धर्मपत्नी श्री ओम प्रकाश और ओम प्रकाश पुत्र स्वर्ग्य महा सिंह निवासी मकान नंबर B-40, गली नो. 1, ब्लाक- C, बदरपुर एक्सटेंशन, बदरपुर, नई दिल्ली -110044 ने अपने पुत्र अमर कुमार उम्र लगभग 45 वर्ष और उसकी पत्नी शीतल उम्र लगभग 44 वर्ष को अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है आज से हमारा और हमारे परिवार का उनसे किसी भी प्रकार का लेंन देंन नहीं रहा है अगर कोई भी उनसे किसी भी प्रकार का लेन देन करेगा वह स्वंम जिम्मेदार होगा।

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Mauhammad Kamruddin S/o Mauhammad Yusuf R/o House No-0, Pavi Sadakpur 3, Loni Dehat, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201102 have changed my name and shall hereafter be known as Mohd Kamruddin.

**NAME CHANGE**

I Mahesh Kumar S/o Charan Singh R/o House No - 31 Janta Colony Mahendra Enclave Near Shamsan Ghat, Shastri Nagar, Ghaziabad Uttar Pradesh-201002 have changed the name of my minor son Khetan aged 10 years and he shall hereafter be known as Khushal Chauhan.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information I Md Vaship S/O: Abdul Kayum, R/O A-480 Meer Vihar. Madan Pur Dabas, North West Delhi, Delhi-110081, declare that name of mine, my father and my mother have been wrongly written as Waship, Abdul Qayum and Shazida in my 10th class educational document. The actual name of mine, my father and my mother are MD VASHIP, ABDUL KAYUM, and Sajida Begum, respectively which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I Satender Singh Gujela S/O Chander Bhan R/O WZ-1800A, BASAI DARAPUR, Ramesh Nagar H.O, DIST: West Delhi, Delhi -110015, declare that name of mine has been wrongly written as Satender Kumar in my obc certificate no 38810. The actual name of mine is Satender Singh Gujela. Respectively which may be amended accordingly

**NAME CHANGE**

I, Ashim S/o N K Biswas R/o B II 618, J J Colony, Madanpur Khadar, Delhi-110076 have changed my name to Ashim Biswas.

**NAME CHANGE**

I, MOHD MUINUDDIN S/O MOHD MUSLIM R/O C-4B/451, L.N.J.P. COLONY, MAHARAJA RANJIT, SINGH MARG, DARYA GANJ, DELHI-110002, have changed my name to MOHAMMED MOINUDDIN for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, JC-702489P Rank-SUB (CLK/SD) Name-AMIN VIKRAM KUMAR REVA BHAI residing at VPO-LOLASAN, TEHSIL-HIMMATNAGAR, DIST-SABARKANTHA, GUJARAT-383010, have changed my daughter s name from PRIYAUNASHE KUMARI to PRIYANSHI KUMARI for all future purposes vide affidavit dated 22/11/2025 Before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, MUKHTAR AHMED S/O MIYAN MOHD JAAN R/O N-115A/2, BLOCK-N, BATLA HOUSE, JAMIA NAGAR, DELHI-110025 have changed my name to MUKHTAR AHMAD for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I SUPRIYA SINGH D/O DEVENDRA PRASAD SINGH R/O C160/161, PANDAV NAGAR DELHI- 110092, I have changed my name to MONA SINGH Permanently for all purposes

**PUBLIC NOTICE**

Information is given to general public at large that our client Mrs. Himani Devi is the owner of Freehold Residential Plot No. 32, area measuring 80 Sq. Sq., out of total area measuring 160 Sq. Yds., out of Khasra No. 15/18/1, situated in the area of Village, Rajapur Khurd, Delhi State Delhi, colony known as Mohan Garden, in Block-A-3, New Delhi-110059. by virtue of Regd. GPA With ATS & Will dated 13.04.2007 duly regd. as Doc No. 4468, Vol. No. 11678, Book No. IV, Page No. 158-163, dated 13.04.2007, in SRO-II Janakpuri, New Delhi. now our client is declaring that that any other person does not have any right over the said property, and same property Sold too be Mr. Bhagvat Singh and same has been financed by SMFG India Home Finance Company Limited Branch: Moti Nagar, New Delhi. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the' right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given to public at large that my client **Ravi Malik** is the owner the Property No.B-11/1, admeasuring 60 Sq. Yds., carved out of Khasra No.195, Block-B, situated in the Village & Post Office Masoodpur, Tehsil Vasant Vihar, New Delhi vide Relinquishment Deed dated 16.09.2025 which is registered as Document No.2025/8/I/6032, Book No.I, Volume No.4134, on pages 01 to 18, at Sub-Registrar-VIIA, Sarojini Nagar, New Delhi, on 16.09.2025 and Intend to mortgage the said property with **Truhome Finance Limited.** If any person(s) has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 07 days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.

**Khaitan & Khaitan**
A-38 Kailash Colony,
New Delhi-110048,
Ph. No: 011-49774545

**NAME CHANGE**

I, DEEPA KERGETI W/O UMESH CHANDRA KARGETI R/O F NO-C03/605, EBONY GREENS, CRESENT PARC, SARE HOMES LAL KUAN, GHAZIABAD, UTTAR PRADESH-201002. have changed my name to DEEPA KARGETI for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, UMESH CHANDRA S/O HARI DATT KARGETI R/O F NO-C03/605, EBONY GREENS, CRESENT PARC, SARE HOMES LAL KUAN, GHAZIABAD, UTTAR PRADESH-201002. have changed my name to UMESH CHANDRA KARGETI for all future purpose.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, GORIKA W/o PANKAJ KUMAR R/o Z-257, B, Sector-12, Noida, Po: Noida, Dist: Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-201301, declare that name of mine and my minor son have been wrongly written as GAURIKA DHINGRA and DIVYAM DHINGRA in my minor son DIVYAM aged 17 years in his 10th class educational documents. The actual name of mine and my minor son are GORIKA and DIVYAM respectively, which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, SATISH KUMAR S/O SUBHASH CHANDER R/O H. No-129, Third floor, bhai Parmanand colony, Dr. Muhkerjee Nagar, North West Delhi, Delhi -110009, declare that name of mine has been wrongly written as SATISH WADHWA in my minor Son's namely PARV WADHWA aged 16 Years in his 10th class Educational Documents. The actual name of mine is SATISH KUMAR which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

The public at large is informed that my clients Raghuraj Singh, S/o Chander Pal, R/o C-12 gali no 2 arya samaj mandir bhagat singh colony new usmanpur seelampur north east delhi-110053 has disowned/debarred their son, namely Kapil, from their movable and immovable properties due to his disrespectful behaviour, out of control, and has severed their relations with him for all intents and purposes with immediate effect. Anyone who deals with him will do so at their own risk and responsibility.

**Faisal Sattar (Advocate)**

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given to public at large that my client **Mrs. Ritu Jain (75 % Share) & Mrs. Jyotsana Jain (25% Share)** is the owner of Property no. IX/2619, admeasuring 86 Sq. yards, with its roof rights, out of Khasra no. 130, situated in the area of village Seelampur, in the abadi of Gali no. 16, Kailash Nagar, Delhi- 110031 vide Sale Deed dated 04.12.2023 which is registered and Intend to mortgage the said property with **Aditya Birla Capital Ltd.** That Original Sale Deed dated 09.04.2010 as registered as doc. no. 5812, book no.1, Vol. no. 4544, Page no. 161 to 167, on 09.04.2010, SRO- VIII, New Delhi is lost/misplaced. If any person(s) has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 07 days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.

**Khaitan & Khaitan**
A-38 Kailash Colony,
New Delhi-110048,
Ph. No: 011-49774545

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given to public at large that my client **Sanjeev Ranjan Mishra** is purchasing the Flat bearing Private No. 102, on Upper Ground Floor (without roof/terrace rights), having area measuring 70 sq. yds. part of Plot No. 41-42, having land area measuring 400 sq. yds., pertaining to the Khasra No. 26/8/1, situated in the colony known as Ambika Enclave, in the area of village Kakrola, New Delhi from Angoori Devi who is the owner of the property GPA, Agreement to Sale & WILL dated 25.10.2025 and Intend to mortgage the said property with **Aditya Birla Housing Finance Ltd.** If any person(s) has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 07 days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.

**Khaitan & Khaitan**
A-38 Kailash Colony,
New Delhi-110048,
Ph. No: 011-49774545

**NOTICE FOR PUBLICATION**
**DEBTS RECOVERY APPELLATE TRIBUNAL-DELHI**
Apartment No.318 IIIrd Floor, Hotel Samrat, Kautilya Marg, Chanakyapuri, New Delhi-110021.
**Misc. Appeal No.47/2024**
In T.S.A No.313/2023
(DRT-I, Delhi)

**Ragini Gupta & Anr.** Appellant
Vs
**Cholamandalam Investment & Finance Co. Ltd. & Ors.** Respondent

**Notice**

1. **Ms. Geeta (Auction Purchaser)**
D/o Mr. Pangiri
R/o C-5,/186, Gali No.3,Sadatpur Extension, Kawal Nagar, North East Delhi-110094
**Respondent No.2**

Whereas the notice that an appeal from the order passed by the Presiding Officer of D.R.T. in the above case has been presented by the appellant on **5.02.2024** and is registered in the Tribunal. The matter was listed before this Tribunal on **26.09.2025.**

Whereas it has been shown to the satisfaction of the Tribunal that it is not possible to serve you in the ordinary way, therefore, this notice is given by advertisement directing you to make appearance in this Tribunal on **25.11.2025.**

Whereas take notice that in default of your appearance on the day mentioned above, the case will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and the Seal of the Tribunal, this 1st day of October, 2025.

Sd./-
SEAL **BY ORDER OF THE TRIBUNAL**
**Section Officer**

SINGULARITY CREDITWORLD
Singularity Creditworld Private Limited
16th Floor, D Wing, Kamala Mills Compound, Senapati Bapat Marg, Lower Parel, Mumbai, Maharashtra 400013
CIN No.: U65999MH2019PTC323144

TrustLenders Financing Stress Free
TrustLenders Capital Private Limited
House No.18, Block B-1, Malka Ganj Delhi, North Delhi DL 110007, India
CIN No.: U65999DL2018PTC338069

**POSSESSION NOTICE**

**Common Possession Notice for Immovable Properties of more than one borrower by the same Authorised Officer** (For Immovable property)

Whereasthe undersigned being the Authorised Officer of the Singularity Credit World Pvt Ltd and Trustlenders Capital Pvt Ltd under the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets & Enforcement of Security Interest Act, 2002, and in exercise of powers conferred under Section 13 read with the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002, issued demand notice/s on the dates mentioned against each account calling upon the respective borrower/s to repay the amount as mentioned against each account within 60 days from the date of notice(s)/ date of receipt of the said notice(s).

**The borrower having failed to repay the amount, notice is hereby given to the borrower and the public in general that the undersigned has taken possession of the property described herein below in exercise of powers conferred on him under sub-section (4) of Section 13 of Act read with Rule 8 of the Security Interest Enforcement) Rules, 2002 on this the 22th day of November of the year 2025.**

The borrower/s in particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the property/ies and any dealing with the property/les will be subject to the charge of Singularity Credit World Pvt Ltd and Trustlenders Capital Pvt Ltd for the amounts and interest thereon.

| S No. | Name of the branch | Name of the Account | Name of the borrower (Owner of the property) | Description of the property mortgaged | Date of demand notice | Date of affixture of possession on notice | Amount Out-standing as on the date of demand notice. | Name of the Authorised Officer/s |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Sector 03 Noida | Mr. Amar Singh | Mrs. Navneet<br>Mr. Amar Singh<br>Mrs. Geeta Devi | PLOT NO.2/3 KHASRA NO.1274 SUN CITY PHASE-2 VILLAGE PAVI SADAKPUR PARGANA & TEHSIL LONI DISTRICT GHAZIABAD, UTTAR PRADESH-201001 | 18.08.2025 | 22.11.2025 | Rs. 35,71,641/- | Ajay Kumar Jha |

The borrower's/guarantor's/mortgagor's attention is invited to provisions of sub-section (8) of section 13 of the Act in respect of time available, to redeem the secured assets.

Date: 22-11-2025
Place: DELHI

**Singularity Credit World Pvt Ltd and Trustlenders Capital Pvt Ltd**
**(Authorised Officer)**
**Ajay Kumar Jha**



**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## नारनौल में राज्य स्तरीय महा समागम को संबोधित करेंगें प्रधानमंत्री

**एजेंसी**

**नारनौल।** हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में होने वाले राज्य स्तरीय महा समागम में जिला महेंद्रगढ़ से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। इसी कार्यक्रम की तैयारी को लेकर एडीसी उदय सिंह ने सिख संगत व अधिकारियों की बैठक ली। डीसी ने बताया कि यह कार्यक्रम गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान और शिक्षाओं को याद करने के लिए है। इस कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिरकत करेंगे। यह आयोजन हरियाणा सरकार तथा हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस के समापन के अवसर पर किया जा रहा है। इसमें जिले के हजारों नागरिक भाग लेंगे। नागरिकों के लिए बसों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर नागरिकों को गुरु तेग बहादुर साहिब के जीवन पर भव्य प्रदर्शनी और अन्य धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने का मौका मिलेगा। इस बैठक में एसडीएम नारनौल अनिरुद्ध यादव, नगराधीश डॉ मंगलसेन तथा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी हरियाणा के सदस्य तेजिंदर पाल सिंह के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## समाधान शिविर में 9966 में से 8465 शिकायतों का निपटारा

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि समाधान शिविर हरियाणा सरकार की एक महत्वपूर्ण एवं जनहितकारी पहल है। जिसका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और संतोषजनक निवारण सुनिश्चित करना है। अब तक समाधान प्रकोष्ठ पर कुल 9,966 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें से 8,465 शिकायतों का सफलतापूर्वक निवारण किया जा चुका है। जबकि शेष शिकायतों पर नियमानुसार कार्रवाई प्रगति पर है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित साप्ताहिक समाधान शिविर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक के दौरान उन्होंने विभागवार प्राप्त शिकायतों और उनके निपटान की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त ने 60 दिन से अधिक समय से लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से विलम्ब के कारणों की जानकारी ली और उन्हें शीघ्र एवं प्रभावी निपटान सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में गुणवत्ता, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी विभागों को गुणवत्तापूर्ण एटीआर समय पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर शिकायत को पूरी गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से उसका समाधान किया जाए।

## मोदी के विकसित भारत का संकल्प हर भारतीय का सपना : धनखड़

**चंडीगढ़।** देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है वह हर भारतवासी का सपना है। भाजपा का हरेक कार्यकर्ता मोदी के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने के लिए पूरे समर्पण भाव जुटा हुआ है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने अपने गुजरात प्रवास के दौरान मणिनगर और गांधीनगर विधान सभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा को मोदी जी जैसे सशक्त नेतृत्व, पार्टी की नीतियों और अपने से पहले देश हित की भावनाओं से ओत प्रोत हर कार्यकर्ता पर गर्व है। कार्यक्रम में पहुंचने पर सांसद डॉ. हेमांग जोशी, विधायक रीता बेन पटेल,आशिषभाई दवे (सिटी अध्यक्ष), गौरीशभाई व्यास ,गांधीनगर नगर निगम, स्टैंडिंग कमिटी चेयरमैन), केतनभाई पटेल ने पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ का स्वागत किया। धनखड़ ने कहा कि जनता ने भाजपा की नीति को परखा है। पीएम मोदी सरकार की नीतियों को परख लिया है। इसलिए लगातार तीसरी बार दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है। विदेशी दुश्मन भी जान गए हैं कि भारत का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है। कोई हरकत की तो बहुत मार मारेगा। धनखड़ ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं का अपमान कांग्रेस की पुरानी आदत रही है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का विरोध भी इसी का हिस्सा है। भाजपा के सभी बीएलए पूरी सजगता और संजीदगी के साथ अपना दायित्व निभाएं और हर पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने में सहयोगी बनें। धनखड़ ने कहा कि त्रुटि रहित मतदाता सूची स्वस्थ लोकतंत्र का आधार होती है।

## श्री गुरु तेग बहादुर जी ने मानवता, धर्म और देश की रक्षा के लिए दिया महान बलिदान : नायब सिंह सैनी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी ने मानवता, धर्म और देश की रक्षा के लिए महान बलिदान दिया जिसे प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना आवश्यक है ताकि आने वाली पीढ़ियां इस प्रेरणादायक इतिहास से सीख ले सके। गुरुओं की तप-त्याग का संदेश और गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार और हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष को ज्योतिसर में बड़े स्तर पर मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिरकत करेंगे। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री द्वारा महाभारत अनुभव केंद्र का अवलोकन भी किया जाएगा और इस महाभारत अनुभव केंद्र को देश व विदेश के पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। इसी परिसर में पंचजन्य का उदघाटन भी प्रधानमंत्री द्वारा किया जायेगा । इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और महाआरती में भाग लेंगे।

# सोहेल ख़ान की नई फ़िल्म की शूटिंग होगी हरियाणा की धरती पर, सीएम सैनी से मुलाक़ात में तय हुई रूपरेखा

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा एक बार फिर बड़े पर्दे पर चमकने को तैयार है। बॉलीवुड अभिनेता और निर्माता सोहेल ख़ान अपनी अगली फ़िल्म की शूटिंग व्यापक रूप से हरियाणा की धरती पर करने जा रहे हैं। बीते दिन सोहेल ख़ान के पारिवारिक मित्र व समाजसेवी करण गिल्होत्रा, सोहेल ख़ान स्वयं, और उनकी प्रोडक्शन टीम के प्रमुख सहयोगी विक्रम चोपड़ा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाक़ात कर आगामी प्रोजेक्ट की रूपरेखा साझा की। इस मुलाक़ात के दौरान टीम ने मुख्यमंत्री को फ़िल्म की कहानी, शूटिंग लोकेशन्स और हरियाणा की संस्कृति को सिनेमाई रूप में प्रस्तुत करने की योजना के बारे में विस्तार से अवगत कराया। बताया जा रहा है कि फ़िल्म के अधिकांश दृश्य हरियाणा के ग्रामीण और शहरी दोनों इलाक़ों में फिल्माए जाएंगे, ताकि प्रदेश की असल पहचान और



सौंदर्य को पर्दे पर उतारा जा सके। टीम ने कहा कि हरियाणा के वातावरण, परिवेश और सरकारी सहयोग ने इस प्रोजेक्ट को यहां शूट करने का निर्णय और अधिक मज़बूत किया है। वार्ता के दौरान सोहेल ख़ान और उनकी टीम ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में मिल रहे सकारात्मक माहौल की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि मौजूदा प्रशासन के कार्यकाल में फ़िल्ममेकर्स के लिए खुला और सहयोगपूर्ण वातावरण तैयार हुआ है, जिससे प्रदेश में शूट करने वाली प्रोडक्शन कंपनियों को अत्यंत सुविधा मिल रही है। इस मौके पर करण गिल्होत्रा ने विशेष रूप से सुरक्षा, प्रशासनिक मदद और शूटिंग अनुमतियों में मिल रही आसानी के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी हरियाणा में फ़िल्म उत्पादन को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि प्रदेश न सिर्फ़ किसानों और खिलाड़ियों की भूमि है, बल्कि अब फ़िल्म निर्माण का उभरता केंद्र भी बनने जा रहा है। उन्होंने टीम को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। हरियाणा में होने वाली यह शूटिंग न सिर्फ़ प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करेगी, बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं के लिए भी बड़े अवसर लेकर आएगी।

## भाजपा कार्यालय में रोजगार पंजीकरण शिविर संपन्न



**एजेंसी**

**जींद।** जुलाना में भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में पूर्व हलका प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी के नेतृत्व में शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए निशुल्क पंजीकरण कैंप लगाया गया। इस मौके पर सैंकड़ों युवाओं नें मुफ्त में रोजगार कार्यालय में अपना पंजीकरण कराया।जुलाना में आयोजित रोजगार पंजीकरण शिविर में जुलाना विधानसभा के सभी गांवों और आसपास के युवा बड़ी संख्या में अपने डॉक्यूमेंट्स लेकर पहुंचे थे। यहां पर युवाओं को रोजगार और रोजगार भत्ता को लेकर उनका पंजीकरण किया गया। पंजीकरण के बाद युवा आसानी से सक्षम युवा योजना के लिए आवेदन कर सकें, इसके लिए भी कैंप में रोजगार कार्यालय के कर्माचारियों नें प्रशिक्षण दिया। रोजगार कार्यालय जींद की अधिकारी डा. अंजू नरवाल ने बताया कि हरियाणा सरकार शैक्षिक योग्यता के हिसाब से बेरोजगार युवाओं को 1200 रुपये से लेकर तीन हजार रुपये तक का हर महीने बेरोजगारी भत्ता दे रही है। जुलाना विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रहे कैप्टन योगेश बैरागी नें कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के हर युवा को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के आदेश के क्रम में यह कैंप लगाया गया था। जुलाना विधानसभा में युवा हित का यह पहला कैंप लगा था।

## कांग्रेस बिहार में एनडीए गठबंधन की प्रचंड जीत से सदमे में : डॉ अरविंद शर्मा

**एजेंसी**

**रोहतक ।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेसी, भाजपा और जनता के भरोसे व गठबंधन को पचा नहीं पा रहे हैं। भ्रामक प्रचार से लेकर भाजपा नेताओं के पोस्टरों पर ओछी हरकतों के साथ कांग्रेस अपने मानसिक दिवालिएपन का सबूत दे रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली के बाद अब बिहार में भाजपा और मतदाताओं ने कांग्रेस को हाशिए पर ला दिया है।

दोपहर एमडीयू रोहतक में गैर शिक्षक संघ की सुरेश कौशिक के नेतृत्व में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने पानीपत व कई स्थानों पर युवा कांग्रेस द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के पोस्टरों पर की गई ओछी हरकत को उनकी विकृत मानसिकता



करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बिहार में एनडीए गठबंधन की प्रचंड जीत से सदमे में है और अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए छोटी हरकतें कर रही है। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि बिहार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों और नीतीश कुमार के सुशासन की जीत हुई है। बिहार के मतदाताओं ने कांग्रेस के वोट चोरी के आरोपों का जवाब कांग्रेस चोरी करके दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा द्वारा मुख्यमंत्री के महज मुस्कुराने और काम नहीं करने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अगले दस साल नहीं, 100 साल की योजनाओं पर काम कर रहे हैं और निरन्तर विधानसभा चुनावों में किए गए वायदों को पूरा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सैनी के मुस्कुराने के पीछे संतुष्टि का भाव इसलिए है कि प्रदेश सम्पन्नता की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को चाहिए कि वो आत्ममंथन करें कि 2014 के चुनाव में वो क्यों हारे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हरियाणा को लूटने की सोच और नीयत रखने वाले लोगों को लेकर हरियाणा की जनता जागरूक थी।

## हिसार में ऑपरेशन ट्रैकडाउन में संगठित अपराध व असामाजिक तत्वों पर निर्णायक प्रहार : शशांक सावन

**एजेंसी**

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा है कि कि ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत जिला पुलिस ने संगठित अपराध, गैंगस्टर गतिविधियों, असामाजिक तत्वों एवं अवैध हथियारों पर व्यापक और सख्त अभियान चलाते हुए महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल की हैं। उन्होंने बताया कि 5 से 20 नवंबर तक चलाए गए इस अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए संगठित अपराध व असामाजिक तत्वों पर निर्णायक प्रहार किया है।पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य फोकस अपराधियों की गिरफ्तारी, अवैध असलों की बरामदगी और संभावित जघन्य अपराधों की रोकथाम रहा। अभियान के दौरान कुल 255 विभिन्न मामलों के आरोपी गिरफ्तार किए गए। इसमें पुलिस ने 31



चिन्हित/मोस्ट वांटेड अपराधी व विभिन्न मामलों के कुल 224 अन्य अपराधी गिरफ्तार किए। इसके अलावा 11 आदतन अपराधियों की जमानत रद्द करवाई गई, 20 अपराधियों की नई हिस्ट्री-शीट खोली गई, 6 अवैध पिस्तोल व 19 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा पुलिस ने दो इनामी वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया जिसमें पीरावाली निवासी 10 हजार का इनामी हरदीप उर्फ लवली, जिस पर 4 मामले दर्ज हैं व दूसररा कल्लर भैणी निवासी भजन सिंह शामिल है, जिस पर पांच हजार का इनाम है। भजन सिंह पर लगभग 44 आपराधिक मामले दर्ज है और वह आदतन अपराधी है। ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत के तहत पुलिस ने जघन्य अपराधों की गुत्थियां भी सुलझाई।

# ऑपरेशन ट्रैकडाउन में पुलिस ने 117 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**एजेंसी**

**सोनीपत।** हरियाणा में चलाए गए ऑपरेशन ट्रैकडाउनके तहत सोनीपत पुलिस ने जिले भर में अपराधियों पर व्यापक कार्रवाई कर कई महत्वपूर्ण सफलताएँ हासिल की हैं। पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने पत्रकार वार्ता में बताया कि इस विशेष अभियान का उद्देश्य फरार, वांछित तथा सक्रिय अपराधियों पर अंकुश लगाना और संभावित अपराधों को पहले ही रोकना था। अभियान के दौरान सोनीपत पुलिस ने कुल 117 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें गन्नौर में क्रिकेट कोच रामकरण की हत्या करने वाला सुनिल उर्फ लम्बू भी शामिल है जिसे विशेष टीम ने पकड़ा। खरखौदा क्षेत्र में पिपली गांव में हुई गोलीकांड घटना में शामिल भूपेन्द्र को भी शीघ्रता से काबू किया गया। पूछताछ में सामने आया कि यदि उसे गिरफ्तार न किया जाता तो वह गांव के एक पूर्व पदाधिकारी की हत्या की योजना को अंजाम देता। उसके पास से पिस्तौल बरामद हुई। इसी प्रकार पिपली



निवासी अजय की हत्या के मामले में संलिप्त रामनिवास को भी पकड़ा गया। उस पर पहले भी हत्या, हत्या प्रयास और अवैध हथियारों से जुड़े एक दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज हैं।

खरखौदा बाईपास पर पिता-पुत्र की हत्या करने वाले कर्ण उर्फ रॉकी और राहुल को एसयूएजी व अपराध शाखा ने संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार किया। इनके गिरोह से चार आरोपी पकड़े जा चुके हैं। अनुसंधान में पता चला कि ये लोग गोपालपुर निवासी नितिन की हत्या करने की भी योजना बना रहे थे। गांव बलियाना में पिता-पुत्र की हत्या के बाद फरार सन्नी और हिमांशु को झरोठी टोल प्लाजा के पास मुठभेड़ के बाद काबू किया गया। इनके पास से दो पिस्तौल, तीन कारतूस और एक कार बरामद हुई। पूछताछ में पता चला कि ये लोग एक और व्यक्ति की हत्या करने जा रहे थे। अभियान के दौरान पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी गिरोह के 3 सदस्यों से 15 ई-रिक्शा तथा मोबाइल छीनने वाले गिरोह के 7 सदस्यों से 4 मोबाइल व दो मोटरसाइकिलबरामद कीं। पुलिस आयुक्त ने बताया कि रामनिवास, कर्ण उर्फ रॉकी, राहुल समेत 15 आरोपियों पर संगठित अपराध की धारा 111 बीएनएस लगाई गई है, जिसमें न्यूनतम 5 वर्ष कारावास का प्रावधान है। फिरौती व रंगदारी में शामिल आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। लगातार अपराध करने वालों के खिलाफ जिले में 60 हिस्ट्रीशीट खोली गईं, 18 अपराधियों की जमानत रद्द कराने के लिए न्यायालय में आवेदन दिया गया, जिसे मंजूरी मिल चुकी है। अपराधियों की अवैध संपत्ति चिन्हित कर नियमानुसार ढहाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। अभियान के दौरान 16 अवैध पिस्तौल, 15 कारतूस बरामद किए गए। वर्षभर में 14 मुठभेड़ों में 31 अपराधी पकड़े गए तथा मादक पदार्थ तस्करी के 28 मामलों में 75 आरोपी गिरफ्तार किए गए।

## हरियाणा में अपडेट होगी मतदाता सूची, 22 हजार बीएलओ तैनात

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देश पर हरियाणा में मतदाता सूचियों को अपडेट किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा की ओर से राज्य के सभी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी गई है कि तीन दिन के भीतर मतदाता सूची अपडेट की जाए।

प्रदेश भर में तकरीबन 2 करोड़ मतदाता पंजीकृत हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से 2002 की मतदाता सूचियों में विशेष गहन संशोधन शुरू किया जाएगा। विशेष गहन संशोधन के दौरान वर्ष 2002 की मतदाता सूची का मिलान 2024 की मतदाता सूची से किया जाएगा। यदि किसी मतदाता का नाम दोनों सूचियों में दर्ज है तो उसे कोई अतिरिक्त दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को स्पष्ट हिदायत दी गई है कि मतदाता सूची को सटीक व पारदर्शी बनाने के लिए बीएलओ एप पर उपलब्ध कराए गए वर्ष 2002 की मतदाता सूची के सीएसवी डेटा का मिलान तुरंत प्रभाव से शुरू किया जाए और तीन दिनों के भीतर यह कार्य अनिवार्य रूप से पूरा कर रिपोर्ट भेजी जाए। प्रदेशभर में 22 हजार से ज्यादा बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) तैनात हैं। वर्ष 2002 की सूची का सटीक मिलान और त्रुटियों को खत्म करने के लिए बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। इसके साथ ही पारिवारिक विवरण और पूर्व मतदाता रिकार्ड का भी मिलान करेंगे। डाटा मिलान कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विभिन्न विभागों से तीन-तीन नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। यह अधिकारी बीएलओ की सहायता करेंगे और जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट भी देंगे।

## करनाल में हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने की कवायद तेज

### केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल व नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू के बीच हुई बैठक

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित करनाल में हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए मनोहर प्रयास रंग ला रहे हैं। करनाल में हवाई सेवा विस्तार और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान करनाल में उड़ान योजना के अंतर्गत नई संभावनाओं पर मंथन किया गया।

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने नागर विमानन मंत्री को बताया कि करनाल में हवाई कनेक्टिविटी बढ़ने से न केवल निवेश बढ़ेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर पर पैदा होंगे। करनाल औद्योगिक और कृषि-व्यापार के नए केंद्र के रूप में उभर रहा है। करनाल में हवाई सेवाएं शुरू होने से आसपास के जिलों को फायदा होगा, साथ ही स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिलेगी और वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने में सहायता भी मिलेगी। नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने आश्वस्त किया कि करनाल में हवाई सेवा को लेकर मंत्रालय गंभीरता से कार्य कर रहा है। क्षेत्र की आवश्यकता और यात्री संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए तकनीकी टीम प्रस्तावित विस्तार की व्यवहार्यता




रिपोर्ट पर तेजी से काम करेगी। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू के बीच हुई मुलाकात के दौरान करनाल में हवाई यात्रा को लेकर तकनीकी और प्रशासनिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसने रनवे की क्षमता, टर्मिनल भवन विस्तार, संभावित हवाई मार्गों, यात्री संख्या के अनुमान, और क्षेत्रीय एयरलाइंस की रुचि से संबंधित पहलुओं पर विचार किया गया। मनोहर लाल ने आशा व्यक्त कि आने वाले वर्षों में करनाल भारत के हवाई मानचित्र पर एक विशिष्ट और सशक्त पहचान स्थापित करेगा।

## सोनीपत में वायु प्रदूषण नियंत्रण को 140 औद्योगिक प्रतिष्ठानों की जांच

**एजेंसी**

**सोनीपत।** जिला सोनीपत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने बड़े पैमाने पर छापेमारी और निरीक्षण अभियान चलाया। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों तथा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा लागू ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप-3) की पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई। जिला अधिकारियों के अनुसार सांयकाल तक 140 से अधिक औद्योगिक प्रतिष्ठानों की जांच की जा चुकी थी और अभियान लगातार जारी है। उपायुक्त सुशील सारवान और डीसीपी नरेन्द्र कादियान के नेतृत्व में जिले के चारों उपमंडलों के एसडीएम की अगुवाई में कुल 19 संयुक्त टीमें गठित की गईं, जिनमें 55 से अधिक वरिष्ठ अधिकारी तथा पर्याप्त पुलिस बल शामिल रहा। राई रेस्ट हाउस में सुबह सात बजे अस्थायी नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया, जहाँ से सभी टीमों की गतिविधियों की पल-पल की जानकारी ली जाती रही। टीमों ने राई, बडी, गन्नौर, कुंडली, मुरथल, नाथुपुर, खरखौदा, बहालगढ़ और गोहाना रोड आदि क्षेत्रों में उन सभी इकाइयों का निरीक्षण किया, जिन पर प्रदूषण फैलाने की आशंका थी या जो निर्धारित मानकों का पालन नहीं कर रही थीं। निरीक्षण के दौरान प्रदूषण नियंत्रण यंत्रों की कार्यप्रणाली, स्वच्छ ईंधन (पीएनजी/सीएनजी) के उपयोग, उत्सर्जन मानकों की पालना, धूल नियंत्रण उपाय, अपशिष्ट जल एवं कचरा प्रबंधन जैसी सभी अनिवार्य प्रक्रियाओं की जांच की गई। जहां भी अनियमितताएँ मिलीं, उनकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट को भेजी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियमानुसार सीलिंग, बिजली कनेक्शन कटौती, भारी जुर्माना तथा अन्य दंडात्मक कार्रवाई सिफारिश के साथ लागू की जाएगी। उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि बढ़ते वायु प्रदूषण की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 401 से 450 के बीच गंभीर श्रेणी में पहुंचने के कारण एनसीआर में ग्रेप-3 लागू किया गया है।

## लिंग्याज विद्यापीठ में अभिनेता शर्मन जोशी ने किया जस्ट हंगामा-2025 का उद्घाटन

**एजेंसी**

**फरीदाबाद।** नगर के लिंग्याज विद्यापीठ में बॉलीवुड अभिनेता शर्मन जोशी ने दो दिवसीय उत्सव जेस्ट हंगामा-2025 का उद्घाटन किया। विद्यापीठ में अपने स्वागत से शर्मन जोशी उत्साहित दिखे। उन्होंने विद्यार्थियों का मनोरंजन कराने के साथ उन्हें करियर के लिए कई महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। इस मौके पर अभिनेता ने कहा कि लिंग्याज विद्यापीठ, फरीदाबाद के इस परिसर ने मेरा मन मोह लिया। यहां के संस्कार विद्यार्थियों के पूर्ण विकास में सहायक होंगे। इस दौरान उन्होंने अपनी कई फिल्मों के डायलॉग बोले व कुछ गाने भी गुनगुनाये। कार्यक्रम के दौरान आगामी फिल्म शेल्टर होम का ट्रेलर भी दिखाया गया। इससे पहले लिंग्याज विद्यापीठ में जेस्ट हंगामा-2025 का चांसलर पिच्चेश्वर गड्डे, लिंग्याज ग्रुप की सेक्रेटरी सुनीता गड्डे, वाइस चांसलर डॉ. पीके गुप्ता, पेट्रन डॉ. एमके सोनी, प्रो वाइस चांसलर एडमिन मेजर जनरल डॉ. योगेश चौधरी, प्रो वाइस चांसलर रिसर्च प्रो. डॉ.आर चिन्नयन, डायरेक्टर भाविक कुचिपुड़ी, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर प्रेम कुमार सालवान के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। चांसलर पिच्चेश्वर गड्डे ने शर्मन जोशी का स्वागत किया। विद्यापीठ के वीसी



डॉ.पीके गुप्ता ने महोत्सव में आये सभी अतिथियों, अधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व बॉलीवुड अभिनेता शर्मन जोशी का स्वागत करते हुए भारतीय सिनेमा में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने शर्मन जोशी के चुनौतीपूर्ण अभिनयों के सन्दर्भ में बताते हुए कहा कि उनकी एक्टिंग ने एक अलग ही मिशाल कायम की है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं जिसमें लिंग्याज पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी सामूहिक नृत्य प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुति से विभोर होकर अभिनेता ने भी उनकी हौसला अफजाई के लिए स्टेज पर पहुंच गए और विद्यार्थियों के साथ डांस भी किया। दो दिवसीय जेस्ट हंगामा में दिल्ली एनसीआर के विभिन्न विश्वविद्यालयों ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में भाग लिया। पहले दिन द ग्रेट लिटरेरी हिस्ट, वर्ड एसोसिएशन नॉकआउट, पिक योर वर्ड्स, माइंडफ्लिक : गेस द सीन, क्रैक द रिडल, स्टेज प्ले, हिंदी डुएट, मोनोलोग, ग्रुप सिंगिंग, बैटल ऑफ बैंड, सोलो सिंगिंग, नुक्कड़ नाटक, टैलेंट हंट जैसे कई कार्यकक्रम हुए। पहले दिन कार्यक्रम का समापन फैशन शो के साथ हुआ।

## 2014 के बाद से सरकारी स्कूलों का वार्षिक परिणाम 95 प्रतिशत तक पहुंचा: महिपाल ढांडा

**एजेंसी**

**पानीपत।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने राजकीय मॉडल सांस्कृतिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजा खेड़ी,कुटानी में कोचिंग क्लासेज का शुभारंभ किया। साथ ही अत्याधुनिक लैंग्वेज लैब और लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने स्कूल प्रांगण में पौधारोपण भी किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में मंत्री ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि हर छात्र अपने भीतर की प्रतिभा को पहचानकर ऐसा उदाहरण बनाएं, जिससे अन्य विद्यार्थी भी प्रेरित हों। उन्होंने कहा कि आज का विद्यार्थी कल का नहीं, आज का ही नागरिक है। ईमानदारी से काम करें। प्रतिस्पर्धा नहीं, सहयोग जीवन का आधार बने। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रतिभा किसी भी क्षेत्र में हो सकती है उसे निखारने का संकल्प लें। उन्होंने विद्यार्थियों को आईआईटी, आईआईएम और अन्य राष्ट्रीय संस्थानों की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा की सरकार सरकारी स्कूलों को इस दिशा में पूरा बजट और आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 103 बुनियाद सेंटर स्थापित किए गए हैं, जहाँ विद्यार्थियों को निपुणता और हुनर के आधार पर नई दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही सरकार हर भाषा में दक्षता विकसित करने पर जोर दे रही है और अगले महीने से जर्मन के साथ एम ओ यू भी किया जा रहा है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि 2014 के बाद से सरकारी स्कूलों का वार्षिक परिणाम 95 प्रतिशत तक पहुंचा है। शिक्षा क्षेत्र की यह बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि अध्यापकों की योग्यता और समर्पण ने विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को नई ऊँचाइयाँ दी हैं। मंत्री ढांडा ने सुपर 30 जैसे मॉडल को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने का वातावरण बनाया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने जानकारी दी कि स्कूल में सुपर 40 बैच की शुरुआत की गई है, जिसका लाभ प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अवश्य मिलेगा।

# इंडियन यूजर्स को झटका, एप्पल ने आईफोन 17 सीरीज पर बैंक कैशबैक ऑफर घटाया

नई दिल्ली।

एप्पल ने इंडियन यूजर्स को तगड़ा झटका दिया है। अगर आप आईफोन 17 सीरीज के किसी आईफोन को खरीदने की सोच रहे हैं, तो आपको अब पहले वाला बैंक कैशबैक ऑफर नहीं मिलेगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक एप्पल अपनी नई आईफोन 17 सीरीज पर बैंक कैशबैक ऑफर में भारी कटौती कर रहा है। अब ऑफर 6 हजार रुपए से घटाकर सिर्फ एक हजार रुपए कर दिया है। इससे इंडियन बायर्स के लिए ये नए मॉडल और भी महंगे हो गए हैं। यह बदलाव ऐसे समय किया गया है जब आईफोन 17 का बेस मॉडल ग्लोबल सप्लाई की भारी कमी के कारण ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और ऑफलाइन रिटेल स्टोर्स पर या तो काफी हद तक स्टॉक से बाहर हैं या स्टॉक लिमिटेड है। रिवाइज्ड कैशबैक स्ट्र• र 22 नवंबर से लागू हो गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक जीरो-कॉस्ट ईएमआई प्लान में भी बदलाव किए जाएंगे। मनी कंट्रोल की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया है कि कैशबैक कम करने का एप्पल का फैसला सीधे तौर पर सप्लाई-चेन की मौजूदा बाधाओं से जुड़ा है, जिसने भारत समेत दुनिया भर में डिमांड और सप्लाई में असंतुलन पैदा कर दिया है। थैंक्सगिविंग सेल में अमेरिका और लूनर न्यू ईयर से पहले चीन जैसे प्रमुख बाजारों में फेस्टिव डिमांड बढ़ने के साथ एप्पल के इन क्षेत्रों में और ज्यादा इन्वेंट्री भेजने की उम्मीद है।

बता दें यही कारण है कि बेस आईफोन 17 खास तौर से 256जीबी और 512जीबी वाले वेरिएंट को ऑफलाइन रिटेल चैनल्स के साथ फ्लिपकार्ट और अमेजन पर भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले के जानकार ने कहा कि सप्लाई-चेन की समस्याओं के कारण ग्लोबल शॉर्टेज के बावजूद दिवाली सीजन के लिए एक्सट्रा सप्लाई थी। अब, उन अन्य बाजारों को प्राथमिकता दी जा रही है जहां त्योहारी मौसम शुरू हो रहा है। दिसंबर तक आपूर्ति की स्थिति स्थिर होने की उम्मीद है। एप्पल ने कैशबैक ऑफर के बारे में अभी कोई बयान नहीं दिया है। हालांकि कंपनी की वेबसाइट पर लिखा है- एप्पल बिना किसी सूचना के किसी भी समय इन नियमों और शर्तों को बदलने, विस्तारित करने या इंस्टेंट कैशबैक ऑफर को खत्म करने का अधिकार रखता है।



## टाटा पावर ने भूटान परियोजना में एसपीवी में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

- कंपनी ने ग्रीन पावर कॉर्पोरेशन के साथ वाणिज्यिक समझौते पर हस्ताक्षर किए




**नई दिल्ली।** टाटा पावर ने कहा कि उसने भूटान के एक विशेष उद्देशीय कोष (एसपीवी) में 1,572 करोड़ रुपये में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए ड्रुक ग्रीन पावर कॉर्पोरेशन के साथ वाणिज्यिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत 1,125 मेगावाट की दोर्जिलुंग जलविद्युत परियोजना स्थापित की जानी है। दोर्जिलुंग भूटान की दूसरी सबसे बड़ी पनबिजली परियोजना होगी, और यह देश में अब तक सबसे बड़ी सार्वजनिक-निजी साझेदारी (पीपीपी) वाली परियोजना होगी।समझौते के तहत टाटा पावर ने तय ढांचे के अनुसार किस्तों में लगभग 1,572 करोड़ रुपये का इक्विटी निवेश करने का वादा किया है।यह परियोजना सितंबर 2031 में चालू होने वाली है, और इसका 80 प्रतिशत उत्पादन भारत को आपूर्ति किया जाएगा। इससे इलाके की ऊर्जा सुरक्षा और साफ बिजली की उपलब्धता को काफी बढ़ावा मिलेगा। इस परियोजना को विश्व बैंक का समर्थन है।इस रियायती समझौते पर थिम्पू में टाटा पावर के सीईओ और एमडी प्रवीर सिन्हा और ड्रुक ग्रीन पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीजीपीसी) के प्रबंध निदेशक दाशो छेवांग रिनजिन ने भूटान के प्रधानमंत्री ल्योंछेन शेरिंग तोबगे की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए।

## इस हफ्ते सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट रही



- सोने में 1,648 रुपए और चांदी में 8,238 रुपए की कमी दर्ज की गई

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 15 नवंबर को 24 कैरेट सोना 1,24,794 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो 22 नवंबर तक घटकर 1,23,146 रुपए पर आ गया। इस तरह हफ्तेभर में सोने में 1,648 रुपए की गिरावट हुई। वहीं चांदी में गिरावट और अधिक रही, 15 नवंबर को चांदी 1,59,367 रुपए प्रति किलोग्राम पर थी, जो घटकर 1,51,129 रुपए रह गई। यानी चांदी में हफ्तेभर में 8,238 रुपए की कमी हुई। गौरतलब है कि अक्टूबर में सोना 1,30,874 रुपए और चांदी 1,78,100 रुपए के स्तर पर पहुंचकर ऐतिहासिक उच्च स्तर पर थी। आईबीजेए के भाव में 3 फीसदी जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होते, इसलिए शहरों में सोने के भाव अलग हो सकते हैं। आरबीआई के सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड और कई बैंकों के गोल्ड लोन वैल्यूएशन इन रेट्स के आधार पर तय होते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, सोने और चांदी की कीमतों में अंतरराष्ट्रीय कारकों के कारण उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है। सोने की कीमतों में गिरावट के मुख्य कारण हैं» अमेरिकी डॉलर का लगातार मजबूत होना, फेड की दिसंबर रेट-कट की उम्मीदों में कमी, अमेरिका की नॉन-फार्म पेरोल रिपोर्ट में देरी से बाजार में अनिश्चितता, जापान के कैरी-ट्रेड अनवाइंडिंग की चिंता, और अमेरिका की तकनीकी कंपनियों के मजबूत रिजल्ट के चलते निवेशकों का शेयर बाजार की ओर रुख। हालांकि, देश में शादी का पीक सीजन शुरू होने से घरेलू मांग मजबूत बनी हुई है। इससे उम्मीद है कि सोने की कीमतें जल्द ही 1.25 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब लौट सकती हैं।

# भारतीय शेयर बाजार में इस सप्ताह मिलाजुला रुख रहा

- सेंसेक्स और निफ्टी में मजबूती के बाद गिरावट दर्ज की गई

मुंबई।

भारतीय शेयर बाजार ने इस सप्ताह मिश्रित रुख प्रदर्शित किया। कंपनियों की दूसरी तिमाही की मजबूत आय रिपोर्ट और निवेशकों की लिवाली के चलते सप्ताह की शुरुआत बढ़त के साथ हुई, जबकि वैश्विक बाजारों में कमजोरी और मुनाफावसूली के चलते सप्ताह के अंत में गिरावट देखी गई। सप्ताह की शुरुआत में निवेशकों का उत्साह उच्च रहा। बीएसई सेंसेक्स सुबह के कारोबार में 234.42 अंक की बढ़त के साथ 84,797.20 पर खुला और 388.17 अंक उछलकर 84,950.95 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी ने भी 56.10 अंक की बढ़त के साथ 25,966.15 पर खुलकर 103.40 अंक ऊपर होकर 26,013.45 पर बंद किया। विशेषज्ञों का मानना है कि कंपनियों की बेहतर आय प्रदर्शन ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया। वैश्विक बाजारों में कमजोरी और मुनाफावसूली के दबाव के कारण मंगलवार को सेंसेक्स 292.95 अंक गिरकर 84,658 पर और निफ्टी 83.3 अंक गिरकर 25,930.15 पर खुला। दिन के अंत में सेंसेक्स 277.93 अंक की गिरावट के साथ 84,673.02 और निफ्टी 103.40 अंक गिरकर 25,910.05 पर बंद हुआ। रुपये में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 8 पैसे की गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को बाजार ने रिकवरी दिखाई। सेंसेक्स 513.45 अंक बढ़कर 85,186.47 और निफ्टी 142.60 अंक की बढ़त के साथ 26,052.65 पर बंद हुआ। गुरुवार को भी सेंसेक्स 446.21 अंक बढ़कर 85,632.68 और निफ्टी 139.50 अंक ऊपर होकर 26,192.15 पर बंद हुआ। इस दौरान निवेशकों का रुझान बड़े शेयरों और मजबूत कंपनियों की ओर रहा। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन सेंसेक्स 400.76 अंक गिरकर 85,231.92 और निफ्टी 124 अंक की गिरावट के साथ 25,068.15 पर बंद हुआ। विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक बाजारों के दबाव और मुनाफावसूली के चलते बाजार सप्ताह के अंत में कमजोर हुआ। बाजार के जानकारों का कहना है कि सप्ताह भर भारतीय शेयर बाजार ने उतार-चढ़ाव देखा। मजबूत आय रिपोर्ट और निवेशकों की खरीदारी ने मध्य सप्ताह तक बाजार को हरे निशान में रखा, जबकि वैश्विक दबाव और मुनाफावसूली के चलते सप्ताह का अंत लाल निशान पर हुआ।




## सेबी करने जा रहा है बाजार नियमों की बड़ी समीक्षा

- म्यूचुअल फंड ब्रोकरेज शुल्क में बदलाव पर होगा पुनर्विचार

**नई दिल्ली ।** बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ब्रोकरों और म्यूचुअल फंडों को नियंत्रित करने वाले पुराने नियमों में व्यापक बदलाव की तैयारी कर रहा है। 1990 के दशक में बने ये नियम वर्तमान बाजार संरचना के अनुरूप नहीं माने जा रहे, इसलिए सेबी 17 दिसंबर को होने वाली बोर्ड बैठक में इन्हें अपडेट करने पर निर्णय ले सकता है। इस पहल के तहत सेबी का उद्देश्य बाजार ढांचे को अधिक पारदर्शी, गतिशील और निवेशक-अनुकूल बनाना है। सेबी म्यूचुअल फंडों द्वारा नकदी बाजार में दिए जाने वाले ब्रोकरेज शुल्क की सीमा में प्रस्तावित कटौती पर भी पुनर्विचार कर रहा है। नियामक पहले इस सीमा को 12 आधार अंक से घटाकर 2 आधार अंक करने की योजना बना रहा था। हालांकि, अब उसका मानना है कि इतनी बड़ी कटौती से स्वतंत्र इक्विटी अनुसंधान पर नकारात्मक असर पड़ सकता है, जो बाजार की दक्षता के लिए महत्वपूर्ण है। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, शुरुआत में लगा था कि लागत कम होने से निवेशकों को लाभ मिलेगा, लेकिन संभावित साइड इफेक्ट को ध्यान में रखते हुए सेबी अपने रुख पर दोबारा विचार कर रहा है। बढ़ती एफएंडओ (फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस) गतिविधियों के बीच नकदी बाजार को अधिक सर्ि य बनाने पर भी सेबी की नजर है। नियामक ऐसे उपायों पर काम कर रहा है, जिनसे नकदी श्रेणी में शॉर्ट सेलिंग और अन्य ट्रेडिंग गतिविधियों को बढ़ावा मिले, ताकि बाजार में संतुलित भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

## सरकार ने चार श्रम संहिताएं लागू कीं

- श्रमिक कल्याण और सुरक्षा में बड़ा बदलाव




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए संसद द्वारा पारित चारों श्रम संहिताओं को तत्काल प्रभाव से लागू करने की घोषणा कर दी है। लगभग पांच वर्ष पहले 29 मौजूदा श्रम कानूनों में सुधार कर इन्हें चार व्यापक श्रम संहिताओं वेतन संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य व कार्य स्थिति संहिता के रूप में एकीकृत किया गया था। सरकार का कहना है कि इन संहिताओं का उद्देश्य श्रमिकों के हितों की रक्षा करना और श्रम व्यवस्था को बदलती कार्य परिस्थितियों के अनुरूप आधुनिक बनाना है। नई श्रम संहिताओं के तहत देश के सभी नियोक्ताओं के लिए प्रत्येक श्रमिक को नियुक्ति पत्र जारी करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही गिग और प्लेटफॉर्म कामगारों सहित संपूर्ण श्रमबल को सामाजिक सुरक्षा कवरेज उपलब्ध कराना होगा। न्यूनतम मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने के अलावा 40 वर्ष से अधिक आयु के श्रमिकों के लिए मुफ्त वार्षिक स्वास्थ्य जांच भी अनिवार्य की गई है। महिलाओं को रात की पाली में काम करने की अनुमति देने के साथ कर्मचारियों राज्य बीमा लाभों का दायरा भी देशव्यापी किया गया है। ठेके पर तय अवधि के लिए काम करने वाले कामगार अब स्थायी श्रमिकों के समान सभी लाभों के पात्र होंगे और उन्हें पांच साल की बजाय केवल एक वर्ष बाद ग्रेच्युटी प्राप्त करने का अधिकार होगा।

# बजट 2026-27 : वित्त मंत्री ने इंफ्रास्ट्रक्चर व ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ की बैठक

**- बैठक में उद्योग विशेषज्ञों और सरकारी शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया**

नई दिल्ली (। वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट की तैयारियों को गति देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शु वार को नई दिल्ली में बुनियादी ढांचा और ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ 11वीं पूर्व-बजट परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का उद्देश्य आगामी बजट के लिए इन क्षेत्रों से जुड़े सुझावों और चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा करना था, ताकि निवेश प्रोत्साहन, परियोजनाओं की गति और ऊर्जा सं मण से जुड़े मुद्दों को नीति निर्धारण में शामिल किया जा सके। बैठक में उद्योग जगत के कई प्रमुख प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इनमें एफकॉन्स के प्रबंध निदेशक एस. परमशिवन, शापूरजी पलोनजी इंफ्रास्ट्र• र कैपिटल के निदेशक मनीष त्रिपाठी, जीएमआर ग्रुप के उप प्रबंध निदेशक के. नारायण राव, जेएम बैक्सी ग्रुप के निदेशक संदीप वाधवा और इंफ्राविजन फाउंडेशन के सीईओ जगन शाह शामिल थे। विशेषज्ञों ने नीति सुधार, परियोजना वित्तपोषण, लॉजिस्टिक्स दक्षता, हरित ऊर्जा और बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण जैसे मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। सरकारी पक्ष से बिजली मंत्रालय, नौवहन मंत्रालय, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकारभी मौजूद रहे। वित्त मंत्रालय ने बताया कि प्राप्त सुझावों का बजट निर्माण में समुचित उपयोग किया जाएगा।

## एक्सिस बैंक एनसीडी के ज़रिए 5,000 करोड़ तक जुटाएगा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक ने कहा कि वह कारोबार बढ़ाने के लिए गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) के जरिए 5,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रहा है। यह बैंक के निदेशक मंडल द्वारा मंजूर 35,000 करोड़ रुपये के धन जुटाने की योजना का हिस्सा है। इसे निजी नियोजन के आधार पर ऋण प्रतिभूति जारी कर जुटाया जाएगा।एक्सिस बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बैंक का निजी नियोजन के आधार पर 5,000 करोड़ रुपये तक के पूरी तरह से भुगतान वाले, सीनियर, रेटेड, सूचीबद्ध, अनसिक्योर्ड, करयोग्य, विमोचनयोग्य, दीर्घावधिक गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर जारी करके कोष जुटाने का प्रस्ताव है।

# सरकार डिजिटल कंटेंट पर सख्त नियंत्रण लाने की तैयारी में

- सरकार बदलेगी आईटी नियम, बदनाम करने वाली डिजिटल सामग्री पर लगेगी रोक

नई दिल्ली।

सरकार सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियम 2021 में संशोधन करने की योजना बना रही है। प्रस्तावित बदलावों के तहत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ऐसी सामग्री प्रसारित नहीं की जाएगी जो अश्लील, मानहानिकारक, जानबूझकर गलत, आधी-सच्चाई वाली या हिंसा बढ़ावा देने वाली हो। मंत्रालय का कहना है कि नया नियम कंटेंट को सभ्य और नैतिक मानकों के अनुरूप बनाएगा। संशोधन विशेषकर भाग-3 के अंतर्गत आने वाले डिजिटल वीडियो इंटरमीडियरी और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर लागू होगा। इनमें यूटयूब, इंस्टाग्राम, नेटफिलक्स, एमेजान, प्राइम वीडियो आदि शामिल हैं। इसके साथ ही समाचार चैनलों और अखबारों के डिजिटल पोर्टल भी इस दायरे में आएंगे।

मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि कोई भी डिजिटल सामग्री जाति, धर्म, नस्ल, राष्ट्रीयता या किसी समूह का अपमान नहीं करेगी, लोगों को अपराध के लिए उकसाएगी या हिंसा को बढ़ावा नहीं देगी। इसके अलावा, कंटेंट सामाजिक, सार्वजनिक या नैतिक जीवन की निंदा या बदनामी नहीं कर सकता। प्रस्ताव के अनुसार नियमों का उल्लंघन करने पर वही सजा दी जाएगी जो वर्तमान में अश्लील सामग्री प्रसारित करने पर लागू होती है।

इसके साथ ही डिजिटल कंटेंट के लिए रेटिंग सिस्टम लागू करने का प्रस्ताव है, ताकि सामग्री की प्रकृति के अनुसार वर्गीकरण हो सके। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा है कि ये बदलाव अभी केवल प्रस्तावित हैं।

इन्हें लागू करने से पहले अंतिम प्रर्ि या और नियमों का निर्धारण किया जाएगा।

सरकार का उद्देश्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर फैलने वाली आपत्तिजनक और भड़काऊ सामग्री को नियंत्रित करना और डिजिटल कंटेंट को जिम्मेदार बनाना है।

## नीरव मोदी की दो मर्सिडीज कारें नीलामी के लिए तैयार, ईडी ने दी अनुमति

- पीएनबी घोटाले में आरोपी की कारें अब आम जनता खरीद सकेगी

मुंबई।

पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के आरोपी और भगोड़े व्यवसायी नीरव मोदी की दो लग्जरी मर्सिडीज कारें अब नीलामी के लिए उपलब्ध होंगी। विशेष पीएमएलए कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को इन गाड़ियों की बि ी की अनुमति दी है। कोर्ट ने कहा कि कारें लंबे समय से ईडी की कस्टडी में हैं, बिना उपयोग खड़ी हैं और उनकी वैल्यू लगातार घट रही है। साथ ही मेंटेनेंस का खर्च बढ़ रहा है। सरकार अब इन्हें बेचकर नुकसान कम करना चाहती है। नीलामी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से की जाएगी। इच्छुक खरीदार एमएसटीसी या बैंक ई-ऑक्शन पोर्टल पर बोली लगा सकते हैं। तारीख और प्रक्रिया जल्द ही ईडी की वेबसाइट और अखबारों में घोषित की जाएगी। नीरव मोदी और मेहुल चोकसी पर 13,850 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप है। आरोपी जनवरी 2018 में देश छोड़कर भाग गए थे और वर्तमान में लंदन में प्रत्यर्पण के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। इससे पहले ईडी नीरव मोदी की 2,600 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति बेच चुका है, जिसमें मुंबई और पुणे की प्रॉपर्टी, लंदन का अपार्टमेंट, हीरे और महंगी पेंटिंग्स शामिल थीं। अब ये दो मर्सिडीज कारें भी इस सूची में शामिल होंगी।



## देश में पेट्रोल-डीजल के रेट में बदलाव, कुछ शहरों में महंगा, कुछ में सस्ता

- दक्षिण भारत और पूर्वी राज्यों में तेल की कीमतों में गिरावट




नई दिल्ली।

देश की पेट्रोलियम कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल और डीजल के नए रेट जारी कर दिए। शु वार हो देश के कई शहरों में ईंधन की कीमतों में बदलाव देखने को मिला है। जहां उत्तर भारत के कुछ शहरों में पेट्रोल और डीजल महंगे हुए हैं, वहीं दक्षिण भारत और पूर्वी राज्यों में कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। दिल्ली के पड़ोसी शहर गुरुग्रा* में पेट्रोल 8 पैसे महंगा होकर 95.65 रुपए प्रति लीटर हो गया, जबकि डीजल 7 पैसे बढ़कर 88.10 रुपए प्रति लीटर पर पहुंचा। जयपुर में पेट्रोल 68 पैसे की बढ़ोतरी के साथ 105.40 रुपए प्रति लीटर और डीजल 61 पैसे महंगा होकर 90.82 रुपए प्रति लीटर हो गया। लखनऊ में पेट्रोल 5 पैसे बढ़कर 94.73 रुपए और डीजल 6 पैसे बढ़कर 87.86 रुपए प्रति लीटर हो गया। पटना में पेट्रोल 29 पैसे और डीजल 27 पैसे की बढ़ोतरी के साथ ' मशः 105.58 और 91.82 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। प्रयागराज में पेट्रोल 87 पैसे बढ़कर 95.53 रुपए और डीजल 1 रुपए महंगा होकर 88.79 रुपए प्रति लीटर हो गया। भुवनेश्वर में पेट्रोल और डीजल दोनों 18 पैसे घटकर ' मशः 100.93 और 92.51 रुपए प्रति लीटर बिक रहे हैं। तिरुवनंतपुरम में पेट्रोल 18 पैसे और डीजल 30 पैसे सस्ता होकर 107.30 और 96.18 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया। आगरा में पेट्रोल और डीजल 5-5 पैसे सस्ते हुए। अंबेडकरनगर में पेट्रोल 29 पैसे और डीजल 26 पैसे की गिरावट के साथ ' मशः 95.31 और 88.49 रुपए प्रति लीटर पर बिक रहे हैं।

## हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने फिर वैश्विक मंच पर भारत का नाम ऊँचा किया




उदयपुर।

विश्व की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक प्रोड्यूसर और इंटरनेशनल काउंसिल ऑन माइनिंग एंड मेटल्स (आईसीएमएम) में एशिया की पहली कंपनी हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने फिर वैश्विक मंच पर भारत का नाम ऊँचा कर दिया है। कंपनी ने स्वीडन की गारपेनबर्ग जिंक खदान में आयोजित दुनिया की सबसे गहरी मैराथन में हिस्सा लेकर दो नए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में कंपनी के सीईओ अरुण मिश्रा और सीओओ किशोर एस. ने 18 देशों के 57 प्रतिभागियों के साथ समुद्र तल से 1,120 मीटर नीचे, लगभग पूर्ण अंधकार, उच्च आर्द्रता और चुनौतीपूर्ण भूभाग के बीच मैराथन पूरी की।

इस मैराथन ने दो श्रेणियों में गिनीज रिकॉर्ड कायम किए द डीपेस्ट मैराथन (इंडिविजुअल), द डीपेस्ट अंडरग्राउंड मैराथन डिस्टेंस रन (टीम)। इसके साथ ही मिश्रा इन श्रेणियों में स्थान पाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं, जो भारतीय कॉर्पोरेट नेतृत्व और भारत के खनन क्षेत्र के लिए गर्व का ऐतिहासिक क्षण है।

ऊपर से 30 डिग्री तापमान, नमी, बजरी वाला इलाका और बहुत कम दृश्यता-इन सभी चुनौतियों के बीच एथलीट्स ने 3.84 किमी लंबी सुरंग के 11 चक्कर पूरे कर मैराथन को पूरा किया। इस आयोजन का उद्देश्य बीकम एक्स फाउंडेशन और वाइड एट हार्ट फाउंडेशन के लिए 1 मिलियन डॉलर से अधिक की राशि जुटाना था।

सीईओ मिश्रा ने कहा कि इस मैराथन में हिस्सा लेना केवल एक एंड्योरेंस चैलेंज नहीं था, बल्कि यह इस बात का जीवंत उदाहरण है कि माइनिंग इंडस्ट्री कैसे सुरक्षित और तकनीकी रूप से आगे बढ़ी है। मुझे गर्व है कि हिन्दुस्तान जिंक इस रिकॉर्ड-ब्रेकिंग आयोजन का हिस्सा बना। यह साबित करता है कि सुरक्षा, तकनीक और सहयोग के साथ हम सबसे कठिन परिस्थितियों में भी असंभव को संभव बना सकते हैं।

# बिहार में आखिर नीतीश कुमार मुख्यमंत्री क्यों बने?


संजय गोस्वामी

**नीतीश ने सबको समझाया आप भले ही पार्टी का नेतृत्व कर रहें हैं लेकिन विधायक तो पाला बदल सकते हैं, इसलिए पहले ही चिराग पासवान, जितन राम मांझी, और उपेंद्र कुशवाहा ने एनडीए की बैठक से पहले ही बिहार के मुख्यमंत्री पद के लिए नीतीश कुमार का ऐलान कर दि थी...**

बिहार में सारी राजनीती में शतरंज के खेल में शह और मात में आखिर बीजेपी 2025 में सबसे बड़े दल 89 सीट लाकर भी अपना मुख्य मंत्री क्यों नहीं बना पाई इसकी खास वजह है। एनडीए में केंद्र में आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री चंद्राबाबू नायडू की अहम भूमिका थी। चुनाव के बाद चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारे लोकेश पटना,इसलिए पहुंचे की कहीं बिहार में जेडूयू को तोड़कर या जेडीयू को छोड़कर बहुमत का आंकड़ा लेकर बड़ी पार्टी के नाते बीजेपी अपना सीएम का दावा राज्यपाल को न सौंप दें,और बीजेपी अपना मुख्यमंत्री न बना लें, 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद जो सरकार बनाने की परिस्थिति थी । उसमें बीजेपी बहुमत के आंकड़ो के साथ सरकार न बना लें क्योंकि उसके 89 विधायक थे सरकार बनाने हेतु 122 का नम्बर चाहिए था। जिसमें 19 चिराग पासवान के और हम के 5 और उपेंद्र कुशवाहा के 4 विधायक थे यानि कुल 28 की संख्या थी 89 में 28 जोड़ने से 117 विधायक थे सिर्फ 5 विधायक तो चाहिए था जिसमें बसपा का 1 आई आई सी का 1 1निर्दलीय और 3 तो हो गया बाकी तो बहुमत साबित के समय एआईएमआईएम के 5 विधायक उपस्थित ही नहीं होते,तो सरकार तो बीजेपी की बन ही जाती इसलिए एआईएमआईएम के प्रमुख ओबैसी को डर लगने लगा और चुनाव परिणाम के बाद नीतीश कुमार को सीएम के सवाल पर बीजेपी की खामोशी से ये पता चल रहा था कि , बीजेपी नीतीश कुमार को बिहार के मुख्यमंत्री बनाने के मूड में नहीं है क्योंकि राज्य पाल भी उनके पार्टी का ही है, और महाराष्ट्र में उनका प्रयास भी सरकार बनाने में सफल रहा था जानकारी के अनुसार इसलिए चंद्रा बाबू नायडू से नीतीश ने सहयोगी दल होने के नाते सपोर्ट माँगा और वो नीतीश कुमार को मुख्य मंत्री बनाने के लिए अड़ गए थे क्योंकि उन्हें भी अपने राज्य में भविष्य में टी डी पी को सत्ता में बनाए रखना है । इसलिए सारी राजनीती गतिविधियों की जानकारी के लिए उनके पुत्र पटना में थे, ताकि यदि बीजेपी कोई चाल चले तो केंद्र में उनके 15 सांसद और 12 सांसद जेडीयू के केंद्र में समर्थन वापस ले लेती,और जानकारों के अनुसार केंद्र में सरकार का गिरना तय था, क्योंकि शिव सेना के शिंदे गुट के भी 6 सांसद भी इधर महाराष्ट्र की सियासत से निकाय चुनाव और पार्टी तोड़ने को लेकर खुश नहीं थे। ऐ सब यदि समर्थन वापस लेते तो केंद्र में सरकार गिर सकता था, क्योंकि जब बहुमत साबित होना रहता है तो बीजेपी के भी 240 सासंद में कितने गैरहाजिर रहते ऐ भी एक प्रश्नचिन्ह था। क्योंकि कुछ तो नाराजगी पार्टी के अंदर है चूँकि अटलजी के समय जब एआईआईडीमके के प्रमुख ने 1998 में अटलजी के सरकार से समर्थन वापस लेकर अविश्वास प्रस्ताव लाया था, तो



1वोट से सरकार गिर गई थी इसलिए बीजेपी सेंटर में कोई रिश्क नहीं लेना चाहती थी इसलिए नीतीश कुमार बाल बाल बचे और मुख्यमंत्री बनने में कामयाब हुए इधर जेडीयू ने अपने सहयोगी दल को ऐ समझाने में कामयाब हुए की यदि मैं यानी नीतीश सरकार बिहार में नहीं रहूँगा तो आपकी पार्टी तो छोटी छोटी है और बीजेपी उसे आसानी से तोड़ देगी,यही कारण था कि जो बीजेपी ने नीतीश कुमार को सीएम पद का ऐलान नहीं कर पा रही थी क्योंकि उसे लगा कि 89 सीट लाकर राज्यपाल बड़े दल के रूप में सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करेंगी, इसलिए नीतीश ने सबको समझाया आप भले ही पार्टी का नेतृत्व कर रहें हैं लेकिन विधायक तो पाला बदल सकते हैं, इसलिए पहले ही चिराग पासवान, जितन राम मांझी, और उपेंद्र कुशवाहा ने एनडीए की बैठक से पहले ही बिहार के मुख्यमंत्री पद के लिए नीतीश कुमार का ऐलान कर दि थी,क्योंकि 2020 में वीआईपी तो एनडीए के साथ थी बाद में विधायक तोड़ने के बाद महागठबंधन में चले गए और इस बार के चुनाव में महागठबंधन में उप मुख्यमंत्री के पद का भी मुकेश सहनी ने करवा दिया। अब चुनाव के बाद जिस तरह बिहार में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को गृह मंत्री का पद मिला है, इससे ऐ लगता है कि अभी भी खेल खत्म नहीं हुआ क्योंकि विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव इसपर सवाल कर रहें हैं कि नीतीश सरकार से 20 साल बाद गृह मंत्रालय लेकर भाजपा उन्हें कमजोर कर दि है, सम्राट चौधरी पहले आरजेडी में थे बाद में 2023 में अचानक बीजेपी में प्रदेश अध्यक्ष की हैसियत से पार्टी में आएं जबकी प्रशांत किशोर की डिजिटल टीम ने शिल्पी मर्द केस पर सम्राट चौधरी का नाम जोड़ा था और उसको लेकर आर के सिंह ने भी सवाल उठाये थे, बाद में उन्हें पार्टी से 6 साल के लिए निलंबित कर दिया दरअसल सम्राट चौधरी का अहम रोल 2024 में जब आरजेडी से जे डी यू ने समर्थन वापस लेकर विधायक के जोड़ तोड़ और तेजस्वी यादव का विधायक को अपने आवास में कैद कर उनके घर से विधायक को उठाकर कहीं रास्ते से पकड़ कर जिसमें बीजेपी बाद में विधानसभा में बहुमत साबित करने में पहले स्पीकर को हटाया और बाद में बहुमत साबित किया ऐ बिल्कुल वैसा ही था जब 2018 के महाराष्ट्र के चुनाव में बीजेपी और शिव सेना के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर तकरार हुआ और एक दिन देवेंद्र फड़नवीस और अजीत पवार ने मिलकर राजभवन में मुख्य मंत्री और अजीत पवार ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ तो ले ली लेकिन बाद में शिव सेना के विधायक, एनसीपी और कांग्रेस ने मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया और बहुमत सिद्ध होने तक सारे विधायक एक होटल से दूसरी होटल में शिफ्ट होते गए हालांकि 2022 में शिव सेना में एक नाथ शिंदे की बगावत के बाद उसकी सरकार गिर गई, आज ऐ स्थिति है कि ना तो शिंदे सरकार में संतुष्ट नजर आ रहें हैं और ना हि उद्धव ठाकरे को उनका निर्णय सही लग रहा है इससे जो क्षेत्रीए पार्टी है । उसमें गलत मैसेज गया जिसदिन बीजेपी को जेडीयू के सहयोग से सरकार बनानी थी। ठीक उस रात सम्राट चौधरी ने रात भर अपने विधायक की घेरा बंदी कर रहें थे अतः उस समय सम्राट चौधरी ने बीजेपी के विधायक को डराया था,और लगता है कि इन सबके कारण गृहमंत्री का इनाम मिला, लेकिन उनके बोल चाल से मालूम होता है ,की छवि बीजेपी के अच्छे नेताओं में नहीं है जैसे दूसरे डिप्टी सी एम विजय कुमार सिन्हा हैं, क्योंकि वो बीजेपी के कार्यकर्ता के रूप में जमीन से जुड़े हैं, दरअसल सम्राट चौधरी, पूर्व मंत्री बिहार सरकार शकुनि चौधरी के पुत्र हैं जो आरजेडी के कट्टर नेता थे। अतः आदमी का स्वभाव कुछ दिनों में नहीं बदलता है उसके लिए परिवार में आप किस तरह पले बढ़े उस पर निर्भर करता है। बिहार में पूर्व उप मुख्य मंत्री सुशील कुमार मोदी जिस तरह बीजेपी में एक अच्छी छवि बनाई और एक नाम श्री नन्द किशोर यादव का भी है,जो पहले बिहार में एनडीए के संयोजक थे बाद में बिहार में मंत्री भी बने बाद में वे स्पीकर बने और 2025 में उनको टिकट ही नहीं मिला डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा को भी गृह मंत्रालय दिया जा सकता था, जिस पर किसी ने कोई भी आरोप नहीं लगाएं हैं, और बोलचाल में भी ठीक हैं अतः बीजेपी को इस बात पर भी ध्यान देने की जरुरत है,कि पार्टी में अच्छे लोगो और किसी ने कोई भी आरोप नहीं लगाएं हो उसे ही अहम मंत्रालय मिले। ताकि उनके साथ जो आईएएस, आईपीएस रैंक के अधिकारी पढ़ लिख कर आते हैं, उन्हें शर्मिंदा न होना पड़े और एक अच्छी छवि भी बने डराने वाला नहीं शांति से बात करने वाला काबिल नेता हो और इससे अच्छे लोग पार्टी से जुड़े.नहीं तो बीजेपी और दूसरी पार्टी में क्या फर्क रह जायेगा जिसे जंगल राज से जोड़ कर देखा जाता है दरअसल ऐ बिहार है एक गरीब राज्य इसलिए यहाँ मलाई नहीं है इसलिए बीजेपी इस तरफ उतना दिमाग नहीं लगाएगी लेकिन पश्चिम बंगाल बिहार से काफी अच्छा राज्य है जो महानागर की श्रेणी में वहाँ अब पुरी कोशिश होगी सरकार बनाने की जो माननीय प्रधानमंत्री जी ने बिहार चुनाव जीतने के बाद दिल्ली के बीजेपी कार्यलय में कहा था कि गंगा वहाँ से बहकार बंगाल को जाती है और पश्चिम बंगाल में जंगल राज खत्म करना है, लेकिन ऐ बात ही तो बताना नहीं चाहिए क्योंकि अब टीएमसी की सरकार ममता बनर्जी अलर्ट हो गई है और आगे की रणनीति पर काम करना भी चालू कर दिया है और लेडीज होने के नाते लेडीज का वोट भी बहुत अधिक मिलता है अतः वहाँ कुर्सी पानी है तो किसी लेडीज नेता को ही चुनाव में उतरना उचित होगा जिसका जनाधार भी हो फिलहाल ऐसा दिख नहीं रहा है।

## संपादकीय

### ‘एसआईआर’ पर विवाद

लोकतंत्र से बड़ा और महत्वपूर्ण न तो चुनाव आयोग है और न ही मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण है। यदि चुनाव आयोग के इस शुद्धिकरण अभियान पर कुछ राज्य सरकारों की आपत्तियां और सवाल हैं, तो आयोग पूरी संवेदनशीलता के साथ सुने और समन्वयवादी कार्रवाई करे। चुनाव आयोग अपनी संवैधानिकता के खोल में सिमटा, खामोश नहीं बैठा रह सकता। वह संसद और राष्ट्र के प्रति पूरी तरह जवाबदेह है। सरकार बहाने बनाती रही है और बीते संसद सत्र के दौरान 100 से अधिक नोटिसों के बावजूद चुनाव आयोग पर चर्चा कराने से कन्नी काटती रही है। चूंकि लोकतंत्र में औसत मतदाता, यानी देश का नागरिक, ही सर्वोच्च है। वह मतदाता ही संसद और सरकार को चुनता है। सरकार संसद के प्रति जवाबदेह है। सरकार ही चुनाव आयुक्तों का चयन करती है। इन तमाम समीकरणों के मद्देनजर संसद में चुनाव आयोग की भूमिका और मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर लंबी चर्चा होनी चाहिए। संसद का शीत सत्र 1 दिसंबर से शुरू हो रहा है। दरअसल यह देश एक भी नागरिक की मौत या आत्महत्या की घटना को बर्दाश्त नहीं कर सकता। चुनाव आयोग यह मुगालता भी न पाले कि राज्यों में फर्जी और घुसपैठियों के वोट से ही सरकारें बनी हुई हैं। यह राजनीति है और चुनाव आयोग को ऐसी राजनीति में संलिप्त नहीं होना चाहिए। वह देश की संवैधानिक संस्था है। देश उसका बहुत सम्मान करता है, भरोसा करता है। लेकिन सिर्फ चुनाव आयोग ही सच्चा और सही है, समूचा विपक्ष गलत और दुष्प्रचारी है। विपक्ष भी लोकतंत्र में निर्वाचित पक्ष है।
बेशक एसआईआर एक प्रशासनिक और विसंगतियों को दुरुस्त करने की अनिवार्य प्रक्रिया है, लेकिन वह मौत या आत्महत्या की प्रक्रिया साबित नहीं होनी चाहिए। हमें क्या, पूरे देश को यह स्वीकार्य नहीं होगा कि बंगाल, तमिलनाडु, केरल, राजस्थान, मप्र आदि राज्यों में 'बूथ लेवल ऑफिसर' (बीएलओ) आत्महत्याएं करें अथवा काम के अत्यधिक दबाव और तनाव के कारण अकाल मौत के शिकार हों और चुनाव आयोग एसआईआर के आंकड़े ही गिनता रहे। देश में जनगणना की प्रक्रिया भी बाधित हुई है, तो एसआईआर के लिए चुनाव आयोग इतनी हड़बड़ी, जल्दबाजी में क्यों है कि एक ही माह में करीब 51 करोड़ मतदाताओं के रिकॉर्ड विशुद्ध करने पर आमादा है? जब 20 साल या अधिक अवधि तक मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण नहीं होता, तो क्या देश में चुनाव फर्जी या गड़बड़ वाली सूचियों के आधार पर किए गए?

## चिंतन-मनन

### अहिंसा का स्वरूप

सामान्यतः अहिंसा को निषेधार्थक माना जाता है। ह्यन हिंसा -अहिंसाह्ल-हिंसा का अभाव अहिंसा है, यह इसकी एकांगी परिभाषा है। इसको सवार्गीण रूप से परिभाषित करने के लिए इसके विधेयार्थ और निषेधार्थ दोनों को समझना जरूरी है। किसी प्राणी के प्राणों का वियोजन नहीं करना, इस सूत्र का हिंसा के संदर्भ में जितना मूल्य है, उससे भी अधिक मूल्य है किसी भी प्राणी के प्रति अनिष्ट चिंतन के बहिष्कार का।
असत विचार हिंसा है। असत वचन सा है। जितना कुछ झूठ बोला जाता है, वह हिंसा की प्रेरणा से ही बोला जाता है। असत चिंतन और असत वाणी की तरह असत व्यवहार मात्र हिंसा है, चाहे वह किसी के भी प्रति हो। मनुष्य की प्रवृत्ति सत और असत दोनों प्रकार की होती है। जिस प्रवृत्ति के साथ असत शब्द का योग हो जाता है, वह हिंसा-संवलित ही होती है। दूसरों के प्रति द्वेष की भावना, ईर्ष्या, उन्हें गिराने का मनोभाव और उनकी बढ़ती हुई प्रतिष्ठा को रोकने के सारे प्रयत्न हिंसा में अंतर्गर्भित हैं। दूसरों के मन में भय उत्पन्न करना, उनके सामने दुखद परिस्थितियां उभार देने, उनके विकास के मार्ग में बाधा पहुंचाना आदि प्रवृत्तियां भी हिंसा की परिधि में समाविष्ट हैं। इन प्रवृत्तियों का सर्वथा निरोध अहिंसा का आदर्श है। यह अहिंसा का नेगेटिव पक्ष है। अपने पॉजिटिव पक्ष में अहिंसा समता, मैत्री, संयम आदि उदात्त वृत्तियों से अनुबंधित है। यहां अहिंसा का वाच्यार्थ न मारने तक की सीमा में आबद्ध नहीं है। जहां यह प्रतिबद्धता जुड़ जाती है, अहिंसा का व्यापक अर्थ एक छोटे-से संदर्भ में समा जाता है। समता का धरातल असीम है। मैत्री की पौध इसी धरातल पर फली-फूली रह सकती है। इससे आत्मौपम्य की भावना जागृत होती है। आत्मतुला की बुद्धि से प्रेरित व्यक्ति कही अहिंसा को समझ सकता है और उसका पालन कर सकता है। जो व्यक्ति छोटे और बड़े, अनुकूल और प्रतिकूल हर प्राणी के प्रति समत्व बुद्धि का विकास करता है, वह अहिंसक होता है।

# आओ प्रकृति के साथी बनें, मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करें


किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर आज हर देश पर्यावरण समस्याओं का सामना कर रहा है जिसका समाधान खोजने उसपर अमल करने के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सभी देश एकत्रित होकर पर्यावरण की सुरक्षा के मुद्दों पर अनेक उपायों की चर्चा कर उसके क्रियान्वयन करने में लगे हुए हैं जिसमें पेरिस समझौता सहित अनेक ऐसे समझौते शामिल हैं जो मानवीय जीवन को पर्यावरण के खतरों से बचाने के लिए मील का पत्थर साबित होंगे।
साथियों बात अगर हम भारत की करें तो भारत न केवल हर अन्तर्राष्ट्रीय मंचों से पर्यावरण की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान और सहयोग प्रदान कर रहा है बल्कि घरेलू स्तरपर भी अनेक लक्ष्यों को भी अपने टारगेट समय से पूर्व पूर्ण करने की ओर अग्रसर है। राष्ट्रीय स्तरपर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अनेक सामाजिक, सहकारी, सरकारी, निजी संस्थाएं कार्य कर रही है परंतु अगर वास्तव में हमें पर्यावरण को सुरक्षित करना है तो हर नागरिक को इस पर्यावरण सुरक्षा संबंधी यज्ञ में अपने सहयोग रूपी आहुति देनी होगी और अभियान चलाकर, आओ मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करें, का नारा देना होगा! मानव को प्रकृति का साथी बनना होगा तथा अनुकूल मानवीय सभ्यता पर्यावरण संबंधित समस्याओं को दूर कर खुशहाल समृद्धि टिकाऊ भविष्य का निर्माण करेगी ऐसी सोच रखनी होगी।
साथियों बात अगर माननीय केंद्रीय रक्षा मंत्री द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने भी, विज्ञान के क्षेत्र में नईप्रौद्योगिकीयों को खोजने तथा ऐसे नवोन्मेषण करने की अपील की जो पर्यावरण के अनूकूल मूल्यों को बनाये रखेंगे। उन्होंने कहा, हमें प्रकृति का साथी बन जाना चाहिए तथा जीवों के साथ साथ प्रकृति के निर्जीव तत्वों के प्रति भी श्रद्धा और सम्मान की भावना रखनी चाहिए। मुझे पूरा विश्वास है कि धीरे धीरे मानव सभ्यता हमारे समय की पर्यावरण संबंधित समस्याओं को दूर करेगी तथा हम सभी के लिए एक खुशहाल, समृद्ध, न्यायसंगत तथा टिकाऊ भविष्य का निर्माण करेगी। उन्होंने पर्यावरण के क्षरण पर चिंता जताई और कहा कि पृथ्वी के इकोसिस्टम का निर्माण इस तरह से किया गया है कि किसी एक विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र में प्रभाव केवल उसी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता बल्कि यह पूरे विश्व को सन्निहित कर लेता है। उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए हमारे सामने कार्बन उत्सर्जन का मामला है। भले ही यह एक देश में हो रहा हो, निश्चित रूप से यह अन्य सभी देशों को प्रभावित कर रहा है। यही कारण है कि वैश्विक पर्यावरण सुरक्षा के संबंध में, सभी शिखर सम्मेलन, सम्मेलन, संधियां तथा समझौते, चाहे वह रियो समिट हो या डेजर्टिफिकेशन से मुकाबला करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन, जलवायु परिवर्तन कन्वेंशन, क्योटो प्रोटोकॉल या पेरिस सम्मेलन, वे सभी समान रूप से एक सुर में कार्य करने के लिए विश्व के सभी देशों का मार्गदर्शन करते हैं। एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में, भारत ने अपनी परंपरा और संस्कृति से निर्देशित होकर निरंतर मृदा संरक्षण क लिए कार्य किया है। केवल मिट्टी पर ध्यान केंद्रित करने के जरिये मृदा संरक्षण नहीं किया जा सकता। हमने इससे जुड़े सभी घटकों जैसे वनीकरण, वन्य जीवन, आर्द्र भूमि आदि को संरक्षित करने और बढ़ाने का कार्य किया है। केवल सामूहिक प्रयासों से ही सामूहिक समस्याओं का निदान संभव होगा। इसलिए, यह आवश्यक है कि हम सभी मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करने का प्रयास करें और एक साथ मिल कर एक बेहतर विश्व की ओर बढ़ें।उन्होंने मिट्टी बचाओ अभियान को उम्मीद की किरण बताया क्योंकि इससे यह विश्वास पैदा होता है कि इस अभियान के माध्यम से विश्व भर के लोग आने वाले समय में मृदा के स्वास्थ्य को बनाये रखने में योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल मिट्टी की रक्षा करने बल्कि मानव सभ्यता एवं संस्कृति को संरक्षित करने का भी एक प्रयास है।उन्होंने पर्यावरणीय समस्याओं को दूर करने के लिए प्रेरित करने के अतिरिक्त लोगों को योग के माध्यम से अधिक प्रसन्नचित्त तथा अधिक सार्थक जीवन जीवन जीना सिखाने के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा, वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश देकर भारत ने अपनी सीमा के भीतर रहने वाले लोगों को ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लोगों को अपना परिवार माना है। श्री सद्गुरु ने अपने काम से निश्चित रूप से एक नया पर्यावरण आंदोलन पैदा करने के लिए वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को जीवंत बनाया है। उन्होंने कहा, वह मिट्टी बचाओ जैसे अभियानों तथा अध्यात्मिकता के माध्यम से दिव्य संदेश दे रहे हैं।
अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आओ प्रकृति के साथी बनें। आओ मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करें। मानवीय जीवन को पर्यावरण के खतरों से बचाने के लिए नागरिकों की सहभागिता मील का पत्थर साबित होगी।
(संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार)
(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# खतरे की घंटी हैं अपराध की राह पर बढ़ते किशोर


मनोज कुमार अग्रवाल

हापुड़ (यूपी) में एक किशोर बेटे ने अपने दो दोस्तों की मदद से किसान पिता की गोली मारकर हत्या कर दी और वारदात को आत्महत्या का मामला बता दिया। अब पुलिस जांच में पाया गया है कि पिता का कुसूर इतना था कि इकलौते बेटे की किसी गलती पर पिटाई की थी जिसका अंजाम बेटे ने पिता को खेत पर बुला कर गोली से उड़ा दिया। यह वारदात बता रही है कि समाज में नाबालिग मन मस्तिष्क कितने शातिर ढंग से अपराध कर रहे हैं।
पिछले कुछ माह में राजधानी दिल्ली के मुंडका में नाबालिग की गला रेतकर हत्या। फर्श बाजार में 73 वर्षीय बुजुर्ग की चाकू घोंपकर हत्या। आनंद पर्वत में बदले के लिए युवक की हत्या। जहांगीरपुरी में वर्चस्व कायम करने के लिए युवक की हत्या। इन सभी हत्याओं का जिक्र कर रहे हैं, इन सभी को 14 से 17 साल के बीच के नाबालिग लड़कों ने अंजाम दिया। जिस उम्र में कंधे पर बस्ता और हाथों में कलम होना चाहिए, उसी उम्र में नाबालिग अपराध की दुनिया का रुख कर रहे हैं। इसके पीछे कारण चाहे कुछ भी हो, लेकिन पुलिस के लिए यह नाबालिग मुसीबत बन गए हैं।
पढ़ने की उम्र में नाबालिग अपराध की दुनिया में कदम बढ़ा रहे हैं। चोरी, लूटपाट ही नहीं, लोगों का खून बहा रहे हैं।सगे संबंधी पडोसी और परिचित के साथ भी वारदात करने में उनको जरा भी हिचक नहीं हो रही। कई नाबालिग अपराधी तो ऐसे हैं, जो बाल सुधार गृह जाकर भी नहीं सुधर रहे। वह वहां से बाहर आने के बाद अपराध के क्षेत्र में फिर से सक्रिय हो रहे हैं।
बीते दिनों दिल्ली के विजय विहार इलाके में लूट का विरोध करने वाले एक ऑटो चालक की निर्मम हत्या में पांच नाबालिगों की गिरफ्तारी गंभीर चिंता बढ़ाने वाली है। देश में नाबालिगों के बालिगों की तर्ज पर गंभीर अपराधों को अंजाम देने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। वहीं दिल्ली की घटना में गिरफ्तार किशोरों की स्वीकारोक्ति डराने वाली है कि वे नशे के आदी हैं और पैसे जुटाने के लिये लूटपाट जैसे अपराधों में लिप्त रहते हैं। यह घटना हमारे समाज में पनप रही विकृतियों की ओर इशारा कर रही है
सीलमपुर में 13 वर्षीय करण की हत्या इसका स्पष्ट उदाहरण है। यह समाज के लिए चिंता की बात है। जघन्य अपराधों में संलिप्त नाबालिगों को लेकर कानून लचर होने के कारण यह दुस्साहस बढ़ रहा है। नाबालिग अपराधियों के हाथों जिनके अपने मारे गए, वह कानून में बदलाव के जरिये सख्ती करने की मांग कर रहे हैं।
जाफराबाद में 11 जुलाई 2024 को भाई व दोस्त के साथ कपड़े खरीद रहे 15 वर्षीय मोहम्मद फैज की दुकान से बाहर निकाल बीच बाजार में गोली मार कर हत्या कर दी थी। इस वारदात को नाबालिग शमिल था। उसे पुलिस ने पकड़ कर बाल सुधार गृह भेजा था। अब वह बाहर है। बालिग हो चुका है और हाल में उत्तर पूर्वी जिला पुलिस ने उसे एक अन्य अपराध के मामले में गिरफ्तार किया है।
आरोपित गैंग्स्टर बन चुका है। मृतक के पिता मोहम्मद गुफरान का कहना है कि यह न्यायोचित नहीं है कि हत्या जैसा गंभीर अपराध करने वाले को इस बात पर रहम दे दिया जाए कि वह नाबालिग है।
न्यू सीलमुर के 17 वर्षीय कुणाल की इसी वर्ष 17 अप्रैल को हत्या कर दी गई थी। इस वारदात में दो नाबालिग शामिल थे, जिन्हें पुलिस ने पकड़ा था। कुछ ही महीनों में वह बाल सुधार गृह से बाहर आ गए। अब वह खुली हवा में सांस ले रहे हैं।यह स्थिति देख कर कुणाल के स्वजन का दम घुट रहा है। उसकी मां प्रवीन अब न्याय की उम्मीद छोड़ चुकी हैं।
अब वक्त आ गया है कि किशोर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये सख्त कानूनों के प्रावधान हों। इसकी वजह यह है कि किशोरों को अपराध करने के बाद सामान्य जेलों में रखने के बजाय बाल सुधार गृहों में भेज दिया जाता है। लेकिन बाल सुधार गृहों में रहने के दौरान भी ऐसे अपराधी किशोरों में बड़ा बदलाव नजर नहीं आता। अक्सर देखा जाता है कि बाल सुधार गृहों में रहने की सीमित अवधि के बाद कई किशोर फिर अपराधों की दुनिया में उतर जाते हैं। समाज विज्ञानियों का मानना है कि किशोर अपराधों को लेकर कानून के अस्पष्ट और लचर होने की वजह से भी दोषियों को दंडित नहीं किया जा सकता। अक्सर कहा जाता है कि नाबालिगों की सजा के मामले में अभियुक्त की उम्र को घटा दिया जाए। दरअसल, बदलते परिवेश में समय से पहले किशोरों में वयस्कों की नकारात्मक प्रवृत्तियां पनपने लगी हैं। जिसके चलते वे बड़ों के जैसे अपराध तो करते हैं। लेकिन उन्हें उस अनुपात में सजा नहीं दी जा सकती। वैसे यह भी हकीकत है कि किशोरों के सामने लंबा भविष्य होता है। यदि परिस्थितिवश या मजबूरी में वे कोई अपराध करते हैं तो उन्हें सुधरने का मौका दिया जाना चाहिए। वैसे भी दंड का अंतिम उद्देश्य व्यक्ति में सुधार ही होता है।
किशोर सजा काटने के बाद भी लगातार अपराध की दुनिया में सक्रिय रहते हैं तो उसके लिये दंड के सख्त प्रावधान होने चाहिए। वहीं, अपराध के मूल में आर्थिक विषमताएं भी हैं, जिसके चलते वे पढ़-लिख नहीं पाते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में तमाम सामाजिक विद्रूपताएं भी किशोर मन में नकारात्मक प्रभाव डाल रही हैं। जैसेकि दिल्ली की घटना में लिप्त किशोरों ने स्वीकारा कि वे नशे के आदी हैं, यह घटना हमारे समाज में नशे के नासूर से उपजे संकट की ओर इशारा करती है। ऐसे में नशे पर अंकुश के साथ ही उन सामाजिक विसंगतियों पर नजर रखने की जरूरत है जो किशोर मन के भटकाव को जन्म देती हैं। भारतीय समाज में जीवन मूल्यों का तेजी से होता पतन भी एक वजह है। किशोरों को नैतिक शिक्षा का पाठ सही ढंग से न स्कूलों में मिल पा रहा है और न ही घरों में। इस संकट का एक बड़ा पहलू इंटरनेट पर जहरीली व अश्लील सामग्री की प्रचुरता भी है। अक्सर किशोरों द्वारा भी इंटरनेट पर अश्लील सामग्री देखने के बाद यौन हिंसा को अंजाम दिया जाता है । ऐसे में बच्चों को संस्कार स्कूल और घर के बजाय मोबाइल से मिल रहे हैं। लेकिन इतना तय है कि सोशल मीडिया व इंटरनेट से जुड़े विभिन्न माध्यमों में परोसी जा रही विषैली सामग्री बाल मन पर बुरा असर डाल रही है। ऐसे में नशा, अश्लीलता और अपराध उन्मुख कार्यक्रम किशोरों को अपराध की गलियों में गुजरने के लिए उकसा रहे हैं। बहरहाल, अब समय आ गया है कि नीति-नियंताओं को विचार करना चाहिए कि हत्या-बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों में लिप्त किशोरों के लिये कैसे कानून बनें। निश्चय ही कानून का मकसद किसी अपराधी में सुधार ही होना चाहिए। लेकिन इस छूट को सजा से छूट का हथियार बनने देने से भी रोकना चाहिए। कानून में समय परिस्थितियों की मांग के अनुसार परिवर्तन और सुधार करने की जरूरत है अब ऐसे गिरोह भी सक्रिय हैं जो नाबालिगो को कच्चा लालच देकर हायर कर संगीन वारदातों को साजिशन अंजाम दिला रहे हैं। बड़े गैंगस्टर भी इनको वारदातों को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल करते हैं। कुछ साल पहले चार नाबालिग लड़कों ने कड़कड़डूमा कोर्ट में जज के कमरे में घुसकर गैंगस्टर इरफान उर्फ छेनू पर हमला करवा दिया था। इन लोगों ने छेनू को पांच गोली मारी, लेकिन उसके बाद भी वह जिंदा बच गया। हमले में दिल्ली पुलिस का एक हवलदार इन नाबालिगों की गोली लगने से मारा गया था। बाद में पता चला था कि छेनू के विरोधी नासिर ने इन नाबालिग शूटरों का इंतजाम किया था। इसके बाद से लगातार इन नाबालिगों के इस्तेमाल का तेजी से ट्रेंड बढ़ गया। मौजूदा समय में बदमाश लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। जरूरत इस बात की है कि नाबालिगो की परवरिश के लिए समाज में स्वस्थ माहौल की स्थापना की जाए उनके भीतर नैतिकता रोपी जाए ताकि बचपन भविष्य का अपराधी बनने से बचाया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश में 5.5 तीव्रता का भूकंप, बंगाल में भी तेज झटके ; नरसिंगडी में रहा केंद्र

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में 5.5 तीव्रता का भूकंप आने के बाद पश्चिम बंगाल में भी तेज झटके महसूस किए जाने की खबर है। अमेरिकी एजेंसी- यूएसजीएस ने बताया है कि भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के नरसिंगडी के पास रहा। फिलहाल, किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं मिली है। इस संबंध में सूचनाएं लगातार अपडेट हो रही हैं। यूएसजीएस ने बताया कि भूकंप के झटके शुक्रवार सुबह 10.08 बजे महसूस किए गए। भूकंप से जुड़ी एक अन्य मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार सुबह बांग्लादेश के कुछ हिस्सों में भूकंप आया। डेली स्टार की इस खबर के अनुसार, बांग्लादेश ओपन यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति और भूविज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर सैयद हुमायूं अख्तर ने बताया कि बांग्लादेश के कुछ हिस्सों में आए भूकंप के झटके बहुत तेज थे। प्रोफेसर अख्तर के मुताबिक हाल के दिनों में, बांग्लादेश ने में इतनी तीव्रता के झटका महसूस नहीं किए गए हैं। रिपोर्ट्स में बताया गया कि सीमा पर बसे कोलकाता और आसपास के इलाकों के निवासियों ने भी भूकंप के हल्के झटके महसूस करने की बात कही। लोगों ने बताया कि भूकंप के दौरान पंखे और दीवार पर लटकने वाली चीजें हिलती दिखीं। हालांकि, पश्चिम बंगाल से भूकंप में किसी के घायल होने या हताहत होने की खबर नहीं है।

### अमेरिका के अलास्का में अगले 65 दिन तक सूरज नहीं निकलेगा

**अलास्का , एजेंसी।** अमेरिका के अलास्का में स्थित उटकियाग्विक शहर में इस साल का आखिरी सूर्यास्त 18 नवंबर को दर्ज किया गया। अब यहां अगले 65 दिन तक सूरज नहीं निकलेगा। यह टाइम पीरीयड पोलर नाइट कहलाती है। यह शहर उत्तरी अमेरिका का सबसे उत्तरी कस्बा है और आर्कटिक सर्कल से करीब 483 किलोमीटर आगे है। यहां करीब 4,600 लोग रहते हैं। सर्दियों में पृथ्वी का उत्तरी गोलार्ध सूरज से दूर झुक जाता है, इसलिए दिसंबर के आसपास यहां कई हफ्तों तक सूरज ऊपर नहीं उठता। थोड़ी रोशनी सिर्फ दोपहर में दक्षिण दिशा में हल्की लालिमा (ट्वाइलाइट) और कभी-कभी आकाश में नॉर्दर्न लाइट्स से मिलती है। अगला सूर्योदय यहां 22 जनवरी 2026 को होगा। यहां तापमान अक्सर माइनस 30-40 डिग्री फॉरेनहाइट तक चला जाता है। गर्मियों में उल्टा होता है। मई के मध्य से अगस्त के शुरू तक यहां सूरज बिल्कुल नहीं डूबता, यानी 24 घंटे दिन रहता है।

### मेहुल प्रत्यर्पण मामले की बेल्जियम सुप्रीम कोर्ट में 9 को सुनवाई

**ब्रसेल्स, एजेंसी।** भगोड़ा हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण को चुनौती देने वाला मामला बेल्जियम की सर्वोच्च न्यायालय कोर्ट ऑफ कैसैशन में 9 दिसंबर को सुना जाएगा। चोकसी ने बेल्जियम की शीर्ष अदालत में 17 अक्तूबर के एंटवर्प कोर्ट ऑफ अपील के फैसले को चुनौती दी है, जिसमें भारत की ओर से प्रत्यर्पण की मांग को वैध और लागू करने योग्य माना गया था। कोर्ट ऑफ कैसैशन केवल कानूनी पहलुओं की समीक्षा करती है और नए सबूत या तथ्य पेश नहीं किए जा सकते। एजेंएडवोकेट जनरल हेनरी वांडरलिंडेन ने बृहस्पतिवार को कहा कि सुनवाई लिखित रूप में होगी। यदि अदालत अपील स्वीकार नहीं करती है तो यह केवल कानूनी कारणों से होगा। बता दें कि 17 अक्तूबर को एंटवर्प कोर्ट ऑफ अपील की चार सदस्यीय पीठ ने मुंबई विशेष न्यायालय की ओर से मई 2018 और जून 2021 में जारी गिरफ्तारी वारंट को लागू होने योग्य करार दिया था। कोर्ट ने कहा था कि चोकसी को भारत प्रत्यर्पित किए जाने पर उचित न्याय और मानवाधिकारों का उल्लंघन होने का खतरा नहीं है। चोकसी पर पीएनबी घोटाले में 13,000 करोड़ रुपये की हेराफेरी का आरोप है, जिसमें सीबीआई के अनुसार अकेले चोकसी ने 6,400 करोड़ रुपये का गबन किया। जनवरी 2018 में घोटाले के सामने आने से पहले वह एंटिगुआ और बारबुडा भाग गया था और बाद में बेल्जियम में देखा गया।

### आईएईए ने ईरान से मांगी यूरेनियम के भंडार पर सटीक जानकारी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था (आईएईए) ने ईरान से हथियार-स्तर के करीब संवर्धित यूरेनियम के भंडार पर सटीक जानकारी मांगी है। आईएईए ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि वह निरीक्षकों को अपने परमाणु स्थलों तक पूर्ण व त्वरित पहुंच भी प्रदान करे। वियना में आईएईए के महानिदेश राफेल ग्रॉसी ने बुधवार को कहा कि एजेंसी को ईरान के निम्न और उच्च संवर्धित यूरेनियम के भंडार की तत्काल जांच करने की आवश्यकता है, जिसे निरीक्षक पिछले पांच महीने में नहीं कर पाए हैं।

# ब्राजील में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन स्थल पर लगी आग, 21 घायल, बाहर निकाले गए हजारों लोग

**बेलेम, एजेंसी।** ब्राजील के बीलेम में चल रहे सीओपी30 क्लाइमेट समिट के मुख्य स्थल 'ब्लू जोन' में गुरुवार दोपहर आग लग गई, जिससे हड़कंप मच गया। इस आग की वजह से कम से कम 21 लोग घायल हो गए। वहीं आग लगते ही हजारों प्रतिनिधि, अधिकारी, पत्रकार और कर्मचारी सुरक्षा के लिए बाहर की ओर दौड़ पड़े, वहीं मौके पर मौजूद हजारों लोगों को तेजी से बाहर निकाला गया और इस वार्ता को रोकनी पड़ी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आग की संभावना इलेक्ट्रिकल उपकरण, संभवतः माइक्रोवेव से लगी। अब ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि क्या जलवायु सुरक्षा पर ध्यान देने वाले सम्मेलन में भी सुरक्षा नियमों का पालन नहीं होता? स्थानीय समयानुसार आग दोपहर 2 बजे लगी और सुरक्षा फुटेज में देखा गया कि आग ने पवेलियन की दीवार और छत के अंदर लगे फैब्रिक को जलाया। धुंआ उठता देख लोग चिल्लाते हुए बाहर निकले। दूसरी ओर पूरी तरह से तैयार फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर सिर्फ छह मिनट में काबू में कर लिया। बताया जा रहा है कि घायल लोगों में 19 लोग धुएं के कारण घायल हुए, वहीं दो लोग घबराहट के चलते।

यह घटना समिट के शुरू होने के बाद तीसरी बड़ी घटना है। इससे पहले स्थानीय आदिवासी प्रदर्शनकारियों ने स्थल पर प्रदर्शन किया और प्रवेश मार्ग को ब्लॉक किया था। आयोजक ब्राजील और यूएनएफसीसीसी ने कहा कि सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत सुरक्षा उपाय किए



और आग को नियंत्रित किया।

**यूएन महासचिव ने क्या कहा :** वहीं इस हादसे को लेकर संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि दुनिया देख रही है और सभी को महत्वपूर्ण समझौते पर पहुंचने की अपील की। समिट के आखिरी दिन से 24 घंटे से भी कम समय बचा है और लगभग 200 देशों के प्रतिनिधि अभी भी सहमति बनाने की कोशिश में हैं। ब्राजील ने इसे वैश्विक जलवायु कार्रवाई को तेज करने और पुराने वादों को वास्तविक परिणाम में बदलने के लिए बहुत जरूरी बताया।

**फायर ब्रिगेड और इमरजेंसी टीम अलर्ट पर :** स्थानीय प्रशासन ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए अतिरिक्त दमकल गाड़ियां भेजी गई हैं। अधिकारियों ने कहा कि सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल सक्रिय कर दिए गए हैं और फिलहाल आग के कारणों की जांच की जा रही है। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क सचिवालय ने तुरंत अलर्ट जारी करते हुए सभी लोगों को स्थल खाली करने का निर्देश दिया। संदेश में कहा गया ध्यान दें: जोन बी में आग की घटना हुई है। कृपया तुरंत स्थल खाली करें। आगे की जानकारी जल्द दी जाएगी। एक यूएन सुरक्षा अधिकारी के मुताबिक, आग पर काबू पा लिया गया है, लेकिन सुरक्षा जांच के कारण अभी किसी को अंदर जाने की अनुमति नहीं है। उन्होंने बताया कि स्थिति का पूरा आकलन किया जा रहा है और सभी 13 घायलों को मौके पर ही धुएं से प्रभावित होने पर इलाज दिया गया और उनकी हालत पर नजर रखी जा रही है। इस सम्मेलन में 190 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। सीओपी30 जलवायु सम्मेलन अमेजन क्षेत्र के बेलेम शहर में 10 नवंबर से 21 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है।

**कई किलोमीटर दूर से दिखा धुएं का गुबार :** आग लगते ही हजारों लोगों के बीच अफरातफरी मच गई। घटनास्थल से आए वीडियो और तस्वीरों में लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते दिखे। वहीं, पवेलियन से आग की लपटें और काले धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया। धुआं कई किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। मौके पर कई एम्बुलेंस और फायरब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचीं और तुरंत कार्रवाई कर सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

**छह मिनट में आग पर काबू पाया गया :** कार्यक्रम के आयोजक यूएन सीओपी30 प्रेसीडेंसी और यूएनएफसीसीसी ने एक जॉइंट स्टेटमेंट में बताया कि लगभग छह मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। यूनाइटेड नेशन्स फ्रेमवर्क कनवेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूएनएफसीसीसी) के वार्षिक सीओपी30 क्लाइमेट समिट 10 से 21 नवंबर तक होने वाला है। इसमें 190 से ज्यादा देशों के हजारों लोग भाग लेने पहुंचे हैं। आयोजकों ने अपने बयान में मेहमानों से कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी के लिए अगली सूचना तक इंतजार करने कहा गया है। आग लगने से कई अहम बैठकें टली आग की वजह से कई अहम बैठकें रद्द या टल गईं। अब सम्मेलन का समय शुक्रवार शाम तक खत्म होने की बजाय देर रात या शनिवार तक खिंच सकता है। फिलहाल स्थल को पूरी तरह जांचने के बाद ही प्रतिनिधियों को दोबारा प्रवेश दिया जाएगा।

## 7 किलोमीटर लंबी सुरंग और अंदर 80 कमरे, हमास के अड्डे पर इजरायली सेना ने बोला धावा



**गाजा, एजेंसी।** इजरायल की सेना ने गाजा पट्टी में हमास की एक बड़ी सुरंग का पता लगाया है, जहां हाल ही में लेफ्टिनेंट हैदर गोल्डिन का शव रखा गया था। गोल्डिन 2014 के इजराययल-हमास युद्ध के दौरान गाजा में घात लगाकर हमले में मारे गए थे। इस महीने की शुरुआत में इजरायल को उनके अवशेष मिले थे। एक्स पर एक पोस्ट में ढ्ढष्ठस्न ने उस सुरंग का वीडियो साझा किया जहां गोल्डिन का शव रखा गया था। आईडीएफ ने कहा कि यह सुरंग रफाह के घनी आबादी वाले इलाके के नीचे से गुजरती है। संयुक्त राष्ट्र की फिलिस्तीनी शरणार्थी एजेंसी के कंपाउंड, मस्जिदों, क्लीनिकों और किंडरगार्टन स्कूलों से होकर जाती है। यह सुरंग हमास कमांडरों की ओर से हथियार रखने, हमले की योजना बनाने और लंबे समय तक ठहरने के लिए इस्तेमाल की जाती थी। आईडीएफ के अनुसार, सुरंग 7 किलोमीटर से अधिक लंबी, 25 मीटर गहरी है और इसमें 80 कमरे हैं। इसे एलीट याहलोम कॉम्बैट इंजीनियरिंग यूनिट और शायेटेट 13 नेवल कमांडो यूनिट ने खोजा। सैन्य बलों को सीनियर हमास कमांडरों के कमांड पोस्ट के रूप में इस्तेमाल होने वाले कमरे मिले, जिनमें मुहम्मद शबाना भी शामिल है, जिसे मई में हमास नेता मोहम्मद सिनवार के साथ मार गिराया गया था। आईडीएफ ने कहा कि उसने मारवान अल-हम्स को गिरफ्तार किया है, जो लेफ्टिनेंट हैदर गोल्डिन की मौत की घोषणा करने में शामिल हमास आतंकवादी है। अल-हम्स पर रफाह में व्हाइट-क्राउन्ड सुरंग में गोल्डिन के दफन स्थान की जानकारी होने का भी शक है।

**गाजा पट्टी में इजरायल के हवाई हमले जारी :** इजरायली सेना के मुताबिक, जुलाई 2025 का ऑपरेशन पिछले 6 महीनों में लेफ्टिनेंट हैदर गोल्डिन को वापस लाने और इजरायल में दफनाने के लिए किए गए दर्जनों गोपनीय ऑपरेशनों का हिस्सा था। इस बीच, गुरुवार को दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस में इजरायली हवाई हमलों में 5 लोग मारे गए और 18 घायल हो गए। खान यूनिस के पूर्व में बनी सुहैला शहर में एक घर पर हमले में 3 लोग मारे गए, जिनमें एक नवजात शिशु भी शामिल है और 15 घायल हुए। पास के अबासन शहर में एक अन्य हमले में एक व्यक्ति मारा गया और तीन घायल हुए। ये हवाई हमले ऐसे समय हुए जब हमास और इजरायल एक-दूसरे पर लगभग छह सप्ताह पुराने नाजुक युद्धविराम का उल्लंघन करने का आरोप लगा रहे हैं।

## अमेरिका -सऊदी एफ-35 डील के बीच इजरायल ने जताया भरोसा

**यरूशलम, एजेंसी।** अमेरिका सऊदी अरब को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचने की तैयारी कर रहा है। इस पर इजरायल ने प्रतिक्रिया दी है। इजरायल का कहना है कि उसे भरोसा है कि वाशिंगटन उसे आगे भी आधुनिक अमेरिकी हथियारों तक विशेष पहुंच देता रहेगा। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल अभी मिडिल ईस्ट का अकेला ऐसा देश है जो एडवांस्ड स्टेल्थ एयरक्राफ्ट चला रहा है। अमेरिकी कानून के अनुसार, क्षेत्र में किसी भी देश को ऐसे हथियार तभी दिए जा सकते हैं जब इससे इजरायल की सैन्य बढ़त कम न हो। प्रवक्ता शोश बेड्रोसियन ने कहा, 'अमेरिका और इजरायल के बीच लंबे समय से यह समझ बनी हुई है कि रक्षा के मामले में इजरायल की गुणवत्ता-आधारित बढ़त बनी रहे। यह कल भी सच था, आज भी सच है और प्रधानमंत्री (बेंजामिन नेतन्याहू) का मानना ??है कि यह कल और भविष्य में भी सच होगा। ' यह टिप्पणी इजरायली सरकार की ओर से पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को व्हाइट हाउस में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ बैठक के दौरान डील की घोषणा की थी। प्रस्तावित सौदे में 48 एफ-35 विमान शामिल हैं। इससे पहले, पिछले अमेरिकी प्रशासन ऐसे सौदों पर झिझकते रहे थे, लेकिन अब यह एक बड़ा बदलाव है। सऊदी अरब के साथ इस डील से ये तस्वीर बदलने वाली है। वहीं इसे लेकर जब ट्रंप से सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि इजरायल को इस डील के बारे में पहले से जानकारी है। सऊदी अरब और इजरायल दोनों ही अमेरिका के अच्छे दोस्त हैं। इजराइल और सउदी अरब के बीच अभी औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं हैं। वाशिंगटन यात्रा के दौरान सऊदी क्राउन प्रिंस ने कहा कि उनका देश इजरायल से संबंध सामान्य करना चाहता है, लेकिन इसके लिए उन्हें दो-राष्ट्र समाधान की स्पष्ट राह चाहिए, जिसमें फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता शामिल हो।

## ईरान की तेल तस्करी पर अमेरिकी कार्रवाई, भारत की दो कंपनियां भी नए प्रतिबंधों की सूची में

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने ईरान की तेल तस्करी और गुप्त व्यापार नेटवर्क को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। इन प्रतिबंधों में भारत की एक शिपिंग कंपनी और एक पेट्रोलियम ट्रेडर समेत कई देशों की 17 कंपनियां, व्यक्ति और जहाज शामिल हैं। मामले में अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया कि ये कदम इसलिए उठाए गए हैं ताकि उस पैसों के प्रवाह को रोका जा सके जिससे ईरान अपना परमाणु कार्यक्रम, सेना और आतंकवादी समूहों को समर्थन देता है। बता दें कि भारत की पेट्रोलियम ट्रेडर कंपनी टीआर6 पीईटीआरओ पर आरोप है कि उसने अक्तूबर 2024 से जून 2025 के बीच ईरान से आठ मिलियन डॉलर से अधिक का बिटुमेन खरीदा। अमेरिका के अनुसार यह ईरानी तेल की खरीद की श्रेणी में आता है, जो प्रतिबंधों का उल्लंघन है। इसलिए कंपनी को कड़े आर्थिक प्रतिबंधों में डाल दिया गया।

**भारतीय शिपिंग कंपनी आरएन शिप प्रबंधन पर भी कार्रवाई :** दूसरी तरफ अमेरिकी द्वारा लगाए गए प्रतिबंध की श्रेणी में मुंबई स्थित आरएन शिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड भी शामिल है। इस कंपनी पर आरोप है कि उसने ऐसे जहाज चलाए जो ईरानी कच्चा तेल दूसरी कंपनियों के लिए गुप्त रूप से ले जाते थे। कंपनी से जुड़े दो भारतीय नागरिक जैर हुसैन इकबाल हुसैन सैयद और जुल्फिकार हुसैन रिजवी सैयद को भी प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह कंपनी उन कई देशों के नेटवर्क का हिस्सा मानी जा रही है, जिनमें यूएई, पनामा, जर्मनी, ग्रीस और गाम्बिया शामिल हैं, जो ईरान के लिए चोरी-छिपे तेल परिवहन में मदद करते हैं।

**ईरान की एयरलाइन पर भी कार्रवाई :** इसके साथ ही अमेरिका ने ईरान की निजी एयरलाइन माहान एयर और उसकी सहायक कंपनी यज्द इंटरनेशनल एयरवेज पर प्रतिबंध बढ़ाए हैं। दावा है कि एयरलाइन ईरान की आईआरजीसी-कोड्स फोर्स के साथ मिलकर सीरिया और लेबनान में हथियार और लड़ाके पहुंचाती है। माहान एयर के कई विमानों को ब्लॉक्ड प्रॉपर्टी घोषित कर दिया गया है।

अमेरिका का दावा और प्रतिबंधों का प्रभाव, समझिए अमेरिका के मुताबिक, ईरान हाल ही में इस्राइल के साथ 12-दिवसीय युद्ध में हार के बाद अपनी सेना को फिर से खड़ा करने के लिए तेल के इस गुप्त कारोबार पर निर्भर है। ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने कहा कि ईरान की आय रोकना उसके परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के लिए जरूरी है। अब बात अगर इन प्रतिबंधों से पड़ने वाले प्रभावों की करें तो इन कंपनियों और व्यक्तियों की संपत्ति अमेरिका में फ्रीज कर दी गई है।

ऐसे में अमेरिकी नागरिक और कंपनियां इनके साथ कोई भी व्यापार नहीं कर सकेंगे। साथ ही प्रतिबंधों का उल्लंघन करने पर कड़े जुर्माने या कानूनी कार्रवाई हो सकती है। मामले में अमेरिका का कहना है कि इन कदमों का उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि ईरान को अपने व्यवहार में बदलाव लाने के लिए मजबूर करना है।

## दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति के बयान पर अमेरिका का सख्त रुख, व्हाइट हाउस बोला- दावा पूरी तरह झूठा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन का अमेरिका द्वारा बहिष्कार किए जाने पर व्हाइट हाउस ने सख्त प्रतिक्रिया दी है। व्हाइट हाउस प्रेस सचिव कैरोलाइन लेविट ने कहा कि अमेरिका आधिकारिक बातचीत का हिस्सा नहीं है और दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति द्वारा लगाए जा रहे दावे पूरी तरह गलत हैं।

लेविट ने कहा अमेरिका दक्षिण अफ्रीका में जी20 की आधिकारिक वार्ताओं में भाग नहीं ले रहा है। आज मैंने देखा कि दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति अमेरिका और राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ बयान दे रहे थे, जिसे राष्ट्रपति और उनकी टीम बिल्कुल पसंद नहीं करती। उन्होंने बताया कि दक्षिण अफ्रीका में मौजूद अमेरिकी राजदूत का उद्देश्य केवल अगले जी20 मेजबान देश के रूप में अमेरिका का प्रतिनिधित्व करना है। लेविट ने कहा वे सिर्फ कार्यक्रम के अंत में होने वाले औपचारिक 'सेन्ड-ऑफ' में शामिल हैं, न कि किसी भी आधिकारिक बातचीत में, जैसा कि दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति गलत तरीके से दावा कर रहे हैं। ट्रंप और न्यूयॉर्क के मेयर-इलेक्ट जोहरान मदानी की बैठक पर भी प्रतिक्रिया व्हाइट हाउस प्रेस सचिव ने ट्रंप और न्यूयॉर्क के मेयर-इलेक्ट जोहरान मदानी की होने वाली मुलाकात पर भी बयान दिया। उन्होंने कहा राष्ट्रपति ने घोषणा की है कि मेयर-इलेक्ट कल व्हाइट हाउस आएंगे। हमारी टीमें बैठक की तैयारियां कर रही हैं। लेविट ने टिप्पणी करते हुए कहा यह बहुत कुछ दर्शाता है कि कल व्हाइट हाउस में एक कम्युनिस्ट आने वाला है क्योंकि डेमोक्रेट पार्टी ने देश के सबसे बड़े शहर के लिए उन्हें चुना है। लेकिन यह भी दिखाता है कि राष्ट्रपति ट्रंप किसी से भी मिलने और बातचीत करने के लिए तैयार हैं, चाहे वे किसी भी राजनीतिक विचारधारा से हों। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति अमेरिकी लोगों के हित में काम करना चाहते हैं, चाहे वे रेड स्टेट में रहते हों, ब्लू स्टेट में या ऐसे शहरों में जो अब पहले से ज्यादा वामपंथी होते जा रहे हैं। अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका के संबंध गौरतलब है कि अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका के बीच तनातनी को देखते हुए राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि ट्रंप के कदम से दोनों देशों के बीच पहले से तनावपूर्ण व्यापारिक रिश्ते और खराब हो सकते हैं। ट्रंप पहले ही दक्षिण अफ्रीकी उत्पादों पर भारी टैरिफ लगा चुके हैं और कुछ गोरे किसानों को राजनीतिक शरण देने की पेशकश कर चुके हैं। ऐसे में अब आशंका जताई जा रही है कि अमेरिका के साथ जुड़े कुछ देश भी ट्रंप के समर्थन में सम्मेलन से हट सकते हैं। जी20 शिखर सम्मेलन इस सप्ताहांत जोहानसबर्ग में होना है, जिसमें दुनिया के कई शीर्ष नेता शामिल होंगे।

## नेपाल : दिशाहीन सरकार होने का आरोप, जेन-जी ने की कार्की को हटाने की मांग



**काठमांडू, एजेंसी।** जेन-जी आंदोलन की अपेक्षाओं को पूरा न कर पाने का आरोप लगाते हुए 23 समूहों ने पीएम सुशीला कार्की सरकार हटाने की मांग की है। समूहों ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि कार्की सरकार 8-9 सितंबर के विद्रोह से मिले जनादेश के अनुसार काम करने में नाकाम रही है। ज्ञापन के अनुसार, मौजूदा सरकार की ओर से पांच मुख्य मागों में से किसी को भी पूरा न किया जाना अस्वीकार्य है। इन मागों में बड़े भ्रष्टाचार प्रकरणों में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई, प्रत्यक्ष निर्वाचित प्रधानमंत्री के लिए संविधान संशोधन, विद्रोह के दौरान हुए नरसंहार के जिम्मेदारों पर कार्रवाई, घायलों का उपचार और शहीद परिवारों को क्षतिपूर्ति व भरण-पोषण शामिल हैं। उसने कहा, विद्रोह की नींव पर बनी सरकार ने विद्रोहियों की न्यूनतम अपेक्षाएं भी पूरा नहीं कीं।

**बारा में फिर बढ़ा तनाव, कर्फ्यू, 10 घायल :** नेपाल के बारा जिले में बृहस्पतिवार उस समय फिर से तनाव पैदा हो गया, जब जेन जेड के युवाओं से अपदस्थ पीएम केपी शर्मा ओली की पार्टी के सदस्यों संग हुई झड़प में 10 घायल हो गए। इसके बाद अधिकारियों को भारतीय सीमा से लगे नेपाल के बारा जिले में हालात काबू करने को फिर से कर्फ्यू लगाना पड़ा। प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़े और उन पर पथराव किया। छह पुलिसकर्मी घायल हो गए। जेन-जेड के चार प्रदर्शनकारी भी घायल हुए। एक अलग घटना में, जेन जेड ने सिमारा बाजार में पुलिस चौकी को फूंक दिया। नेपाल के मधेश प्रदेश के सभामुख रामचन्द्र मंडल पद से हटाए गए हैं। बुधवार को हुई प्रदेश सभा की बैठक में उनके खिलाफ पद के अनुरूप आचरण न करने संबंधी प्रस्ताव दो तिहाई मतों से पारित हुआ। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) से प्रदेश सभा (प्रोविंशियल असेंबली) के स्पीकर बने मंडल को मुख्यमंत्री की नियुक्ति पर हुए सियासी विवाद के बाद प्रोविंशियल असेंबली के समीकरण बदलने के बाद पद से हटा दिया गया है।

## एपस्टीन फाइल्स: 'स्टार रिपोर्ट तो 48 घंटे में ही..,' लेविंस्की ने दस्तावेज जारी करने में देरी पर जताई नाराजगी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी कार्यकर्ता और लेखिका मोनिका लेविंस्की ने एपस्टीन फाइल्स को जारी करने में लगने वाले समय पर नाराजगी जाहिर की। लेविंस्की ने कहा कि सरकार इन दस्तावेजों को सार्वजनिक करने में काफी देर कर रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को उस विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें न्याय विभाग को यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जुड़े सभी दस्तावेज सार्वजनिक करने का आदेश दिया गया है। इस कानून के तहत अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी को तीस दिनों के भीतर ये दस्तावेज जारी करने होंगे। प्रतिनिधि सभा और सीनेट दोनों में यह विधेयक उस समय पारित हुआ, जब एपस्टीन की बातचीत से जुड़े ईमेल सामने आए। इन ईमेल में 'ट्रंप ब्लोइंग बुब्बा' नाम का जिक्र किया गया था। इसके बाद यह इंटरनेट 'ट्रंप ब्लोइंग बुब्बा' वायरल होने लगा। लोग समझ बैठ के कि बुब्बा से बिल क्लिंटन का इशारा है, क्योंकि उनका यही उपनाम रहा है। बाद में एपस्टीन के भाई मार्क ने स्पष्ट किया कि बुब्बा किसी निजी व्यक्ति के लिए इस्तेमाल किया गया था, न कि क्लिंटन के लिए। लेकिन तब तक इंटरनेट पर यह विवाद काफी बढ़ चुका था। इस बीच, सोशल मीडिया में लोगों ने नया शब्द 'डोनिका लेविंस्की' गढ़ दिया, ताकि ट्रंप और लेविंस्की की पुरानी कहानी के बीच तुलना की जा सके। दूसरी ओर, ट्रंप ने न्याय विभाग और एफबीआई को निर्देश दिया कि वे एपस्टीन के क्लिंटन और अन्य लोगों से संबंधों की जांच करें और एजेंसियों ने इसें मंजूर भी कर लिया। इस घटनाक्रम के बीच लेविंस्की ने एपस्टीन के दस्तावेजों को सार्वजिक करने में देरी को लेकर ट्रंप प्रशासन पर निशाना साधा। उन्होंने रॉयटर्स की एक रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें लिखा था- न्याय विभाग तीस दिनों के भीतर एपस्टीन फाइल्स जारी करेगी, बॉन्डी का बयान।' उन्होंने पैम बॉन्डी की तस्वीर के बगल में उन्होंने पैम बॉन्डी की तस्वीर के बगल में एक संवाद बॉक्स



(टेक्स्ट बबल) लगाया, जिसमें लिखा- 'अजीब है कि जब कांग्रेस ने स्टार रिपोर्ट जारी करने के लिए वोट किया था, वह 48 घंटों के अंदर ही ऑनलाइन आ गई थी... शायद उससे भी जल्दी।' यह तस्वीर पहले लेविंस्की ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर डाली, बाद में इसे एक्स पर भी साझा किया गया। स्टार रिपोर्ट वह सरकारी दस्तावेज था, जिसे स्वतंत्र वकील केन स्टार ने तैयार किया था। इसमें उन्होंने क्लिंटन की जांच की थी और कहा था कि क्लिंटन ने जनवरी 1998 में शपथपत्र में झूठी जानकारी दी थी। उस समय क्लिंटन यौन उत्पीड़न से जुड़े एक मामले में प्रतिवादी के तौर पर पेश हो रहे थे। मोनिका लेविंस्की कौन हैं? लेविंस्की व्हाइट हाउस में इंटर्न रही हैं। 1990 के दशक के अंत में तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के साथ अपने संबंधों के कारण वह दुनियाभर में सुर्खियों में आई थीं। उनका और क्लिंटन का यह संबंध 'क्लिंटन-लेविंस्की स्कैंडल' के रूप में प्रसिद्ध हुआ। इसकी वजह क्लिंटन पर झूठ बोलने और न्याय में बाधा डालने के आरोप लगे और उनके खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही भी चली। पहले बिल क्लिंटन ने मोनिका के साथ किसी तरह के संबंधों से इनकार किया था और बयान दिया था- मेरे उस महिला के साथ कोई यौन संबंध नहीं हैं। लेकिन बाद में सूबत सामने आने के बाद उन्होंने स्वीकार किया कि उनके और मोनिका के बीच अनुचित शारीरित संबंध थे। यह स्वीकारोक्ति 1998 में आई थी, जब जांच और गवाही में तथ्यों की वजह से वह दबाव में आ गए थे। तब उन्होंने कहा था, मैंने ऐसा व्यवहार किया था जो गलत था..उन मुलाकातों में अनुचित अंतरंग संपर्क शामिल था। इसके बाद ही उनके खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही हुई थी।

मोनिका ने जांच के दौरान अपनी गवाही में कहा था कि उनका और बिल क्लिंटन का संबंध था। उन्होंने अपनी डायरियों, पत्रों और बातचीत के सबूत भी जांच एजेंसियों को दिए थे, जिसने क्लिंटन को सच स्वीकार करने को मजबूत किया था। आज मोनिका एक टेलीविजन व्यक्तित्व, कार्यकर्ता और लेखिका हैं।

# क्या आप भी सुबह खाली पेट पीते हैं चाय? हो जाएं सावधान



**भा**रतीय घरों में लोग ज्यादातर अपने दिन की शुरुआत चाय के साथ करना पसंद करते हैं। शायद उनकी यह सोच बन चुकी है कि सुबह-सुबह चाय पिए बगैर उनकी आंख नहीं खुलती। मगर शायद आप नहीं जानते कि आपकी यह सोच आपको धीरे-धीरे बीमार करती जा रही है। आज हम बात करेंगे सुबह के वक्त दूध वाली चाय पीने के नुकसान और साथ ही जानेंगे दूध वाली चाय की जगह आप किस तरह से अपने दिन की शुरुआत कर सकते हैं...

### एसिडिटी

यदि आप खाली पेट चाय पीते हैं तो आपको एसिडिटी हो सकती हैं। गर्म चाय का सेवन एसिडिटी पैदा करता है और खाने को पचाने वाले रसों पर बुरा प्रभाव डालता है।

### कब्ज

कई लोग समझते हैं कि सुबह उठकर चाय पीने से पेट साफ होता है। मगर चाय पीने से पेट साफ नहीं बल्कि पेट की आंते कमजोर होती हैं, जिससे आप कब्ज के शिकार होते हैं।

### कैंसर

सुबह-सुबह दूध वाली मीठी चाय पीने से आप [illegible]

### मूड-खराब

चाय पीने से एसिडिटी बनती है, जिस वजह से आप सारा दिन गुस्से में और चिड़चिड़े बने रहते हैं।

### वजन बढ़ना

खाली पेट दूध वाली मीठी चाय पीने से आपका वजन भी बढ़ता है, जिस वजह से आप एक्टिव होने की बजाय सुस्त महसूस करने लगते हैं।

### अल्सर का खतरा

सुबह-सुबह चाय पीने से पेट में जख्म होने लगते हैं, जिसे डॉक्टरी भाषा में अल्सर का नाम दिया जाता है। तो ये थे सुबह खाली पेट चाय पीने के नुकसान, अब बात करेंगे सुबह उठकर आपको कौन सी चाय पीनी चाहिए।

### ग्रीन-टी

सुबह के वक्त ग्रीन-टी पीने से आप दिन भर एक्टिव फील करते हैं। ग्रीन-टी आपकी बॉडी के लिए एंटी-ऑक्सीडेंट्स का काम करती है। जो आपको डायबिटीज, कैंसर और हाई बीपी जैसी बीमारियों से बचाकर रखती है।

### ब्लैक-टी

जो लोग दिन-भर घर से बाहर रहते हैं, उनके अंदर काफी हद तक धुआं और प्लयूशन जा चुका होता है। ऐसे में ब्लैक-टी पीने से धुएं के संपर्क की वजह से फेफड़ों को होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है। यह हार्ट-स्ट्रोक के खतरे को भी कम करने का काम करती है।

### लेमन-टी

दूध वाली चाय की जगह लेमन-टी पीएं। नींबू जहां आपकी बॉडी को डिटॉक्सीफाई करने का काम करता है वहीं आपको दिन भर एक्टिव रखने में भी मदद करता है। आप इसमें शहद डालकर चाय की गुणवत्ता को और भी बढ़ा सकते हैं।

### सिंपल गुनगुना पानी

अगर आपको इनमें से कोई भी चाय नहीं पसंद तो आप दूध वाली चाय पीने की बजाय गुनगुने पानी में [illegible]

# जिद्दी से जिद्दी दाग-धब्बों की छुट्टी करेगा यह पैक

**ब**्यूटी प्रॉब्लम्स दूर करने के लिए आप बहुत कुछ करते होंगे पर क्या आपने कभी घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल करके देखा है? आज हम आपको एक ऐसा ही होममेड मास्क बताएंगे जो त्वचा को निखारने के साथ-साथ काले दाग-धब्बे, ब्लैकहेड्स, झाइयां और झुर्रियों जैसी समस्याओं को दूर करने में काफी असरदार है।

### जरूर लगाएं सनस्क्रीन लोशन

सर्दी हो या गर्मी, धूप हमेशा ही स्किन को नुकसान पहुंचाती है। वहीं प्रदूषण, धूल-मिट्टी के कारण भी स्किन खराब होने लगती है। ऐसे में घर से बाहर जाते समय बॉडी पर सनस्क्रीन लोशन जरूर लगाएं। इस का का ध्यान रखें कि लोशन आपकी स्किन टाइप के हिसाब से हो। साथ ही बाहर जाने से कम से कम आधा घंटा पहले सनस्क्रीन लोशन अप्लाई करें। इससे आपको इन सभी समस्याओं से बची रहेंगी।

चलिए अब हम आपको एक ऐसा घरेलू नुस्खा बताते हैं, जिससे आप अपनी कई ब्यूटी प्रॉब्लम्स से छुटकारा पा सकती हैं।

### कितनी बार लगाएं?

हफ्ते में कम से कम 2-3 बार यह मास्क लगाएं। महीनेभर में ही आपकी झाइयों की समस्या दूर हो जाएगी। साथ ही यह मास्क जिद्दी दाग-धब्बों, पिंपल्स, झुर्रियों व डार्क सर्कल्स से भी छुटकारा दिलाएगा।



**सामग्री**

बेसन - 1 चम्मच

खीरे का रस - 1 चम्मच

**बनाने का तरीका**

बाउल में दोनों को अच्छी तरह मिक्स कर लें और ध्यान रखें कि इसमें गांठे ना बने। अगर पेस्ट गाढ़ा हो तो उसमें खीरे का रस थोड़ा-सा मिक्स कर लें।

**इस्तेमाल करने का तरीका**

- सबसे पहले चेहरे को अच्छी तरह फेसवॉश से क्लीन करें, ताकि सारी धूल मिट्टी निकल जाएं।
- अब इस मास्क को चेहरे पर अप्लाई करें और 30-35 मिनट के लिए छोड़ दें।
- इसके बाद हल्का-सा पानी लगाकर मसाज करें और पेस्ट को ताजे पानी से धो लें।
- अगर आप रात को सोने से पहले यह मास्क लगाएंगे तो आपको ज्यादा अच्छा रिजल्ट मिलेगा।
- अब चेहरे पर क्रीम, लोशन या माइश्चराइजर लगाएं, ताकि स्किन ड्राई ना हो।

## रेसिपी



### बेसन ब्रेड टोस्ट

**सामग्री**

■ 4 व्हाइट ब्रेड ■ 1 प्याज बारीक कटी हुई ■ 1 टमाटर बारीक कटा हुआ ■ 1 हरी मिर्च बारीक कटी ■ हरी धनिया बारीक कटी ■ 1/2 कप बेसन ■ 4 छोटे चम्मच तेल ■ नमक स्वादानुसार

**विधि**

बेसन ब्रेड टोस्ट बनाने के लिए बाउल में बेसन, प्याज, टमाटर, हरी मिर्च, धनिया के पत्ती, नमक और थोड़ा पानी मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। तवा गर्म होने के लिए रख दें और आंच मीडियम रखें। अब ब्रेड स्लाइस लेकर इसे बेस्ट के पेस्ट में डालें और फिर तवे पर रखें। दोनों तरफ थोड़ा-थोड़ा तेल डालें जिससे ब्रेड तवे पर चिपके नहीं। बहुत ज्यादा ब्राउन न करें सुनहरा रंग का हो जाएं तो उतार लें। बाकी टोस्ट को भी ऐसे ही बना लें। हरी चटनी और चाय के साथ परोसें।



### बथुए का साग

**सामग्री**

■ बथुआ- 500 ग्राम, टमाटर- दो (बारीक कटे हुए), हरी प्याज- 100 ग्राम बारीक कटी हुई, हरी मिर्च- 2 बारीक कटी हुई, जीरा- ½ चम्मच, सरसों तेल- 2 बड़े चम्मच, सरसों तेल- 2 बड़े चम्मच, काली मिर्च पाउडर- ½ चम्मच, नमक- स्वादानुसार

**विधि**

बथुए के डंठल तोड़कर साफ कर लें और अच्छे से धोकर बारीक काट लें। हरी प्याज को भी धोकर बारीक काट लें। कढ़ाई को गर्म कर इसमें तेल डालें। गर्म होने के बाद इसमें जीरा और हरी मिर्च का तड़का लगाएं। अब बारीक कटी हुई प्याज डालकर भूनें और गोल्डेन ब्राउन होने के बाद इसमें मटर, हरी प्याज भी डाल दें। 1-2 मिनट बाद काली मिर्च और स्वादानुसार नमक डाल दें। अब इसमें बथुए का साग डालकर अच्छे से चलाएं और फिर इसे ढककर पकाएं। जब साग पूरी तरह से गल जाएं तो आंच धीमी कर दें और इसका पूरा पानी सुखा लें। तैयार है बथुए का साग। जिसे आप लंच या डिनर किसी में भी सर्व कर सकते हैं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ
कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। आपके द्वारा प्रस्तुत योजना से लोग प्रभावित होंगे। शुभांक-2-4-6

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-2-4-5

**मिथुन** — का की कू घ ड छ के को हा
राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-6-8-9

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। शुभांक-3-6-8

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। विवाद को टालें। शुभांक-3-5-7

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-1-4-6

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। शुभांक-4-7-8

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू
भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-2-5-7

**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-6-8

**मकर** — भे जा जी खी खू खे खो गा गी
जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-3-5-7

## काकुरो पहेली - 2654



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**



5 + 6 + 7 + 8 + 9 = 35
4 + 6 + 7 + 8 + 9 = 34
5 + 7 + 8 + 9 = 29
6 + 7 + 8 + 9 = 30

**काकुरो - 2653 का हल**



## हंसी के फूव्वारें

फौजदारी का मुकदमा था.

अपराध स्वीकार कर लेने के पश्चात वकील ने अपराधी से पूछा-'तुमने उसे कितने थप्पड़ मारे थे ?'

'जी एक !'

तभी वह आदमी चिल्ला पड़ा जिसे मार पड़ी थी-'यह झूठ बोलता है मीलॉर्ड ! इसने मुझे पांच थप्पड़ मारे थे !'

इस पर अपराधी ने भोलेपन से कहा-'मीलॉर्ड ! मैंने मारा तो एक ही थप्पड़ था, पर इसके स्वास्थ्य को देखते हुए मैंने उसे पांच किश्तों में बांट दिया था.'

□ □ □

एक बार परेड हो रही थी.

एक कमांडर को बहुत कम जवानों के नाम याद रहते थे. वह जिस किसी जवान का नाम जानता था, परेड के समय उसी को ज्यादा टोकता था.

उस दिन परेड में वह चिल्लाया-'महेश ! परेड के साथ नहीं चलते. कदम बराबर मिलाओ ! तुम बहुत सुस्त चलते हो.'

'सर !'

सूबेदार ने सूचना दी-'महेश तो आज छुट्टी पर है.'

'तो क्या हुआ ?'

कमांडर और जोर से चीखा-'वह वहां भी सुस्त चल रहा होगा.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 2654



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, संजीवकुमार, सचिन, हेमा, राखी, पूनम ढिल्लों की फिल्म-३
३. 'दिल मेरा कहता है' गीत वाली सुनील, हरीश, सोनाली की फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की फिल्म-३
७. 'नीले गगन के तले' गीत वाली सुनील दत्त, मुमताज की फिल्म-४
९. 'जुबलीकुमार' राजेंद्रकुमार की पहली फिल्म जिसकी नायिका गीता बाली थी-३
११. अशोककुमार, नादिरा की 'काहे जादू किया मुझको' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुपर हिट फिल्म 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम क्या था-२
१५. कुमार गौरव, शरनाज की 'जिंदगी कब तुम को' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'आजा आजा मैं हूँ प्यार' गीत वाली शम्मीकपूर, आशा की फिल्म-३,३
१८. सतीश कौल, सरिता की बी. आर. इशारा निर्देशित १९७४ की एक फिल्म-३
१९. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख शेख, पूनम का फिल्म-२
२०. गोविंदा, रवीना की 'तेरे प्यार ने ये क्या कर दिया' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'दुनिया में कितना' गीत वाली राजेश खन्ना, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
२४. मनोज बाजपेयी, उर्मिला की जोड़ी वाली रामगोपाल वर्मा की एक फिल्म-२
२५. 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली महीपाल, संध्या की फिल्म-४
२६. विनोद मेहरा, मौसमी की 'तेरे नैनों के मैं दीप' गीत वाली फिल्म-४
२७. 'हम' में नायिका किमी काटकर के किरदार का नाम क्या था-२
२८. बलराज साहनी, लीला की 'हाये रे वो दिन क्यूं ना' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
२. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की फिल्म-३
३. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
४. गीफा अवार्ड्स में किस को फिल्म 'रंग दे बसंती' के लिये सर्वश्रेष्ठ संगीतकार का पुरस्कार मिला था-४
५. ओमपुरी, शबाना आजमी, माधुरी की सुधीर मिश्रा निर्देशित फिल्म-३
८. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीना राय की १९९२ की एक फिल्म-४
१०. जिमी, उदय चोपड़ा, इरफान, नम्रता की 'राहें लहरा के हम से' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'रंग और नूर की बारात किसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना की फिल्म-३
१४. मिथुन, सारिका की 'साथी है हम जनमों के' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली रंजन, चित्रा जयश्री की फिल्म-३
१७. मिथुन, चंकी, ऋतुपर्णा, सोमी की 'जब मैंने तेरा' गीत वाली फिल्म-३,२
१९. फिल्म 'बंदिवी' की नायिका कौन थी-३
२१. अजय देवगन, ट्विंकल खन्न की 'बेईमान पिया रे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिरोज खान, मुमताज की फिल्म-४
२३. विनोद खन्ना, आमिर, सैफ, अश्विनी भावे, रवीना, नीलम की 'हम बंजारे दिल नहीं देते' गीत वाली फिल्म-४
२६. जितेन निर्देशित मिथुन चक्रवर्ती, राखी, नीता मेहता की १९८६ की एक फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 2653**



## सूडोकु -2654

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 4 | 7 | | | | 8 | 3 | | 9 |
| | | 8 | 7 | 3 | | 1 | 2 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 1 | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | | 8 | 7 | | 4 | 9 | |
| | 2 | 4 | | 6 | 5 | 7 | | |
| 7 | | 1 | 3 | | | | 5 | 8 |
| | | | 1 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -2653 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |

## शब्द पहेली - 2654



**बाएँ से दाएँ**

1.पावर हाऊस -5
4.दिमागी,कल्पित-4
7.हृदय-2
8.खोदना-3
9.प्रचार वाक्य,स्लोगन-2
10.नुकीला-4
11.कलिका-2
13.प्यारा,लाडला-3
14.विशिष्ट,विशेष-2
15.खर्च,उपभोग-3
17.नौका-2
19.नाम करण-2,3
22.चमकीला-5
25.महोदय (अंग्रेजी-2)
26.रनिवास,जनवासा-3
28.संध्या,सांझ-2
29.दलना,महीन करना-3
30.जस,सम्मान -2
32.कारागृह-4
34.आलाप,लय,सुर-2
36.पागल स्त्री-3
37.इंकार,मना-2
38.सराबोर,सना हुआ -4
39.वेश्या,तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**

1.चूहे का घर-2
2.नेता-3
3.सार-संभार-2,3
4.आदर्श,कसौटी-3
5.छाती-2
6.अचरज भरा कार्य-4
7.हृदय को ठेस लगना-5
10.अनवरत वर्षा-4
12.जूं का अंडा-2
16.ओट,घूंघट-3
17.मां के पिता-2
18.दुख,कष्ट-2
20.राष्टीय पक्षी-3
21.पत्र,लैटर-2
22.गुप्तचर,दूत-2
23.कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24.रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25.समयुगीन,समवर्ती-5
26.बंद,स्ट्राइक-4
27.सुरा,शराब-2
31.वचन,प्रतिज्ञा-3
33.बंदर-3
35.नथनी,नथिया-2
37.शहद-2

**शब्द पहेली -2653 का हल**



## छह दिन से लापता बच्चे का खाली प्लॉट में मिला शव, बदायूं से दिल्ली तक हो रही थी तलाश

**एजेंसी**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के बदायूं में छह दिन से लापता बच्चे का खाली प्लॉट में शव मिला है। आठ साल के इस बच्चे की तलाश बदायूं से दिल्ली तक हो रही थी। बच्चे का शव मिलने से हड़कंप मच गया है। परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस टीमें मामले की जांच में जुटी हैं। परिवार वाले हत्या की आशंका जता रहे हैं। आठ साल के बच्चे की हत्या किसने और क्यों की? यह सवाल लोगों के जेहन में है। वे इस अपराध को करने वाले की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

खाली प्लॉट में बच्चे का शव पड़े होने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से अहम साक्ष्य जुटाए हैं। बच्चे का शव मिलने की खबर पर एसपी सिटी और सीओ उझानी भी मौके पर पहुंचे। यह घटना, उझानी कोतवाली के नझियाई मोहल्ले की चटईया कॉलोनी की है। यहां रहने वाले राजमिस्त्री अंबर का आठ साल का बेटा शुभान 16 नवंबर को लापता हो गया था। परिवार ने काफी तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला।



इसके बाद 18 नवंबर को कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद भी शुभान का कोई पता नहीं चला, तो उसके पिता अंबर उसे तलाशने के लिए दिल्ली चले गए। इसी बीच शनिवार सुबह कॉलोनी के पास खाली प्लॉट में बच्चे का शव मिलने की सूचना मिली। पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे तो शव शुभान का ही निकला। शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया और लोग रो-रोकर बेहाल हो गए। परिवार का आरोप है कि बच्चे की हत्या कर शव खाली प्लॉट में फेंका गया है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। बच्चे का शव मिलने और हत्या की आशंका की जानकारी पर एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी और सीओ डॉ. देवेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर स्थानीय पुलिस को जल्द से जल्द मामले का खुलासा करने के निर्देश दिए

## उत्तराखंड में स्कूल के पास मिले 161 विस्फोटक पदार्थ, मचा हड़कंप; जांच शुरू



**एजेंसी**

**अल्मोड़ा.** दिल्ली में बम धमाकों को अभी एक महीने भी नहीं हुए हैं, अब उत्तराखंड के अल्मोड़ा में स्कूल के पास जिलेटिन की 161 छड़े बरामद हुई हैं। पुलिस ने इन छड़ों को कब्जे में ले लिया है और जांच शुरू कर दी है। इस मामले की जानकारी देते हुए अल्मोड़ा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसएसपी देवेंद्र पिंचा शुक्रवार देर रात बताया कि सल्ट तहसील के डबरा स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा थाना सल्ट को सूचना को दी गई कि विद्यार्थियों को खेलते वक्त स्कूल के पास झाड़ियों में कुछ संदिग्ध चींज दिखाई दीं। सल्ट पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और क्षेत्र को सुरक्षित कर लिया। घटनास्थल की की गई तो कुल 161 जिलेटिन की रॉड बरामद हुई। बम डिस्पोजल और डॉग स्क्वायड टीमों को मौके पर बुलाया गया। साथ ही सैंपल इकट्ठा किए गए हैं।

इस मामले की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इस संबंध में थाना सल्ट में अज्ञात के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है। प्रकरण में जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस पता लगा रही है कि जिलेटिन की रॉड यहां कैसे पहुंची और किसके द्वारा लाई गई हैं। उन्होंने कहा कि विस्तृत जांच की जा रही है। सामान्यतः जिलेटिन की रॉड सड़क निर्माण कार्यों में पत्थर तोड़ने के काम में लाई जाती है। इस घटना से लोग दहशत में आ गए। लोगों में तरह-तरह की अफवाह फैलने लगी। सवाल यह भी सामने आ रहा है कि क्या इन विस्फोटक पदार्थ की सहायता से उत्तराखंड में किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की योजना बन रही थी?

एसएसपी ने लोगों से अपील की कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। जांच में जो भी बात सामने आएगी, लोगों को बताई जाएगी। इस दौरान किसी तरह की अफवाह पर भरोसा ना करने के लिए अपील की गई है।

# टायर फटने से बेकाबू ट्रक कई वाहनों को घसीट दुकान-मकान से टकराकर रुका, पांच घायल

**यूपी में मेरठ-करनाल हाईवे पर शुक्रवार देर रात नंगलाताशी गेट के पास तेज रफ्तार ट्रक भीषण हादसे का शिकार हो गया। सरधना फ्लाईओवर की तरफ से आ रहा ट्रक जैसे ही आगे बढ़ा उसका टायर धमाके के साथ फट गया। टायर फटते ही ट्रक अनियंत्रित हो गया।**

**एजेंसी**

**मेरठ ।** यूपी में मेरठ-करनाल हाईवे पर शुक्रवार देर रात नंगलाताशी गेट के पास तेज रफ्तार ट्रक भीषण हादसे का शिकार हो गया। सरधना फ्लाईओवर की तरफ से आ रहा ट्रक जैसे ही आगे बढ़ा उसका टायर धमाके के साथ फट गया। टायर फटते ही ट्रक अनियंत्रित हो गया और कई दुकानों और वाहनों को क्षतिग्रस्त करते हुए एक मकान से टकराकर रुक गया। हादसे में कुल पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

देर रात करीब 12 बजे सरधना फ्लाईओवर की तरफ से आ रहे ट्रक का अचानक टायर फट गया। ट्रक बेकाबू हो गया और तेज रफ्तार में सीधे मेडिकल स्टोर के सामने चाऊमीन की दुकान में जा घुसा। जोरदार टक्कर से दुकान का सारा सामान सड़क पर बिखर गया और लोगों में चीख-पुकार मच गई। बेकाबू ट्रक यहीं नहीं रुका। सड़क किनारे खड़ी कार को टक्कर मारता हुआ तिलकराम के मकान और दुकान की दीवार से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दीवार टूटकर गिर गई और मकान का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। लोग घरों से बाहर निकल आए और घायलों को बचाने में जुट गए।

हादसे में ट्रक चालक और परिचालक सहित कुल पांच लोग घायल हुए हैं। घायलों में अंकित, कार मालिक अंकूर, बांस-बल्लियों की दुकान करने वाले चतरलाल और बाइक से गुजर रहे महबूब शामिल हैं।



सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। ट्रक चालक और परिचालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है।

**सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना**

हादसे का वीडियो पास की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। फुटेज में ट्रक को अनियंत्रित होकर दुकानें, वाहन और मकान की दीवार तोड़ता साफ नजर आ रहा है। पुलिस ने फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए जाम लग गया।

एसपी सिटी, आयुष विक्रम सिंह ने कहा कि टायर फटने से ट्रक अनियंत्रित होकर दुकानों में घुस गया। कुछ लोग घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है। चालक की तलाश जारी है।

## बंगाल में 'बाबरी मस्जिद' की घोषणा पर अयोध्या के संतों ने बताई आपत्ति, टीएमसी सांसद पर रखा इनाम

**एजेंसी**

**अयोध्या ।** अयोध्या में 25 नवंबर को राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण से पहले टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर की 'बाबरी मस्जिद' की घोषणा पर साधु-संतों ने ऐतराज जताया है। अयोध्या के संत जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने हुमायूं कबीर पर इनाम की भी घोषणा की है। जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, ÷जो टीएमसी विधायक की गर्दन काटकर लाएगा, मैं उसे एक करोड़ रुपए का इनाम दिया जाएगा।÷ उन्होंने यह भी कहा कि मुगल आक्रांताओं के नाम से अगर कहीं भी कोई ईंट रखी गई तो उस व्यक्ति को जिंदा नहीं छोड़ा जाएगा।

आचार्य ने कहा, ÷जब सुप्रीम कोर्ट के फैसले के साथ विवाद खत्म हो गया तो फिर यह किसकी हिम्मत है कि वे कोर्ट के खिलाफ चला जाएगा। अगर बाबर के नाम पर भारत में कहीं भी और कोई भी दुस्साहस करेगा, उसकी मौत निश्चित होगी।उन्होंने टीएमसी के विधायक के बयान को ' राष्ट्रद्रोह' बताया और आरोप लगाए कि जब 25 नवंबर को ध्वजारोहण की स्थापना राम मंदिर के शिखर पर होने जा रही है, इसी बीच में षड्यंत्रपूर्वक ममता बनर्जी ने विधायक से बयान दिलवाया है।



आचार्य ने कहा, ÷अगर पश्चिम बंगाल में भी ईंट रखी गई तो इसका परिणाम ममता बनर्जी भुगतने के लिए तैयार रहें।

जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने सरकार से मांग की कि टीएमसी विधायक के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए और उन्हें जेल के अंदर भेजा जाए।

राम जन्मभूमि न्यास के सदस्य और पूर्व सांसद राम विलास वेदांती ने कहा, ÷दुनिया की कोई भी ताकत अब भारत में कहीं भी दूसरी बाबरी मस्जिद नहीं बना सकती। सांप्रदायिक सद्भाव, राष्ट्रीय एकता और शांति के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने नारा दिया है, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास। उसी सोच के आधार पर हमने समाज के हर वर्ग को एक साथ रखने का सामूहिक संकल्प लिया है।

## बीएसएफ ने 4.79 करोड़ की प्रतिबंधित ड्रग्स जब्त की, चार तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी**

**आइजोल.** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मादक पदार्थों और अवैध हथियार नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तर-पूर्व में एक बड़ी सफलता हासिल की। खुफिया सूचना के आधार पर बीएसएफ आइजोल और एक्साइज व नारकोटिक्स मिजोरम की संयुक्त टीम ने शनिवार को पश्चिम आइजोल क्षेत्र में ड्रग्स की बड़ी खेप बरामद करते हुए चार ड्रग पेडलरों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार किए गए ड्रग पेडलरों में दो म्यांमार के नागरिक भी शामिल हैं। इस कार्रवाई के दौरान 5.89 किलोग्राम मेथामफेटामाइन और 41 ग्राम हेरोइन जब्त की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 4.79 करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है। बीएसएफ मिजोरम और कछार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस कार्रवाई की जानकारी दी।

बीएसएफ मिजोरम और कछार ने एक्स पोस्ट में लिखा, ÷22 नवंबर 2025 को बीएसएफ इनपुट पर कार्रवाई करते हुए, बीएसएफ आइजोल और एक्साइज एंड नारकोटिक्स मिजोरम की एक जॉइंट टीम ने वेस्ट आइजोल में 4.79 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत का 5.89 किलो मेथामफेटामाइन और



41 ग्राम हेरोइन जब्त किया। म्यांमार के दो नागरिकों समेत चार ड्रग पेडलर पकड़े गए।÷

इससे पहले एक अन्य कार्रवाई में 20 नवंबर को बीएसएफ मणिपुर, महार रेजिमेंट और मणिपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने कांगपोकपी जिले में तलाशी अभियान चलाकर बड़ी मात्रा में हथियार और विभिन्न प्रकार के गोला-बारूद जब्त किए। यह ऑपरेशन उस चल रहे अभियान का हिस्सा था जिसका लक्ष्य राज्य में शांति और स्थिरता बहाल करना है।

बीएसएप की मानें तो, ÷20 नवंबर 2025 को बीएसएफ मणिपुर, महार रेजिमेंट और मणिपुर पुलिस की एक जॉइंट टीम ने मणिपुर के कांगपोकपी जिले में एक सर्च ऑपरेशन किया और इलाके में शांति और अमन-चैन बहाल करने की चल रही कोशिशों के तहत हथियारों और अलग-अलग तरह के गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा जब्त किया।

वहीं, 19 नवंबर को बीएसएफ आइजोल और एक्साइज एंड नारकोटिक्स मिजोरम की जॉइंट टीम ने एनएच-6 पर दो संदिग्धों के पास से 25 करोड़ ररुपए से ज्ययादा कीमत का 14.905 किलो मेथामफेटामाइन और 707 ग्राम हेरोइन जब्त की थी। इस कार्रवाई के दौरान दो ड्रग पेडलर को भी गिरफ्तारर कर लिया गया था।

## टीएमसी विधायक को इकबाल अंसारी की नसीहत, 'मस्जिद के नाम पर राजनीति करने की जरूरत नहीं'

**एजेंसी**

**भोपाल।** नई दिल्ली, 22 नवंबर (आईएएनएस)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक हुमांयू कबीर के 'बाबरी मस्जिद' बनाने के ऐलान ने विवाद खड़ा कर दिया है। इस पर अयोध्या मामले में पैरोकार रहे इकबाल अंसारी ने भी आपत्ति जताई है और कहा कि मंदिर-मस्जिद राजनीति के लिए जगह नहीं हैं।

टीएमसी विधायक के बयान पर इकबाल अंसारी ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, ÷अयोध्या के विषय पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया था, जिसका सभी मुसलमानों ने सम्मान किया। कोर्ट ने मस्जिद के लिए भी जमीन दी थी। इसलिए मस्जिद के नाम पर लोगों को



राजनीति करने की जरूरत नहीं है।

उन्होंने यह भी कहा कि बहुत चीजों को लोग भूल जाते हैं, लेकिन नेता राजनीति के लिए ऐसे विषयों को भुनाने की कोशिश करते रहते हैं। इकबाल अंसारी ने कहा, हमारा मानना है कि मंदिर-मस्जिद और धर्म-जात की राजनीति देश के लिए सही नहीं है। देश के प्रति वफादारी होनी चाहिए। भाई-चारा होना चाहिए।

वहीं, हुमायूं कबीर के 'बाबरी मस्जिद' वाले बयान पर ज्ञानवापी मामले में याचिकाकर्ता सोहनलाल आर्य ने भी कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा, ÷बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाने का ऐलान गलत है। ममता बनर्जी के आदेश के बिना बंगाल में इतना बड़ा ऐलान नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, मस्जिद बनाए जाने से आपत्ति नहीं है, लेकिन यह 'बाबरी मस्जिद' के नाम से नहीं बनाई जानी चाहिए। वीर अब्दुल हमीद और तमाम राष्ट्रवादी मुसलमानों के नाम पर मस्जिद बनाएं, इससे किसी को कोई आपत्ति नहीं होगी। आक्रांता के नाम पर मस्जिद के निर्माण का हम विरोध करेंगे।

सोहनलाल आर्य ने यह भी कहा कि 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण करेंगे, उस समय में बाबरी मस्जिद की घोषणा करना यह बिल्कुल भी ठीक नहीं है। यह राजनीति का भी मापदंड नहीं है। बता दें कि टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर ने छह दिसंबर को मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में बाबरी नामक मस्जिद की आधारशिला रखने का ऐलान किया। उन्होंने अपने बयान में कहा, मस्जिद तैयार होने में तीन साल लगेंगे।

## दिल्ली : ज्योति नगर इलाके में चाकूबाजी की घटना में एक नाबालिग की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के ज्योति नगर पुलिस क्षेत्र में शुक्रवार रात चाकूबाजी की घटना हुई है। इसमें एक नाबालिग की मौत हो गई। पुलिस टीम पूरे मामले की जांच कर रही है। पूरी घटना शुक्रवार रात की है। ज्योति नगर पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत चाकूबाजी की घटना हुई। हमले का शिकार हुए नाबालिग को पहले जीटीबी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान कर्दमपुरी इलाके के रहने वाले 15 साल के लड़के के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला कि आरोपियों और लड़के के बीच झगड़ा हुआ था, जिस दौरान आरोपियों ने मृतक को चाकू मार दिया। इस जुर्म में एक नाबालिग समेत दो संदिग्धों के शामिल होने के सुराग और सबूत मिले हैं, जिन पर आरोप है कि उन्होंने यह जुर्म किया है।

मामले को लेकर ज्योति नगर पुलिस स्टेशन में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फोरेंसिक टीम ने मौके से सबूत इकट्ठा किए हैं। आगे की जांच जारी है।

घटना के बाद इलाके के लोग स्तब्ध हैं। एक स्थानीय नागरिक ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, ÷16 वर्षीय अल्फाज की हत्या हुई है। वो रात को खाना खाने के लिए बैठा था। इस दौरान उसका एक दोस्त आया, जो उसे लेकर बाहर गया। उन्होंने घर से जाते वक्त दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया था। यह घटना रात करीब 11 बजे की है। पुलिस घटना के काफी देर बाद आई है।

# 56वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में अपनी फिल्मों की स्क्रीनिंग पर अनुपम खेर ने जाहिर की खुशी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के वरिष्ठ कलाकार अनुपम खेर अपने करियर में 549 फिल्मों में काम करने के बाद अब भी सक्रिय हैं। एक्टर के लिए ये साल बहुत खास है क्योंकि उनकी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को खूब पसंद किया जा रहा है।

अब 56वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में अपनी फिल्मों की स्क्रीनिंग के बाद अनुपम की खुशी का ठिकाना नहीं है। उन्होंने अपनी टीम को धन्यवाद देते हुए सोशल मीडिया पर खुशी जाहिर की है।

अनुपम खेर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 56वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया की कुछ झलकियां शेयर की हैं, जिसमें फिल्म की स्क्रीनिंग के बाद उन्होंने कोस्टार्स के साथ कुछ तस्वीरें शेयर की हैं।

उन्होंने लिखा, 'कल रात गोवा में 'तन्वी द ग्रेट' की स्क्रीनिंग बेहद सफल रही। लोगों को यह बहुत पसंद आई। उनकी प्रतिक्रियाओं से मैं बहुत प्रभावित हूं। सिनेमा के इस उत्सव में शामिल होने वाले सभी लोगों का धन्यवाद। मुझे अपने बाकी कलाकारों और क्रू की बहुत याद आई! फेस्टिवल डायरेक्टर शेखर कपूर को उनके प्यार और गर्मजोशी के लिए विशेष धन्यवाद।

बता दें कि फेस्टिवल में अनुपम खेर की 'तन्वी द ग्रेट', 'द बंगाल फाइल्स', 1942 ए लव स्टोरी और 'कैलरी' को दिखाया जाएगा। एक्टर की फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की स्क्रीनिंग हो चुकी है और लोगों ने फिल्म को बहुत अच्छा रिस्पांस दिया है।

'तन्वी द ग्रेट' फिल्म अनुपम खेर के लिए बहुत खास फिल्म है, क्योंकि ये एक्टर के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। अनुपम ने अपनी भांजी से प्रेरित होकर इस फिल्म को बनाया है। इस फिल्म में ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के जिंदगी के संघर्षों को दिखाया गया है। उनकी भांजी भी ऑटिज्म से पीड़ित है लेकिन उसके साथ काफी टैलेंटेड भी हैं। वे बहुत अच्छा गाना गाती हैं।




56वां इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया 20 नवंबर से शुरू हुआ था और ये 28 नवंबर तक चलने वाला है। फेस्टिवल का उद्घाटन तेलुगु एक्टर नंदमुरी बालकृष्ण, अनुपम खेर और डायरेक्टर शेखर कपूर ने किया था। इस बार अनुपम खेर फिल्म समारोह में एक मास्टर क्लास भी करने वाले हैं, जिसका टॉपिक है 'हार मानना कोई विकल्प नहीं है।' इस क्लास में अनुपम नए अभिनेता और अभिनेत्रियों को प्रेरित करेंगे और सिनेमा के गुण भी सिखाएंगे।

# यूपी में इन्हें रेड कारपेट वेलकम देगी सरकार, नीति में संशोधन पर भी विचार

**खाद्य प्रसंस्करण विभाग ने उत्तर प्रदेश में पैदा होने वाले 4 लाख मैट्रिक टन से अधिक फल-सब्जियों का अधिक से अधिक इस्तेमाल का रोडमैप तैयार किया है। इससे पूरे राज्य में ब्रेड बेकरी, चिप्स नमकीन, लॉलीपॉप कैंडी, कैटल फीड, फोजन फूड, फरूट जूस के उद्योगों का जाल बिछाने की योजना है।**

**एजेंसी**

**लखनऊ।** छोटे उद्यमियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए सरकार रेड कारपेट वेलकम करेगी। इसके लिए अगर जरूरत पड़ी तो खाद्य प्रसंस्करण नीति-2023 में संशोधन करने पर भी विचार करेगी ताकि निवेश करने वालों को प्रदेश में और भी सुविधाएं मिल सके। नई नीति में खाद्य प्रसंस्करण की छोटी-छोटी इकाइयों को प्रोत्साहित किए जाने की योजना है।

दरअसल, खाद्य प्रसंस्करण विभाग ने प्रदेश में पैदा होने वाले 4 लाख मैट्रिक टन से अधिक फल-सब्जियों का अधिक से अधिक इस्तेमाल का रोडमैप तैयार किया है। इससे पूरे राज्य में ब्रेड बेकरी, चिप्स नमकीन, लॉलीपॉप कैंडी, कैटल फीड, फ्रोजन फूड, फ्रूट जूस के उद्योगों का जाल बिछाने की योजना है। इसे क्रियान्वित करने के लिए दूसरे प्रदेशों के निवेशकों को प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण की इकाइयां स्थापित करने के लिए आकर्षित करने का निर्णय किया गया है।

**सिंगल विंडो की सुविधा, पहले से अधिक अनुदान**

अधिक से अधिक निवेशक प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में निवेश करें, इसके लिए सिंगल विंडो की सुविधा के साथ पहले से अधिक अनुदान दिए जाने का एक प्रस्ताव भी तैयार किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य खाद्य प्रसंस्करण आधारित



उद्योगों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक पूंजी निवेश कराना है।

नीति में क्या बदलाव किया जाए या और क्या इसमें जोड़ा जाए, जिससे प्रदेश में निवेश का आकर्षण बढ़े इसके लिए खाद्य प्रसंस्करण विभाग में बैठकों का दौर लगातार जारी है। इस बीच गुजरात, राजस्थान, हरियाणा व उत्तराखण्ड के उद्यमियों द्वारा प्रदेश के रामपुर जिले में करीब 300 करोड़ रुपये के मटर, गाजर, गोभी, पालक, मशरूम आदि के प्रसंस्करण की इकाई स्थापित की जा रही है। 700 करोड़ के प्रस्ताव को राज्य स्तरीय इम्पावर्ड कमेटी पहले ही हरी झंडी दे चुकी है, जिसमें करीब 150 करोड़ का अनुदान दिए जाने का प्रावधान है।

**331 प्रस्तावों को मिल चुकी है स्वीकृति**

पिछले दो वर्षों में अब तक 331 प्रस्तावों की स्वीकृति मिल चुकी है। इसमें रेडी टू ईट के 62, सोलर पावर के 58, आईक्यूएफ् के 31, सिरियल्स, पल्स के 26, कैटिल फीड के 22, फल एवं सब्जी प्रसंस्करण के 21, दुग्ध प्रसंस्करण के 14, रेडी टू सर्व के 12, बेकरी के 11, मसाला प्रसंस्करण के 11, फोर्टिफाइड राइस के 10, मस्टर्ड आयल के 10, राइस ब्रान आयल के 9, मल्टिग्रेन आटा के 8, गुड प्रसंस्करण के 8, मेडिसिनल आयल के 3, चिकोरी प्रसंस्करण, आइस क्रीम कोन, मीट प्रसंस्करण, ट्रान्सपोर्ट सब्सिडी प्रत्येक के दो तथा हींग एवं शहद प्रसंस्करण के 1-1 प्रोजेक्ट्स शामिल हैं।

**फ्रोजेन फूड प्रासेसिंग में पड़ोसी राज्यों के उद्योमियों ने दिखाई दिलचस्पी**

प्रदेश के दो जिले रामपुर एवं बरेली फ्रोजेन फूड प्रासेसिंग में हब के रूप में उभर कर आए हैं। इसमें प्रदेश के निवेशकों के साथ-साथ उत्तराखण्ड एवं राजस्थान के उद्यमी द्वारा दोनों जिलों में लीज पर भूमि लेकर फ्रोजेन फूड प्रासेसिंग की यूनिट की स्थापना की जा रही है। प्रत्येक यूनिट को औसतन 60 हजार कुन्तल फल एवं सब्जियों की आवश्यकता होगी, जो प्रदेश में आसानी से उपलब्ध है।

इन क्षेत्रों में निवेशकों को अतिरिक्त सुविधाएं देने का है प्रस्ताव

प्रदेश में फल-सब्जियों से तैयार होने वाले प्रसंस्कृत पदार्थ यथा ब्रेड-बेकरी, चिप्स नमकीन, लाली-पाप कैण्डी, कैटिल फीड, फोर्टिफाइड राइस, फ्रोजेन फूड, रेडी टू ईट, फ्रूट जूस, काजू प्रसंस्करण, दुग्ध प्रसंस्करण, मस्टर्ड आयल एक्स्ट्रेक्शन आदि के क्षेत्र में अधिक से अधिक निवेशकों को आकर्षित करने के सरकार अतिरिक्त सुविधाएं देने पर विचार कर रही है।

# पहले दिन का खेल समाप्त, दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 247/6

**– भारत ने दिन का अंत मजबूत वापसी के साथ किया**



**गुवाहाटी (एजेंसी)।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरे और अंतिम टेस्ट के पहले दिन का खेल समाप्त हो गया है। बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और दिन का अंत छह विकेट पर 247 रन के साथ किया। टीम के लिए ट्रिस्टन स्टब्स ने सर्वाधिक 49 रन बनाए, जबकि कप्तान तेम्बा बावुमा ने 41 रनों का योगदान दिया।

दिन के अंत में सेनुरन मुथुसामी 25 रन और काइल वेरेने एक रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं। भारतीय गेंदबाज़ों ने शुरुआती दौर में दबाव झेलने के बाद शानदार वापसी की। कुलदीप यादव ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट चटकाए, जबकि जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और रविंद्र जडेजा ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत संभली हुई रही और टीम ने चायकाल तक एक विकेट पर 82 रन बना लिए थे। इस मैच में चायकाल लंच से पहले लिया गया। पहला विकेट एडन मारक्रम के रूप में गिरा, जो 27वें ओवर में 38 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 81 गेंदों में पांच चौके लगाए और टीम को मजबूत प्लेटफॉर्म दिया।

चायकाल के बाद भारत ने तुरंत प्रभाव दिखाया। कुलदीप यादव ने अपने पहले ही ओवर में रायन रिकलटन को 35 रन पर आउट कर दूसरी सफलता दिलाई। रिकलटन ने 82 गेंदों में पांच चौकों की मदद से अपनी पारी को सजाया। लंच तक दक्षिण अफ्रीका दो विकेट पर 156 रन बनाकर मजबूत स्थिति में दिख रहा था, लेकिन बाद में भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट झटककर मैच को संतुलन में ला दिया। अब दूसरे दिन का खेल दोनों टीमों के लिए अहम होगा। भारत की कोशिश जल्द से जल्द दक्षिण अफ्रीका को समेटने की होगी, जबकि मेजबान टीम 300 से ऊपर का स्कोर खड़ा करने का प्रयास करेगी।

# बैडमिंटन ऑस्ट्रेलिया ओपन 2025: चाउ टिएन चेन को हराकर लक्ष्य सेन फाइनल में



**सिडनी (एजेंसी)।** भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने ऑस्ट्रेलिया ओपन 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे के अनुभवी खिलाड़ी चाउ टिएन चेन को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। ओलंपिक पार्क स्पोर्ट्स सेंटर में खेले गए इस रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में लक्ष्य ने 1 घंटा 26 मिनट की कड़ी जंग के बाद 17-21, 24-22, 21-16 से जीत दर्ज की।

इस मुकाबले में लक्ष्य सेन ने तीन मैच पॉइंट बचाते हुए वापसी की और विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज चाउ टिएन चेन को मात देकर इतिहास रच दिया। यह लक्ष्य की चेन के खिलाफ आठ मुकाबलों में चौथी जीत है।

पहला गेम चाउ टिएन चेन ने 4-0 की तेज बढ़त के साथ आसानी से जीत लिया। लेकिन दूसरे गेम में लक्ष्य ने शानदार लड़ाई दिखाई और निर्णायक क्षणों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 24-22 से गेम अपने नाम किया। तीसरे गेम में भारतीय शटलर ने 7-2 की बढ़त बनाई और ब्रेक तक 11-6 की बढ़त कायम रखी। एक बार बढ़त मिलने के बाद लक्ष्य ने मैच पर पूरा नियंत्रण बना लिया और 21-16 से जीत हासिल करते हुए फाइनल में जगह पक्की की।

2025 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सीजन में लक्ष्य सेन का यह दूसरा फाइनल होगा। फाइनल में उनका मुकाबला चुन यी लिन (चीनी ताइपे) और युशी तनाका (जापान) के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

# सबा करीम ने बुमराह के इम्पैक्ट की जमकर सराहना की

**– जायसवाल को दी खास सलाह**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए पहले टेस्ट ने कई सवाल खड़े कर दिए विशेषकर भारत की कमजोर बैटिंग और साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों की जबरदस्त धार को लेकर। इस लो-स्कोरिंग मैच में जहां भारतीय बल्लेबाज लगातार जूझते दिखाई दिए, वहीं जसप्रीत बुमराह एक बार फिर भारत के सबसे भरोसेमंद गेंदबाज साबित हुए। पूर्व भारतीय विकेटकीपर सबा करीम ने बुमराह की मैच-इंटेलिजेंस, फिटनेस और स्वभाव की खुलकर तारीफ करते हुए कहा कि बुमराह उन गेंदबाजों में से हैं जो हर परिस्थिति में सिर्फ अपनी प्रक्रिया पर भरोसा करते हैं और टीम के लिए ढाल बनकर खड़े रहते हैं।

सबा करीम के अनुसार बुमराह ऐसे गेंदबाज हैं जिन पर किसी भी कंडीशन का बहुत असर नहीं पड़ता। चाहे पिच बल्लेबाजों के लिए हो या गेंदबाजों के लिए, बुमराह अपनी नैचुरल लेंथ, वेरिएशन और सटीक लाइनों से हमेशा प्रभाव डालते हैं। करीम ने कहा कि 'बुमराह को स्पेल की लंबाई या विकेट की मदद से फर्क नहीं पड़ता। वह अपनी क्षमता से पार्टनरशिप तोड़ते हैं और कप्तान के लिए हर परिस्थिति में सबसे भरोसेमंद विकल्प बने रहते हैं।' उन्होंने ईडन टेस्ट में बुमराह द्वारा डाले गए लंबे स्पेल, उनकी फिटनेस और विकेट लेने की भूख की भी तारीफ की। हालांकि भारत को 124 रन के आसान से लक्ष्य का पीछा करते हुए 30 रन से शर्मनाक हार मिली थी, लेकिन बुमराह पूरे मैच में छाए रहे। उन्होंने दोनों पारियों में साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। सबा करीम ने यह भी माना कि अंतिम दिन उन्हें थोड़ा देर से गेंदबाजी के लिए लाया गया, वरना असर और भी बड़ा दिख सकता था।

सबा करीम ने इस दौरान भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल की बैटिंग एप्रोच पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि जायसवाल का अटैकिंग माइंडसेट बेहतरीन है, लेकिन शॉट सिलेक्शन मैच की जरूरत के अनुरूप होना चाहिए। पहली पारी में जायसवाल अधीर दिखे और कंडीशन को ध्यान में रखकर अपने खेल में लचीलापन नहीं ला सके। करीम के अनुसार, 'हर स्थिति में हमला करना सही तरीका नहीं होता। कई बार शुरुआत धीमी रखकर इनिंग को सेट करना जरूरी होता है, खासकर ऐसी पिच पर जहां रन निकालना मुश्किल हो।' भारतीय टीम अब गुवाहाटी में होने वाले दूसरे टेस्ट में बराबरी की कोशिश करेगी। साउथ अफ्रीका 2010 के बाद पहली बार भारत में टेस्ट जीत चुका है और उसका आत्मविश्वास चरम पर है। ऐसे में बुमराह के प्रदर्शन और युवा बल्लेबाजों के बेहतर शॉट सिलेक्शन पर टीम की उम्मीदें टिकी रहेंगी।

# ट्रैविस हेड की तूफानी सेंचुरी से इंग्लैंड ध्वस्त, दो दिन में ऑस्ट्रेलिया ने जीता पहला एशेज टेस्ट



**पर्थ (एजेंसी)।** पर्थ में खेले गए पहले एशेज टेस्ट का नतीजा चौंकाने वाला रहा, क्योंकि मुकाबला महज़ दो दिन में ही खत्म हो गया। मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को आठ विकेट से हराकर श्रृंखला में शानदार बढ़त बना ली। इस तेज़ जीत के हीरो रहे सलामी बल्लेबाज़ ट्रैविस हेड, जिन्होंने इंग्लैंड के गेंदबाज़ों की जमकर धुनाई करते हुए तहलका मचा दिया। 205 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। टीम ने सिर्फ 28.2 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य पूरा कर लिया। ट्रैविस हेड ने 83 गेंदों में विस्फोटक 123 रन ठोककर इंग्लैंड की गेंदबाज़ी लाइन-अप को उधेड़कर रख दिया। उनकी पारी में 16 चौके और 4 गगनचुंबी छक्के शामिल रहे। हेड ने महज़ 69 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जो उनकी आक्रामक मानसिकता और अद्भुत टाइमिंग का प्रमाण है।

दूसरे छोर पर मार्नस लाबुशेन ने भी संयमित लेकिन महत्वपूर्ण पारी खेलते हुए नाबाद 51 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर इंग्लैंड के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया और मुकाबले को एकतरफा बना दिया। इंग्लैंड की ओर से गेंदबाज़ी फीकी रही और वे न तो गति से, न ही स्विंग से ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ों को रोक पाए। पहले दिन ही इंग्लैंड की बल्लेबाज़ी लड़खड़ा गई थी, जिसका दबाव दूसरा दिन उनकी गेंदबाज़ी पर भी साफ दिखाई दिया। ऑस्ट्रेलिया की इस धमाकेदार जीत ने एशेज सीरीज़ में रोमांच बढ़ा दिया है और टीम का आत्मविश्वास भी चरम पर पहुंच गया है। दूसरी ओर, इंग्लैंड को अब अगले टेस्ट से पहले अपनी रणनीति और टीम कॉम्बिनेशन पर फिर से विचार करना होगा।

इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन कप्तान बेन स्टोक्स का यह निर्णय पहले दिन कमजोर साबित हुआ जब पूरी टीम 172 रन बनाकर आउट हो गई। हालांकि, जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम भी पहली पारी में संघर्ष करती नजर आई और सिर्फ 132 रनों पर सिमट गई। इंग्लैंड को पहली पारी के आधार पर 40 रनों की बढ़त मिली, जो मैच की परिस्थिति को देखते हुए महत्वपूर्ण साबित हुई। इस पिच पर हर रन का महत्व है, क्योंकि बल्लेबाजों के लिए यहां टिकना चुनौती बन गया है।

दूसरी पारी में इंग्लैंड का प्रदर्शन पहले से बेहतर होने की उम्मीद थी, लेकिन एक बार फिर उनकी बल्लेबाजी विफल साबित हुई। पूरी टीम 164 रन ही जोड़ पाई। इस मैच की तीनों पारियों में अब तक सिर्फ एक ही बल्लेबाज अर्धशतक तक पहुंच पाया है हैरी ब्रूक, जिन्होंने पहली पारी में 52 रन बनाए थे। दूसरी पारी में इंग्लैंड के लिए गस एटकिंसन ने 37 रनों की उपयोगी पारी खेली और ब्रायडन कार्स के साथ मिलकर 50 रनों की साझेदारी कर टीम को 200 से ऊपर की बढ़त दिलाने में मदद की। यही रन अब ऑस्ट्रेलिया के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी की बात करें तो टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और पैट कमिंस इस मैच में नहीं खेले, लेकिन उनके बिना भी ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण ने शानदार प्रदर्शन किया और इंग्लैंड को दोनों पारियों में 200 के भीतर रोक दिया। इससे पता चलता है कि पर्थ की पिच कितनी कठिन है और बल्लेबाजों के लिए यहां रन बनाना कितना मुश्किल।

ऑस्ट्रेलिया को 205 रनों का लक्ष्य मिलने के बावजूद यह रन बनाना आसान नहीं होगा। पिच में लगातार असमान उछाल और सीम मूवमेंट दिख रही है, जो इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों के लिए बड़ा हथियार बन सकती है। तीसरे दिन मैच का नतीजा आना लगभग तय माना जा रहा है, और मुकाबला दोनों टीमों के लिए बराबरी की टक्कर वाला बन गया है। अब देखना यह होगा कि इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण ऑस्ट्रेलिया को रोक पाता है या मेजबान टीम शुरुआती टेस्ट में बढ़त हासिल करती है।

# महिला विश्व कप ट्राफी जीतने के बाद पहली बार देहरादून पहुंची स्नेहा राणा, रेलवे स्टेशन पर हुआ जोरदार स्वागत, रेलवे अधिकारियों ने कहा गर्व की बात

देहरादून। भारतीय महिला टीम की सदस्य आलराउंडर स्नेह राणा का देहरादून रेलवे स्टेशन पर धूमधाम से स्वागत हुआ। बीते दो नवंबर को भारतीय महिला टीम द्वारा वनडे क्रिकेट विश्व कप ट्राफी जीतने के बाद पहली बार स्नेह राणा देहरादून पहुंची। स्नेह क्रिकेटर होने के साथ-साथ देहरादून रेलवे स्टेशन में कमर्शियल कम टिकट क्लर्क पद पर तैनात हैं और रेलवे क्रिकेट टीम से भी खेलती हैं। इस दौरान रेल अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें भारतीय रेल के लिए गर्व का विषय बताया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक देहरादून से सटे सिनोला गांव की



रहने वाली स्नेह राणा का स्वागत रेलवे स्टेशन में ढोल-नगाड़ों के साथ किया गया। रेल अधिकारियों ने वनडे विश्व कप मैच में उनके शानदार प्रदर्शन की तारीफ की। स्नेह ने अपने क्रिकेट के सफर पर बात करते हुए कहा कि पहली बार जब वह पंजाब से खेलने जा रही थी तो वह इसी रेलवे स्टेशन से सफर किया था। इस दौरान एक टीटी ने उनके ट्रेन सफर को साझा किया। स्टेशन अधीक्षक रविंद्र कुमार ने कहा कि स्नेह राणा देश, प्रदेश, जिले के साथ-साथ भारतीय रेलवे के लिए भी गर्व और प्रेरणा हैं। सीटीआई सुहैल खान ने बताया स्नेह पूर्व में फिरोजपुर मंडल में तैनात थी। पिछले साल ही उनका देहरादून में तबादला हुआ है।

# सुपर ओवर में बड़ा विवाद- वैभव सूर्यवंशी को बाहर बैठाकर भारत ने गंवाया फाइनल का टिकट

दोहा । दोहा में खेले गए एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ए टीम की हार जितनी रोमांचक थी, उतनी ही विवादों से घिरी भी रही। मैच का फैसला सुपर ओवर में हुआ, लेकिन इसी ओवर ने टीम मैनेजमेंट के फैसलों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। पावर हिटर वैभव सूर्यवंशी को बल्लेबाजी का मौका न देना टीम के बाहर होने का सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है। युवा बल्लेबाज डगआउट में बेचैन बैठे रहे, उनके चेहरे पर मायूसी साफ दिख रही थी, लेकिन कोच सुनील जोशी और कप्तान जितेश शर्मा ने उन्हें मैदान पर भेजने का फैसला नहीं लिया। 40 ओवर के संघर्ष के बाद दोनों टीमों का स्कोर 194-194 रन पर बराबर रहा। सुपर ओवर में भारत ने पहले बल्लेबाजी की, लेकिन टीम ने हैरान कर देने वाला फैसला लिया। कप्तान जितेश शर्मा और रामनदीप सिंह को ओपनिंग के लिए भेजा गया, जबकि वैभव सूर्यवंशी जैसे विस्फोटक बल्लेबाज को डगआउट में ही रोके रखा गया। वैभव को देखकर साफ समझ आ रहा था कि वे बल्लेबाजी को बेताब हैं, लेकिन उन्हें मौका नहीं मिला। पहली गेंद पर कप्तान जितेश क्लीन बोल्ड हो गए और भारत की रणनीति शुरुआत से ही बिखर गई। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि कप्तान के आउट होने के बाद भी कोच ने वैभव सूर्यवंशी को भेजने का फैसला नहीं किया। तीसरे नंबर पर अशुतोष शर्मा को उतारा गया, लेकिन वे भी पहली ही गेंद पर आउट हो गए। सुपर ओवर में टीम के पास सिर्फ तीन बल्लेबाज उतरने का मौका होता है और दो विकेट गिरते ही पारी समाप्त हो जाती है। ऐसे में भारत की पूरी प्लानिंग धराशायी हो गई और वैभव बिना खेले ही वापस लौटने पर मजबूर हो गए। बांग्लादेश को जीत के लिए बेहद आसान लक्ष्य मिला, जिसे उन्होंने एक वाइड बॉल पर ही हासिल कर लिया। भारत का फाइनल तक का सफर सुपर ओवर में लिए गए दो गलत फैसलों की वजह से थम गया। मैच के बाद फैंस भी टीम मैनेजमेंट की आलोचना करते नजर आए और यह सवाल उठाने लगे कि जब टीम को मैच जिताने के लिए पावर हिटर की जरूरत थी, तब वैभव सूर्यवंशी को क्यों रोका गया? यह हार ना सिर्फ खिलाड़ियों बल्कि करोड़ों भारतीय फैंस के लिए मायूसी लेकर आई है और आने वाले समय में इस फैसले पर लंबी चर्चा होना तय है।

# टी 20 विश्वकप 2026: भारत का ग्रुप लगभग तय, पाकिस्तान से होगी टक्कर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2026 के लिए टीमों की संभावित ग्रुपिंग लगभग तय हो चुकी है। कुल 20 टीमें इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी और इन्हें 5-5 टीमों के चार ग्रुप्स में बांटा जाएगा। हालांकि इस ग्रुपिंग पर आईसीसी की आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है, लेकिन उपलब्ध रिपोर्ट्स के अनुसार भारत का ग्रुप संतुलित और अपेक्षाकृत आसान माना जा रहा है।




**भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में**

एक रिपोर्ट के अनुसार टीम इंडिया जिस ग्रुप में है, उसमें पाकिस्तान भी शामिल होगा। इसका मतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच कम से कम एक हाई-वोल्टेज मुकाबला होना तय है। इस ग्रुप में भारत और पाकिस्तान के अलावा अमेरिका (यूएसए), नामीबिया और नीदरलैंड की टीम होंगी। इन पांच टीमों में सिर्फ भारत और पाकिस्तान ही टेस्ट खेलने वाले देश हैं, जिससे टीम इंडिया के सुपर-8 में पहुंचने की राह अपेक्षाकृत आसान मानी जा रही है।

**सह-मेजबान श्रीलंका का कठिन ग्रुप**

टी20 वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन भारत और श्रीलंका मिलकर करेंगे। सह-मेजबान श्रीलंका को जिस ग्रुप में रखा जा सकता है, उसे 'ग्रुप ऑफ डेथ' कहा जा रहा है। इस ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे, आयरलैंड और ओमान की टीमें शामिल होंगी। यह ग्रुप इसलिए कठिन है, क्योंकि इसमें चार टेस्ट प्लेइंग नेशन्स मौजूद रहेंगे।

**अन्य संभावित ग्रुप्स**

एक अन्य ग्रुप में इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, इटली, बांग्लादेश और नेपाल की टीम हो सकती है। इस ग्रुप में तीन टेस्ट खेलने वाले देश होने से प्रतिस्पर्धा तेज होगी। वहीं दक्षिण अफ्रीका के ग्रुप में न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, यूएई और कनाडा को शामिल किया जा सकता है। यहां भी तीन टेस्ट नेशन्स के मौजूद होने से मुकाबले बेहद रोमांचक रहेंगे।

टूर्नामेंट में हर ग्रुप की टॉप-2 टीमें सुपर-8 में जगह बनाएंगी। इसके बाद दो नए ग्रुप बनाए जाएंगे, जहां से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। आशा है कि सुपर-8 का दौर 15 फरवरी से शुरू होगा।

**कहां होंगे मुकाबले?**

भारत में टूर्नामेंट के मैच मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली और अहमदाबाद में खेले जाएंगे। श्रीलंका में कोलंबो और कैंडी को मेजबानी मिलेगी। फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने की संभावना है, बशर्ते पाकिस्तान फाइनल में नहीं पहुंचता। वहीं कोलंबो को एक सेमीफाइनल की मेजबानी तभी मिलेगी जब पाकिस्तान या श्रीलंका में से कोई टीम अंतिम-4 में पहुंचे। टी20 विश्व कप 2026 अभी से चर्चा में है, और ग्रुपिंग को देखकर यह टूर्नामेंट बेहद रोमांचक होने वाला है।

**टी20 विश्वकप 2026 के लिए संभावित ग्रुप**

ग्रुप ए - इंडिया, पाकिस्तान, यूएसए, नामीबिया, नीदरलैंड्स।

ग्रुप बी- ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, आयरलैंड, ओमान।

ग्रुप सी- इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, इटली, बांग्लादेश, नेपाल।

ग्रुप डी- साउथ अफ्रीका, न्यूज़ीलैंड, अफगानिस्तान, यूएई, कनाडा।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराया, ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह पक्की

कोलंबो । भारत ने शनिवार को पी. सारा ओवल में खेले गए महिला टी20 वर्ल्ड कप क्रिकेट फॉर द ब्लाइंड के पहले सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से मात देकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय टीम की जीत में बी2 कैटेगरी की खिलाड़ी बसंती हंसदा का अहम योगदान रहा, जिन्हें उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की, लेकिन भारतीय गेंदबाजों के सामने उनकी शुरुआत बेहद खराब रही। टीम 37 रन तक पहुँचते-पहुंचते अपने पांच विकेट गंवा चुकी थी। इसके बाद चानाकन बुआखाओ और जूली न्यूमैन ने पारी को संभालने की कोशिश की। न्यूमैन ने 25 रन बनाए, जबकि बुआखाओ ने 34 रन का योगदान दिया। बी3 कैटेगरी की कोर्टनी लुईस ने भी 14 रन जोड़े, जिससे टीम निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 109 रन तक पहुँची। इन सबके अलावा 20 एक्स्ट्रा रन भी स्कोरबोर्ड में जुड़े। भारत की ओर से बी2 सिमरनजीत कौर, बी1 जमुना रानी और बी1 अनु कुमारी ने एक-एक विकेट हासिल किया। गेंदबाजी में अनुशासन और सटीक लाइन-लेंथ ने भारतीय टीम को शुरुआत से ही बढ़त दिलाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने जोरदार शुरुआत की। बी3 की गंगा कदम और बी2 बसंती हंसदा ने पहले विकेट के लिए मात्र 11 ओवर में 93 रनों की शानदार साझेदारी की। बसंती ने 39 गेंदों में 3 चौकों की मदद से 45 रन बनाए और रन आउट हुईं। इसके बाद बी1 बैटर करुणा ने सिर्फ 5 गेंदों में 16 रन ठोककर मैच को तेजी से खत्म कर दिया। भारत ने 11.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। गंगा कदम 31 गेंदों में 41 रन बनाकर नाबाद रहीं। अब यह तय होगा कि भारत फाइनल में नेपाल से भिड़ेगा या पाकिस्तान से, क्योंकि दूसरा सेमीफाइनल इन दोनों के बीच खेला जाना है। भारत ने लीग चरण के सभी पांच मुकाबले जीतने के बाद सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

# गंभीर के आलोचकों पर भड़के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक

गुवाहाटी । भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने मुख्य कोच गौतम गंभीर की आलोचना करने वालों को आड़े हाथों लिया है। कोटक के अनुसार ऐसा लगता है जैसे कुछ कुछ लोग अपने फायदे के लिए इस प्रकार का अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा, '' गंभीर की लगातार आलोचना हो रही है। मैं इसलिये ऐसा कह रहा हूं क्योंकि मैं स्टाफ हूं और मुझे ये अच्छा नहीं लग रहा है। यह कोई सही तरीका नहीं है।' इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, '' शायद कुछ लोगों का ये व्यक्तिगत एजेंडा हो सकता है। वे करते रहे पर ये तरीका सही नहीं है।' गौतलब है कि कोलकाता में पहले टेस्ट के लिये इस्तेमाल की गई पिच को लेकर भी गंभीर की काफी आलोचना हुई थी। इस मैच में भारतीय टीम की बल्लेबाजी असफल रही थी और टीम 124 रन के साधारण से लक्ष्य को भी हासिल नहीं कर पायी। वहीं गंभीर ने क्यूरेटर का बचाव करते हुए कहा था कि पिच वैसी ही थी, जैसी मांगी गई थी। वहीं कुछ सप्ताह पहले शुभमन गिल ने कहा था कि भारतीय टीम अच्छी पिचों पर खेलना चाहती है जो बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों की मदद करे ।

# केकेआर से अब भी खेलना चाहते वेंकटेश अय्यर

मुम्बई । बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर ने कहा है कि वह अभी भी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से खेलना चाहते हैं और इसी कारण कोच अभिषेक नायर के संपर्क में बने हुए हैं। साथ ही कहा कि उन्हें उम्मीद है कि नीलामी में एक बार फिर से अवसर मिल सकता है। वेंकटेश को हाल ही में केकेआर ने रिलीज कर दिया था। वेंकटेश का कहना है कि टीम के रिलीज किये जाने के बाद भी उनका दिल उसी के साथ है। इसी कारण वह केकेआर के साथ जाना चाहते हैं। 2025 की नीलामी में केकेआर द्वारा 23.75 करोड़ रुपये में खरीदे जाने के बाद सबसे चर्चित खिलाड़ियों में से एक रहे इस ऑलराउंडर ने कहा कि वह फ्रैंचाइज़ी द्वारा उन पर रखे गए



भरोसे के लिए आभारी हैं और उम्मीद करते हैं कि यह जुड़ाव जारी रहेगा। वहीं केकेआर ने आगामी सीज़न के लिए वेंकटेश सहित कई बड़े खिलाड़ियों को रिलीज़ किया है। अय्यर के साथ, इस सूची में आंद्रे रसेल, क्विंटन डी कॉक, मोइन अली, एनरिक नॉर्टजे, स्पेंसर जॉनसन और रहमानुल्लाह गुरबाज़ शामिल थे। अय्यर ने यह भी बताया कि अगर केकेआर में वापसी संभव नहीं होती है, तो वह लीग की बाकी नौ टीमों में से किसी के लिए भी खेलने को तैयार हैं। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि उनका योगदान बल्लेबाज़ी और गेंदबाज़ी से कहीं आगे जाता है, और ज़रूरत पड़ने पर वह नेतृत्व संबंधी सुझाव देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि हमारे जैसे खिलाड़ियों के लिए, आईपीएल में खेलना एक मौका है। इससे कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता कि मैं किस टीम के लिए खेलता हूँ। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूँगा। अगर मुझे अपने दिल से पूछना पड़े, तो मैं अब भी केकेआर के लिए खेलना चाहूँगा। मैंने केकेआर के साथ एक चैंपियनशिप जीती है। मैं इस विरासत को आगे बढ़ाना चाहता हूँ।

# भारतीय महिला क्रिकेट का स्वर्णिम अध्याय: अंजुम चोपड़ा ने विश्व कप जीत को बताया सबसे बड़ा गेम चेंजर

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कप्तान अंजुम चोपड़ा ने आईसीसी महिला विश्व कप में पहली जीत के लिए टीम इंडिया की सराहना की और कहा कि उन्हें अभी भी टीम इंडिया के शानदार प्रदर्शन की वो अच्छी और सुखद यादें याद आती हैं और उन्होंने इसे महिला क्रिकेट में सबसे बड़ा बदलाव करार दिया। 2 नवंबर को, वापसी कर रही शेफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत भारत ने इतिहास रच दिया। उन्होंने पहली बार फाइनल में पहुँची दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 299 रनों के लक्ष्य का बचाव करते हुए नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में 52 रनों से खिताबी मुकाबला जीतकर वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय दोनों प्रारूपों में अपना पहला विश्व खिताब हासिल किया।

यह जीत 2005 और 2017 के विश्व कप फाइनल में मिली दो हार के बाद और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा भारत में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए किए गए कई प्रयासों, जैसे पुरुष टीम के बराबर मैच फीस और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की शुरुआत के बाद मिली। शुक्रवार को फिक्की टर्फ 2025 - 15वें ग्लोबल स्पोर्ट्स समिट के मौके पर विश्व कप जीत के बारे में पत्रकारों से बात करते हुए, चोपड़ा ने कहा कि वह इस विश्व कप के बहुत करीब महसूस करती हैं।

अंजुम ने कहा कि यह मेरे लिए अब भी एक खास पल है। जब भी मैं अपने फ़ोन पर वह रील या वीडियो देखती हूँ, तो जो खिलाड़ी इस समय सुर्खियों में हैं, हरमन का कैच, सेमीफ़ाइनल की जीत और हमारे अभियान की पहली जीत, यह सब एक सुखद स्मृति के रूप में मेरे सामने आ जाता है। जब भारत लगातार तीन मैच हार गया था, तो यह बहुत मुश्किल था। लेकिन जब हमने ऑस्ट्रेलिया को (सेमीफ़ाइनल में) हराया, तो लोगों ने कहा कि हमें खुश होना चाहिए। लेकिन विश्व चैंपियनशिप केवल जीतने वालों को मिलती है। मैं खेल नहीं रही थी, लेकिन मैं अब भी इस विश्व कप के बहुत करीब महसूस करती हूँ, और मैं लोगों को बताती हूँ कि मैं एक विश्व चैंपियन हूँ।



अंजुम ने डब्ल्यूपीएल को महिला खिलाड़ियों के लिए एक ÷बड़ा कदम÷ और उन लोगों के लिए एक बेहतरीन टूर्नामेंट बताया जो इस खेल को अपनाना चाहते हैं और इसमें प्रगति करना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, 'डब्ल्यूपीएल महिला खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा कदम साबित हुआ है। पहले से दूसरे सीज़न तक भारतीय खिलाड़ियों में काफ़ी सुधार हुआ है, हालाँकि बहुत ज़्यादा नहीं। यह एक खिलाड़ी के तौर पर छलांग लगाने की बात नहीं है, बल्कि सही दिशा में आगे बढ़ने की बात है। यह विश्व कप जीत महिलाओं के खेल में सबसे बड़ा बदलाव रही है। हम लगातार ये सम्मान पाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन यह एक शुरुआत है, और हमें जो इनाम मिला है, वह बहुत ख़ास है। मैं डब्ल्यूपीएल को खिलाड़ियों के लिए इस खेल को अपनाने और इसमें प्रगति करने के लिए एक बेहतरीन विकल्प मानती हूँ।'



## अभिनेता से निर्माता बनने की तरफ बढ़े पंकज त्रिपाठी

## परफेक्ट फैमिली से करेंगे डेब्यू

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता एक्टर पंकज त्रिपाठी अब अभिनेता से निर्माता बनने की तरफ बढ़ चले हैं। वेब सीरीज के जरिए वे बतौर प्रोड्यूसर डेब्यू कर रहे हैं। उनकी पहली सीरीज का नाम है, परफेक्ट फैमिली। यह आठ एपिसोड की ड्रामा सीरीज है। पकंज त्रिपाठी की डेब्यू सीरीज सीधे यूट्यूब पर रिलीज होगी। इस प्लेटफॉर्म पर सीरीज को पेड मॉडल के तहत रिलीज किया जा रहा है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, एक प्रेस रिलीज में कहा गया कि जेएआर पिक्चर्स के अजय राय और मोहित छाबड़ा द्वारा निर्मित तथा पलक भांबरी द्वारा क्रिएट इस सीरीज का प्रीमियर 27 नवंबर को जेएआर सीरीज यूट्यूब चैनल पर होगा।

### ये सितारे आएंगे नजर

मेकर्स के मुताबिक, सीरीज परफेक्ट फैमिली को भारत के विकसित होते डिजिटल इकोसिस्टम में एक महत्वपूर्ण प्रयोग के रूप में पेश किया गया है। सीरीज के पहले दो एपिसोड मुफ्त उपलब्ध रहेंगे, वहीं दर्शक 59 रुपये का भुगतान करके बाकी एपिसोड देख सकते हैं। इस सीरीज का निर्देशन सचिन पाठक ने किया है। इसमें गुलशन देवैया, नेहा धूपिया, मनोज पाहवा, सीमा पाहवा, गिरिजा ओक और अन्य कलाकार शामिल हैं।

### पंकज त्रिपाठी ने शेयर की खुशी

परफेक्ट फैमिली एक कॉमेडी ड्रामा सीरीज है, जो परिवार के ईर्द-गिर्द घूमती है। सीरीज को लेकर पकंज त्रिपाठी ने कहा कि पारंपरिक रिलीज फॉर्मेट को चुनौती देने वाले प्रोजेक्ट के साथ पहली बार निर्माता बनना जरूरी लगा। उन्होंने आगे कहा, परफेक्ट फैमिली मेरे दिल के बेहद करीब है। दुनियाभर के परिवार इस शो में अपना एक हिस्सा देखेंगे। एक्टर ने आगे कहा, यूट्यूब का पेड मॉडल भारतीय क्रिएटर्स के लिए एक बिल्कुल नया रास्ता खोलता है। इस सीरीज की कहानी कर्करिया परिवार और उनके बेटे दानी की है।



# बॉलीवुड की युवा अभिनेत्रियां जिन्होंने कम उम्र में किया डेब्यू

**बॉलीवुड में हमेशा से नए चेहरे लॉन्च होते रहे हैं। इनमें से कई एक्ट्रेस रातोंरात प्रसिद्ध हो जाती हैं। कई बार तो ये अभिनेत्रियां बहुत कम उम्र में ही अपनी पहचान बना लेती हैं। ऐसी ही पांच युवा अभिनेत्रियों के बारे में बात करेंगे, जिन्होंने कम उम्र में बॉलीवुड में डेब्यू किया। इनमें से कुछ ने अभी-अभी शुरुआत की है, जबकि कुछ ने अपनी पहली फिल्मों से ही सबका ध्यान खींच लिया।**

### अनीत पड्डा

अनीत पड्डा एक उभरती हुई अभिनेत्री हैं, जो पंजाब के अमृतसर में 14 अक्टूबर 2002 को एक साधारण सिख परिवार में पैदा हुईं। वे बहुत कम उम्र से ही मॉडलिंग और विज्ञापनों में काम करने लगीं। अनीत ने कई टीवी ऐड्स में काम किया है। अनीत ने बॉलीवुड में अपना डेब्यू 2022 में फिल्म सलाम वेंकी से किया, जब उनकी उम्र मात्र 20 साल थी। इसके बाद 2024 में अनीत अमेजन प्राइम वीडियो की वेब सीरीज बिग गर्ल्स डोंट क्राई में लीड रोल में नजर आईं। 2025 में अनीत को असली ब्रेक मिला फिल्म सैयारा से, जो मोहित सूरी द्वारा निर्देशित है। इसमें उन्होंने आहान पांडे के साथ लीड रोल निभाया। इस फिल्म ने अनीत को रातोंरात स्टार बनाया दिया।



### शनाया कपूर

शनाया कपूर बॉलीवुड एक्टर संजय कपूर और महीप कपूर की बेटी हैं। शनाया का जन्म 3 नवंबर 2000 को मुंबई में हुआ। 2019 में जब वे 19 साल की थीं, उन्होंने गुंजन सक्सेना - द कारगिल गर्ल फिल्म में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया। लेकिन एक्टिंग डेब्यू की बात करें तो 2025 में फिल्म आंखों की गुस्ताखियां से हुआ, जब उनकी उम्र 24 साल थी। यह विक्रांत मैसी के साथ एक रोमांटिक ड्रामा है। इस फिल्म में शनाया की परफॉर्मेंस को सराहा गया।

### सई मांजरेकर



सई मांजरेकर बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता-निर्देशक महेश मांजरेकर और अभिनेत्री मेधा मांजरेकर की बेटी हैं। वे 24 दिसंबर 2001 को मुंबई में पैदा हुईं। सई ने बहुत कम उम्र में ही एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। 2012 में, जब वे सिर्फ 11 साल की थीं, उन्होंने मराठी फिल्म काकस्पर्श में एक छोटा रोल किया, जो उनका पहला डेब्यू था। लेकिन बॉलीवुड में उनका असली डेब्यू 2019 में फिल्म दबंग 3 से हुआ, जब उनकी उम्र 18 साल थी। इस फिल्म में उन्होंने सलमान खान के साथ खुशी चौटाला का रोल निभाया। सई अब 23 साल की हैं और हिंदी-तेलुगु दोनों इंडस्ट्री में काम कर रही हैं।

### नितांशी गोयल

नितांशी गोयल एक बाल कलाकार से शुरू करके लीड एक्ट्रेस बनीं। वे 12 जून 2007 को उत्तर प्रदेश के नोएडा में पैदा हुईं। उनके पिता नितिन गोयल एक बिजनेसमैन हैं और मां राशि गोयल उनके करियर को सपोर्ट करती हैं। नितांशी ने 2016 में फिल्म मन में विश्वास है से अपना फिल्म डेब्यू किया, जब वे मात्र 9 साल की थीं। इसके अलावा टीवी शोज जैसे थपकी प्यार की, नागार्जुन - एक योद्धा और इनसाइड एज में काम किया। लेकिन बॉलीवुड में बड़ा ब्रेक उन्हें 2024 में आई फिल्म लापता लेडीज से मिला, जो आमिर खान की प्रोडक्शन है। इस कॉमेडी-ड्रामा में उन्होंने फूल कुमारी का लीड रोल निभाया, जब उनकी उम्र 17 साल थी।





### राशा थडानी

राशा थडानी सुपरस्टार रवीना टंडन और फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर अनिल थडानी की बेटी हैं। वे 16 मार्च 2005 को मुंबई में पैदा हुईं। स्टार किड होने के बावजूद, उन्होंने कम उम्र में ही डेब्यू की प्लानिंग की। 2025 में फिल्म आजाद से बॉलीवुड डेब्यू किया, जब उनकी उम्र 20 साल थी। अभिषेक कपूर द्वारा निर्देशित इसमें अमन देवगन (अजय देवगन के भतीजे) के साथ लीड रोल है। फिल्म में दीया पेंटी और अजय देवगन भी हैं।



## रणवीर सिंह ने की 'धुरंधर' की हीरोइन सारा अर्जुन की जमकर तारीफ



चालीस साल के हो चुके रणवीर सिंह अपनी आगामी फिल्म 'धुरंधर' में अपने से 20 साल छोटी अभिनेत्री सारा अर्जुन के साथ रोमांस करने को तैयार हैं। जब फिल्म की घोषणा हुई थी तो हर कोई इस बात पर काफी हैरान था। हालांकि, अब फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद, लोगों को दोनों की केमिस्ट्री पसंद आ रही है। खुद रणवीर सिंह ने ट्रेलर लॉन्च इवेंट में सारा अर्जुन की जमकर तारीफ की है।

### रणवीर ने सारा को बताया टैलेंटड

धुरंधर के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में रणवीर सिंह ने सारा अर्जुन को संबोधित करते हुए कहा कि सारा, मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि हम यहां इस मंच पर हैं। आपके लिए कितना खास पल है। मैं इसका हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं, मैं आपके लिए ऐसे खास पल का हिस्सा बनकर भाग्यशाली हूं। सारा एक टेलेंटेड इंसान है। कुछ लोग होते हैं जिनके बारे में बचपन से ही पता होता है कि वो कितने प्रतिभाशाली हैं। जैसे एक बार डकोटा फैनिंग आई थी हॉलीवुड में। सारा, मुझे लगता है कि आपने यहां तक पहुंचने के लिए कई लोगों को पीछा छोड़ा है। यह आपकी प्रतिभा का प्रमाण है। ऐसा लगता है कि ये 50 फिल्म करके आई हैं। वह एक व्यक्ति के रूप में, एक कलाकार के रूप में बहुत ही असाधारण हैं। जाहिर है कि सारा अर्जुन 'धुरंधर' में पहली बार लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आएंगी।

### यकीन नहीं हो रहा ये आपकी पहली फिल्म है

आगे अपनी को-एक्ट्रेस की तारीफ करते हुए रणवीर सिंह ने कहा कि आप उन बेहतरीन कलाकारों में से एक हैं, जिनके साथ मैंने स्क्रीन साझा की है। उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मुझे यकीन ही नहीं हो रहा कि यह आपकी पहली फिल्म है। एक ऐसे व्यक्ति जिन्हें मैं बहुत प्यार और सम्मान देता हूं, मणिरत्नम सर, आपने उनकी फिल्मों में भी काम किया है। आपने अपनी क्षमता दिखाई है और अब दुनिया आपको बड़े मंच पर देखेगी। मैं वाकई बहुत खुश हूं और मुझे आप पर बहुत गर्व है। थैंक्यू सारा।

### 5 दिसंबर को रिलीज होगी फिल्म

'धुरंधर' की बात करें तो आदित्य धर द्वारा निर्देशित फिल्म 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म में रणवीर सिंह के अलावा अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और सारा अर्जुन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।



# लोगों को हंसा-हंसाकर रुलाएगी मस्ती 4

**मस्ती और क्या कूल हैं हम जैसी फिल्म फ्रेंचाइजी के जरिए भारतीय सिनेमा में अडल्ट कॉमिडी जॉनर को मजबूती देने वाले राइटर-डायरेक्टर मिलाप जवेरी एक लंबे अरसे बाद अब इसी कड़ी में मस्ती 4 लेकर आ रहे हैं। इन दिनों अपनी पिछली फिल्म एक दीवाने की दीवानियत की सफलता एंजॉय कर रहे मिलाप जवेरी से उनके फिल्म चॉइसेज को लेकर खास बातचीत -**

**आज रियलिस्टिक और ग्लोबल फिल्मों का दौर है। आपको क्यों लुभाता है यह 90 वाला कमर्शल सिनेमा?**

थिएटर में कर्मशल सिनेमा ही आखिर में चलता है। आप इस साल की चार बड़ी फिल्में ले लीजिए, छावा, सैयारा, रेड 2 और एक दीवाने की दीवानियत, ये सभी कमर्शल कहानियां हैं। कोई आर्ट हाउस सिनेमा नहीं है। सभी अपने-अपने ढंग से एंटरटेन करती हैं और ऑडियंस को एंटरटेन करने वाला कमर्शल सिनेमा ही चाहिए। जितना हम उससे दूर भागेंगे, हर साल हमारी फिल्मों की सफलता उतनी कम होती जाएगी। जितना हम ग्लोबल होने के चक्कर में पड़ेंगे, उतना अपनी जड़ों, अपने देसीपन भूलते जाएंगे और गलतियां करते जाएंगे। इसलिए, मेरी कोशिश तो हमेशा यही रहेगी कि मैं कमर्शल और मनोरंजक फिल्में ही बनाऊं, क्योंकि जब हम अपनी मिट्टी से जुड़ी कहानियां नहीं बताते तो ऑडियंस हमसे दूर हो जाती है। एक दीवाने की दीवानियत को जो लोग बोल रहे हैं कि 90 के दौर की कहानी है, वो यह भी देखें कि उसी 90 के दौर की कहानी को दर्शकों ने 100 करोड़ के पार पहुंचा दिया। मुझे उम्मीद है कि जैसे दीवानियत ने लोगों को रुलाया, वैसे मस्ती 4 हंसा-हंसा कर रुलाएगी।

**मतलब आपका कहना है कि बॉलिवुड फिल्ममेकर्स ऑडियंस को पहचानने में भूल कर रहे हैं?**

बिल्कुल, हम आलोचकों को बहुत गंभीरता से लेते हैं। हम सिर्फ शहरी दर्शकों को खुश करने में एक्स्ट्रा मेहनत करते हैं और भूल जाते हैं कि इंडिया भारत में बसा हुआ है और उस भारत को मनोरंजन चाहिए, ज्ञान नहीं चाहिए। अगर हम दर्शकों को मनोरंजन देते रहेंगे, चाहे लव स्टोरी हो, ऐक्शन हो या कॉमिडी, वे उसे हमेशा सुपरहिट बनाएंगे। मैं हमेशा मास के लिए फिल्म बनाने की कोशिश करता हूं क्योंकि हमारे थिएटर में मास ऑडियंस ही आती है।

**मस्ती फ्रेंचाइजी को वापस लाने का ख्याल क्यों आया? जबकि, आपके लीड ऐक्टर की उम्र 40-50 के पास पहुंच चुकी है?**

मस्ती एक सदाबहार इमोशन है। आप 20 साल के हो, 40 के या 50 के, मस्ती करने का सोचता हर कोई है। वो करे या न करे, सोचता तो है तो आज भले विवेक ओबरॉय, आफताब शिवदासानी, रितेश देशमुख की उम्र और कमर अलग है, मगर पर्दे पर मस्ती वे अब भी उतनी ही करते हैं। फिर, मस्ती रितेश, विवेक और आफताब के बगैर बन ही नहीं सकती। ये तीनों इसके अमर अकबर एंथनी हैं। इसके स्तंभ हैं और जब भी ये तीनों एक साथ आते हैं तो पब्लिक हंस हंसकर लोटपोट हो जाती है। तभी लोगों ने इस फ्रेंचाइजी को इतना प्यार दिया है, तो जब हमें इसे आगे बढ़ाने लायक कहानी मिली तो हम चौथा पार्ट लेकर आ गए हैं। बाकी, ये तो अच्छा है कि कुछ सालों से ये जॉनर पर्दे पर नहीं आया है तो लोगों को इसे देखने को लेकर ज्यादा उत्सुकता है क्योंकि जब आप लोगों को कुछ चीजों से वंचित रखते हैं तो उसकी एक्साइटमेंट कहीं ज्यादा होती है।

**क्रिटिसिजम को कैसे लेते हैं?**

वो तो पार्ट एंड पार्सल है इस जॉनर का। इस जॉनर को हमेशा ऐसी ही ट्रोलिंग मिली है, मगर ऑडियंस ने हमेशा प्यार दिया है तो मुझे ट्रोल्स की फिक्र नहीं होती है। उनकी राय उनको मुबारक हो। हम तो उन ऑडियंस के लिए ये बना रहे हैं, जिन्हें ये शरारतें, मस्ती, ये ह्यूमर और डबल मीनिंग जोक्स पसंद आता है। यह फिल्म उन ऑडियंस के लिए बनी है, अगर आपको ये चीजें नहीं पसंद आती हैं तो आप यह फिल्म मत देखिए।

**रितेश देशमुख और जॉन अब्राहम के साथ आपके रिश्ते की मजबूती का क्या राज है?**

इन दोनों का ही जन्मदिन 17 दिसंबर को होता है तो इस दिन की कुछ तो खास बात जरूर होगी, क्योंकि दोनों मेरे दिल के बहुत करीब हैं। रितेश ने हमेशा मेरा साथ दिया है। वह मेरे मित्र भी हैं। मेरे सेठ जी भी हैं। जॉन (अब्राहम) को मैं मेरा हल्क बुलाता हूं। जॉन ने मुझे सत्यमेव जयते के साथ एक नया करियर दिया था और वे आज भी मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। इन दोनों ने हर अच्छे-बुरे वक्त में मेरा साथ दिया है।





# श्रृंगार आपके व्यक्तित्व में लगाए चार चांद

**शादियों का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में सजने-संवरने की आकांक्षा को पंख लग ही जाते हैं। कुछ बातों का ध्यान रख कर आप ऐसे मौसम में अपनी खूबसूरती को और निखार सकती हैं। पारंपरिक श्रृंगार आपके रूप-रंग में चार-चांद लगा देते हैं। यदि आप भी पारंपरिक रंग में अपने आप को रंगने की सोच रही हैं तो ऐसे मौके पर लहंगा, साड़ी या सूट को अपने लिए चुन सकती हैं।**

परफेक्ट शुरुआत के लिए सबसे पहले फेस प्राइमर लगाएं। इसे लगाने से चेहरे की छोटी-छोटी खामियां जैसे फाइन लाइन्स, ओपन पोर्स और पिट्स भर जाएंगे और मेकअप भी लंबे समय तक टिका रहेगा। सर्दियों के इस मौसम में बेस ऐसा हो, जो आपकी त्वचा को फ्लॉलेस लुक देने के साथ-साथ उसे मॉइश्चराइज भी करें। ऐसे में फाउंडेशन के तौर पर टिंटिड मॉइश्चराइजर लगाएं। इससे त्वचा मुलायम हो जाएगी और ग्लोइंग नजर आएगी। त्वचा पर यदि कोई एक्ने या स्कॉर्स है तो उसे कंसीलर की मदद से कंसील कर लें।

अपनी त्वचा टोन से मैच करता ब्लशऑन लगाएं। जैसे गोरे मुखड़े पर पिंक कलर का ब्लशऑन इस्तेमाल करें और यदि सांवली हैं तो आप पर पीच शेड का ब्लशर बहुत अच्छा लगेगा। नाक के दोनों साइड, चीक्स बोंस और डबल चिन को छुपाने के लिए डार्क ब्राउन शेड के ब्लशऑन से कॉन्टोरिंग कर लें। इससे आपका फेस पतला नजर आएगा। चीक्स बोन्स पर हाइलाइटर जरूर इस्तेमाल करें।

इन दिनों ऑरेंज, रेड और वाइन शेड काफी चलन में हैं। अपनी आंखों को इन शेड्स से सजाएं और आईब्रोज के नीचे वनीला शेड से हाइलाइट करें। ये इस मौसम में और भी खूबसूरत लगेंगे। इसलिए आई-मेकअप करते वक्त इन्हें जरूर शामिल करें। अपनी आंखों को ब्लैक जैल आइलाइनर से खूबसूरत शेप दें और आंखों में काजल जरूर लगाएं।

इस मौके पर आंखों के आउटर या इनर कॉर्नर पर स्वरोस्की का इस्तेमाल करने से आई-मेकअप और भी खूबसूरती से उभर कर आएगा। पलकों पर मसकारा का डबल कोट लगाकर उन्हें लंबा व खूबसूरत दिखाएं।

## लिप्स का पूरा ध्यान रखें

आंखों पर डार्क मेकअप करने के बाद लिप्स पर ब्रॉन्ज या रस्ट शेड की लिपस्टिक लगाएं। इसके बाद लिप सीलर से लिप्स को सील कर दें। इसे लगाने से लिपस्टिक देर तक टिकी रहेगी और लिप्स शाइन भी करेंगे। अपने श्रृंगार में पूरी तरह ट्रेडिशनल लुक लाने के लिए बिंदी भी लगा सकती हैं। ब्रेड्स इन दिनों काफी चलन में हैं। बालों में फिशटेल, फ्रेंच चोटी या साइड चोटी बनाएं और चोटी को स्वरोस्की जडिम्त हेयर एक्सेसरीज से सजाएं। बालों में कलर्स करवाकर उसे खुले छोड़ सकती हैं। फ्रंट से हाई पफ बनाकर एक साइड से टक कर लें और दूसरे साइड पर कलर्स रख लें। टक करने के लिए हेयर एक्सेसरीज का इस्तेमाल करें।



# बच्चे का गुस्सा नहीं है अच्छा

**आजकल के बच्चों को भी तुरंत गुस्सा आता है। छोटी-छोटी बातों पर कहासुनी तक तो ठीक है, पर अगर आपका बच्चा मारपीट करके घर आ रहा है तो आपको इस बात को गंभीरता से लेना होगा। यह जानना होगा कि इस व्यवहार के पीछे क्या कारण है और उसमें सुधार कैसे संभव है। अगर समय पर आपने सही कदम नहीं उठाया तो भविष्य में आपकी परेशानी बढ़ सकती है।**

बच्चे तो शरारती होते ही हैं। पर वे जितना शरारत में तेज होते हैं उतना ही पढ़ाई और दूसरे कामों में भी हो सकते हैं, बशर्ते उन्हें सही दिशा मिले। आप उनकी ऊर्जा को सही दिशा में लगा सकें। अगर उन्हें कहीं से भी सही प्रोत्साहन न मिले और हमेशा उनकी गलतियों पर टोका-टाकी या डांट-फंटकार ही लगाई जाए तो ऐसे बच्चे अति उत्साह में कभी-कभी गलत काम भी कर बैठते हैं। एक छोटी-सी बात पर कई बार बच्चे झगड़ा एवं मार-पीट करते हैं और एक-दूसरे को हानि पहुंचा देते हैं।जब इस तरह की घटनाएं बढ़ने लगती हैं तो बच्चे का व्यवहार भी आक्रामक होता जाता है। दरअसल, बचपन में मां-बाप और शिक्षक बच्चे को कुम्हार की तरह उनके विचारों को रचते हैं। इसलिए मां-बाप और शिक्षकों को समय-समय पर सही और गलत के ज्ञान के साथ-साथ हर परिस्थिति में सामंजस्य बैठाना सिखाना चाहिए। बच्चों में स्कूल, घर और बाहर में कई कारणों से झगड़े होते हैं जो कई बार उग्र रूप ले सकते हैं। इन झगड़ों में किसी बच्चे की चीज उससे बिना पूछे लेना, सहपाठियों का मजाक उड़ाना, खुद शरारत करके दूसरे बच्चे का नाम लगा देना, सहपाठी या दोस्त को थप्पड़ मार देना आदि आम है। पर, अगर सही समय पर इन गलत आदतों को न रोका जाए तो ये बच्चे के व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाती हैं। कई बार बच्चा घर के सदस्यों को छोटी-छोटी बात पर झगड़ते देखता है तो वो बातें उसके दिमाग में घर कर जाती हैं उसके व्यवहार में भी वो बातें आ जाती हैं। अगर घर में एक बच्चे को दूसरे बच्चे से ज्यादा तवज्जो मिले या फिर घर में बड़े-बुजुर्ग अधिक लाड़-प्यार में बच्चों के गलत बातों को नजरअंदाज कर दें, तो भी ऐसा होता है।

## मैं नहीं हूं लड़ाकू

बच्चों को छोटी-छोटी बातें सिखानी चाहिए। जैसे गलती करने पर सॉरी बोलना या गलती मानना। किसी दूसरे का सामान इस्तेमाल करने से पहले उससे पूछना। ऊंची आवाज में बात नहीं करना आदि। उनके गलत व्यवहार को इस तरह से समझाना कि यदि उनके साथ कोई ऐसा करे तो उन्हें कैसा लगेगा। बच्चों को दूसरों की वस्तुओं की कद्र करना सिखाना चाहिए। आपको अपने बच्चे को यह सिखाना होगा कि नकारात्मक परिस्थिति में उसे कैसा व्यवहार करना चाहिए। अगर वह बहुत नाराज है तो उसे समझाना चाहिए कि वह अपने गुस्से पर कैसे काबू रखे, जैसे थोड़ी देर चुप रहना, कहीं और देखना, पानी पीना या थोड़ी देर के लिए वहां से चले जाना, उल्टी गिनती गिनना इत्यादि। आप उसके लिए स्वयं को उदाहरण बनाकर पेश करें। बच्चों की अपनी बुराई सुनना सिखाना चाहिए। इससे भविष्य में अगर कोई उसके सामने ही उसकी बुराई करेगा, तो वह उत्तेजित नहीं होगा और उसे सकारात्मक तौर पर लेगा। संभव है कि अपनी बुराई सुनकर वह खुद में सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश भी करे। बच्चा चिड़चिड़ापन या झगड़ालू व्यवहार का ना हो इसके लिए घर में हर समय खुशी का माहौल होना चाहिए। घर में ज्यादा से ज्यादा समय एक दूसरे के साथ गुजारें। हर छोटी-सी खुशियां शेयर करें। बच्चों को मार-पीट से दूर रहने की सलाह दें। झगड़ालू या दबंग बच्चों से दोस्ती न रखने की सलाह दें। उनकी संगत पर नजर रखें।



# जब सर्दी में स्टाइलिश दिखना हो लाएं स्टोल

**ठंडक बढ़ने लगी है तो आपने स्वेटर और जैकेट भी निकाल लिए होंगे, लेकिन फैशन के इस युग में स्टोल्स भी खूब आकर्षित करते हैं।**

जब लगने लगे हल्की सर्दी या ठंडी हवाओं से बचाना हो कान और सिर को या फिर देना हो स्वेटर्श के साथ स्टाइलिश लुक तो नजर डालें स्टाइलिश स्टोल्स व मफलर्स पर।

## कैसे-कैसे स्टोल्स

ठंडी पुरवाई चलने लगी है। अब बिना गरम कपड़ा ओढ़े भला कैसे रहा जा सकता है। ये बात और है कि इस मौसम में किसी को जैकेट लुभाती है तो किसी को हाई नेक व स्वेटर पसंद आते हैं। सर्दियों की ड्रेसिंग की बात करें तो एक ऐसी ड्रेस भी है, जो शान बढ़ाती है। जी हां, वह है स्टोल व मफलर्स। स्टोल न सिर्फ जीन्स, टॉप, ट्राउजर व कोट पर अच्छे लगते हैं, बल्कि सूट और साड़ी के साथ भी जंचते हैं और यही नहीं, ट्रेंडी वेस्टर्न आउटफिट्स जैसे ईवनिंग गाउंस और सिंगल पीस ड्रेसेस पर भी खूब लगते हैं स्टोल्स। जितना पोशाक की शान बढ़ाते हैं, उससे कहीं ज्यादा वैरायटी इनके आकार, रूप, डिजाइन और स्टाइल में भी उपलब्ध है। पोंचो स्टाइल, मफलर स्टाइल, चोकोर आकार वाले, शालनुमा स्टोल आदि। विभिन्न फैब्रिक जैसे सिल्क, पश्मीना, शनील, वुलन, नेट आदि प्योर व मिक्स, सभी तरह के फैब्रिक में प्रिंटेड तथा एम्ब्रॉयडेड, दोनों प्रकार के उपलब्ध हैं। ये बुने हुए, हैंडवर्क, मशीन वर्क वाले अनेक रंगों में उपलब्ध हैं।

## कीमत भी अधिक नहीं

स्टोल का इस फैशनेबल युग में इतना ज्यादा चलन है कि यह हर तरह के बाजार की जान हैं। यह सरोजनी नगर, जनपथ से लेकर ब्रांडेड शॉप्स, डिजाइनर शो रूम्स, यहां तक कि स्टेट एम्पोरियम, फेयर आदि में भी खूब मिलते हैं। स्टोल के बारे में आपको बजट को लेकर ज्यादा सोचने की आवश्यकता नहीं, क्योंकि यह कम बजट में भी उपलब्ध हैं। यह औसतन 200 रुपए से लेकर 1500 रुपए तक काफी वैरायटी में मिल जाते हैं। स्टोल के संबंध में डिजाइनर अनुराधा रामम कहती हैं कि गले में डालने वाले वे स्टोल बहुत खूबसूरत लगते हैं, जो सामने ट्राईएंगल शेप देते हैं। वैसे इस साल नए डिजाइन में आप मल्टी डाइंग, मल्टी पैचिंग वाले बोल्ड कलर्स में स्टोल ट्राई कर सकते हैं।

## मफलर स्टाइल

लड़कों में तो मफलर का चलन काफी समय से है। समय के साथ इनके रंग पैटर्न और डिजाइन में बदलाव आता रहा है। आजकल चौक, धारियों, एब्सट्रैक्ट आदि के विभिन्न डिजाइन वाले मफलर युवाओं में कोट के साथ भी डैशिंग लुक देते हैं। लड़कों के मफलर साइज के स्टोल युवा लड़कियों के लिए भी ट्रेंड में हैं। इनमें वैरायटी भी खूब है। नेट का आजकल काफी फैशन है, फिर चाहे सूट हो, साड़ी हो या टॉप ही क्यों न हो, भला स्टोल इनसे अछूते कैसे रह सकते हैं। इनमें नेट पर वेलवेट या वेलवेट मिक्स यानी वेलवेलीन और वुलन के सामंजस्य से बेहद आकर्षक स्टोल आज की शान बने हुए हैं। इनमें सिकुईंस और बीड वर्क या स्पार्कल वर्क हो तो ये पार्टी के लिए भी काफी उपयुक्त होते हैं। इन मफलर स्टाइल में कुछ ऐसे भी होते हैं, जिन्हें युवा लड़के-लड़कियां, दोनों ओढ़ सकते हैं। खादी वुलन के बुने हुए शॉलनुमा यह शॉल से थोड़े छोटे आकार के होते हैं। इनकी लम्बाई और खासकर चौड़ाई थोड़ी कम होती है। शॉल को ओढ़ने पर तीन फोल्ड आते हैं, जबकि इनमें दो ही फोल्ड आते हैं। यह प्रिंटेड से लेकर हैवी वर्क तक सभी तरह के स्टाइल में मिलते हैं। इस बार फ्लावर प्रिंट और फिगर प्रिंट वाले स्टोल ट्रेंड में हैं। इनमें करोशिए या वुलन वीविंग पर बीड्स वर्क तो बहुत ही जंचता है।

## पोंचो स्टाइल

इनमें नैक काफी आकर्षक होता है। जैसे स्टाइलिश फॉलिंग नैक या राउंड नैक आदि। यह फ्रंट ओपन भी होते हैं। इनको गले से पहना जाता है और इनमें आस्तीन की शेप नहीं होती। यह गले से लेकर हाथ तक कवर कर लेते हैं। इनको अधिक स्टाइलिश लुक देने के लिए फ्रंट ओपन भी मिलने लगे हैं। यह बॉडी पर सामने यु, ट्राईएंगल या डाईगनल कट में आते हैं। इनके किनारों पर लगे विभिन्न झालर, बीड्स, लैस, फुंदने आदि इसे और आकर्षक बनाते हैं। यह मफलर स्टाइल से थोड़े ज्यादा रेंज के होते हैं।

## ग्रिल्ड टोमैटो एंड ब्री सैंडविच

**सामग्री** – 8 स्लाइस आटा ब्रैड, 1 टेबलस्पून ऑलिव ऑयल, 1 लहसुन की तुर्री बीच से कटी हुई, 2 टेबलस्पून सरसों के दाने, 4 ब्री चीका की पतली परत, 1 1/3 कप पैकड बेबी शाक ( हरी पत्तेदार सब्जियां) तथा पालक, 8 स्लाइस टमाटर पतली कटी हुई कुकिंग स्प्रे

**विधि** – ग्रिल को उच्च ताप पर तैयार करें, प्रत्येक ब्रैड स्लाइस की एक तरफ ब्रश से ऑयल लगाएं। ब्रैड पर लगे तेल पर लहसुन को रगड़ें। ब्रैड स्लाइस के तेल लगे हिस्से को नीचे की ओर रख प्रत्येक स्लाइस पर सरसों बिखराएं और चीका, 1/3 कप पालक तथा टमाटर स्लाइस रखें। बाकी बचे ब्रैड स्लाइस ऑयल साइड ऊपर कर इनके ऊपर रख दें। अब सैंडविच को ग्रिल में रखें तथा कुकिंग स्प्रे करें और कम से कम 2 मिनट के लिए ग्रिल करें ताकि सैंडविच अच्छी तरह रोस्ट हो जाएं और चीका मैलट हो जाए। आप के सैंडविच तैयार हैं, इन्हें आप 4 लोगों में सर्व कर सकती हैं।



# आपके आंगन खिलखिलाएगा बचपन

**आई यू आई तकनीक उन दपंतियों के लिए वरदान है जो गर्भधारण न कर पाने की समस्या से परेशान हैं। यह न केवल एक आसान प्रक्रिया है, बल्कि इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं हैं।**



हर महिला मां बन कर ही खुद को संपूर्ण महसूस करती है। घर में बच्चे की किलकारी सुनकर एक मां का दिल गुलजार हो उठता है। लेकिन कुछ महिलाएं ऐसी भी हैं, जिनका मां बनने का सपना पूरा नहीं हो पाता। ऐसी ही कुछ महिलाओं में से एक है मीता, जो शादी के बाद किसी वजह से गर्भधारण नहीं कर पा रही थी। ऐसे में वह तनाव, गुस्सा और अकेलापन महसूस करने लगी, साथ ही समाज के तानों से बचने के लिए वह रिश्तेदारों से भी दूर होने लगी। पर, जब उसके डॉक्टर ने उसे इंट्रायूटराइन इनसिमीनेशन (आई यू आई) नाम के एक तकनीक के बारे में बताया, तो उसे अपनी समस्या का हल दिखता नजर आया।

आजकल तनाव, व्यस्त जीवनशैली और प्रदूषित वातावरण के कारण कई दपंतियों को प्राकृतिक तरीके से गर्भधारण करने में दिक्कत होती है। कई युवा आजकल शादी देर से करते हैं और कई बार गर्भधारण जैसे विषय को गंभीरता से नहीं लेते। जब बच्चे की कमी महसूस होने लगती है तो काफी उम्र निकल जाती है, जिससे गर्भधारण में काफी जटिलता आ जाती है। यही नहीं, इससे दपंति को बहुत मानसिक तनाव हो जाता है, जिसका सीधा असर उनके गर्भधारण पर पड़ता है। पर, ऐसा नहीं है कि इसका कोई हल नहीं है। आजकल कई युवा दपंति कृत्रिम गर्भधारण तकनीकों के जरिए अपने मां-बाप बनने का सपना पूरा कर रहे हैं। आई यू आई भी इन्हीं कृत्रिम गर्भधारण के तकनीकों में से एक है।

## क्या है आई यू आई?

आई यू आई तकनीक के तहत तेजी से बढ़ रहे शुक्राणुओं को सीधे ही महिला के गर्भाशय में रख दिया जाता है, जिससे गर्भधारण की संभावना बहुत ज्यादा बढ़ जाती है, क्योंकि शुक्राणुओं को अंडे के करीब रखा जाता है। इस प्रक्रिया में क्षतिग्रस्त और गतिहीन शुक्राणुओं को अलग करके स्वस्थ शुक्राणुओं को महिला के गर्भ में डाला जाता है। बेहतरीन गुणवत्ता के शुक्राणुओं को 36 से 40 घंटे के बाद एक छोटी नलिका (एक बेहद नरम लचीली टयूब) की मदद से गर्भाशय ग्रीवा (गर्भ का द्वार) में रखा जाता है।

आई यू आई तकनीक अपनाने से पहले फैलोपियन ट्यूब की जांच की जाती है। फैलोपियन ट्यूब में किसी भी तरह की रुकावट को देखने के लिए लेप्रोस्कोपी और डाई टेस्टिंग दोनों बहुत अहम प्रक्रिया हैं। लेप्रोस्कोपी के दौरान बहुत ही बारीक टेलीस्कोप को यूट्रस की कैविटी में डाला जाता है। अगर यूट्रस की कैविटी में किसी रुकावट का पता चलता है तो पहले उस रुकावट को हटाया जाता है।

## दवाओं की मदद भी ली जाती है

आई यू आई की सफलता सुनिश्चित करने के लिए दवाओं का इस्तेमाल भी किया जाता है। दवा के द्वारा अंडों के प्रोडक्शन में सुधार किया जाता है। आई यू आई में ज्यादा सफलता पाने के लिए इस प्रक्रिया को उस दिन किया जाता है, जिस दिन से महिला को पीरियड्स शुरू होता है। महिला को पीरियड शुरू होने का सही दिन पता चल सके, इसके लिए उसे ओव्यूलेशन किट दी जाती है। इसके अलावा पीरियड्स के दौरान महिला का योनि मार्ग द्वारा अल्ट्रासांउड या फिर रक्त जांच की जाती है।जिस दिन इस प्रक्रिया को किया जाता है, उस दिन शुक्राणुओं को इकट्ठा कर उनमें से क्षतिग्रस्त और गतिहीन शुक्राणुओं को अलग करके स्वस्थ शुक्राणुओं को अलग किया जाता है। इसके बाद लगभग 36 से 40 घंटे बाद एक छोटी ट्यूब की मदद से शुक्राणुओं को गर्भ में रखा जाता है। इस पूरी प्रक्रिया को करने में कुछ ही मिनट का समय लगता है और आमतौर पर यह दर्दरहित प्रक्रिया होती है।

### कब लें इस तकनीक का सहारा

- गर्भधारण न होने का अस्पष्ट कारण
- ओव्यूलेशन में समस्या
- शुक्राणुओं की संख्या कम होना
- शुक्राणुओं की गतिशीलता कम होना
- गर्भाशय ग्रीवा की स्थिति शुक्राणुओं के अनुकूल न होना
- शीघ्रपतन होना
- काफी सरल है यह प्रक्रिया
- आमतौर पर दर्द नहीं होता। लेकिन कई महिलाओं को माहवारी के दौरान होने वाला दर्द महसूस हो सकता है
- कुछ ही घंटों में महिला घर जा सकती है
- आई यू आई की प्रक्रिया के बाद कोई दवा लेने की जरूरत नहीं पड़ती
- इस प्रक्रिया में व्यक्ति को बेहोश करने की जरूरत नहीं पड़ती
- इस प्रक्रिया में कुछ मिनटों का ही वक्त लगता है